रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 25 नवम्बर 2020 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 95 मूल्य 3.00 ₹

भ्रष्टाचार की दंश झेल रही नल-जल योजना, केंद्र सरकार से अब तक नहीं मिली टेंडर की अनुमति

पायनियर खास

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र
जलजीवन मिशन में हुई अनियमितताओं की जांच केन्द्रीय एजेन्सियों से करने की मांग
पायनियर ने प्रमुखता से उठाया था मुद्दा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अनियमितताओं की शिकायत के बाद निरस्त कर दिए हैं सभी ठेके
बेलगाम अधिकारियों पर नकेल कसने मुख्यमंत्री भूपेश ने पीएचई के सिकेट्री चम्पावत से छीना विभाग, हो सकती है बड़ी कार्रवाई
पायनियर
तकरीबन 15000 हजार करोड़ की योजना कार्य प्रारम्भ होने से पहले भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी
अब नए सिरे से टेन्डर जारी करने की तैयारी
पायनियर खबर का असर

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य के ग्रामीण अंचलों में बेहतर पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने केंद्र ने जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल पहुंचाने बनाई गई योजना में गड़बड़ी के कारण राज्य सरकार ने इसके टेंडर जिलास्तर से कराने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था, लेकिन केंद्र को भेजे गए पत्र का जवाब अब तक नहीं आया है।

इसके कारण प्रक्रिया अभी लंबित है। शुरुआत में ही टेंडर में बड़े पैमाने से गड़बड़ी के बाद काम शुरू नहीं हो पाया है। अगस्त से लागू हुई योजना में राज्य के सभी जिलों की ग्रामीण बसाहटों को जोड़ा गया है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में 41.32 लाख परिवारों को 2023 तक घरेलू नल कनेक्शन से जोड़ा जाना था। इसके लिए 7 हजार करोड़ आबंटित है। कार्य के बंटवारे में भारी अनियमितता सामने आई है। पीएचई विभाग ने नियमों को शिथिल कर टेंडर का बंटवारा किया। अनियमितता उजागर होने के बाद टेंडर प्रक्रिया निरस्त की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त करने बनाई जा रही इस योजना को समय पर पूरा करने में देर से योजना पर व्यापक रूप से असर पड़ेगा। अब तक राज्य के पीएचई विभाग ने हर जिले का टेंडर कर ठेकेदारों को कार्य आबंटित कर दिया था। अंग्रिम कार्य बंटवारे में स्थानीय ठेकेदारों को दूरस्थ क्षेत्रों में कार्य का आबंटन कर दिया गया था।

मामले में ठेके में स्थानीय ठेकेदारों को जिले के आधार पर काम आवंटित कराए जाने की मांग को देखते हुए जिला कलेक्टरों के माध्यम ठेके की पहल की गई है। मुख्यमंत्री ने इसे देखते हुए एक पखवाड़े पहले केंद्र सरकार से जिला स्तर पर कार्य आबंटन करने की अनुमति देने पत्र लिखा, लेकिन केंद्र ने अब तक इस पत्र का कोई जवाब नहीं दिया है। राज्य में इसके कारण योजना पर काम रुका हुआ है। मिशन में कार्य पूरा करने चरणबद्ध लक्ष्य तय किया गया है, जो पिछड़ने की संभावना है। नए और बाहरी ठेकेदारों को काम लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पर आरोप लगाया गया है कि बाहर से आए नए ठेकेदारों को बगैर अनुभव देखे ही काम दे दिया गया था। जल जीवन मिशन के तहत पीएचई विभाग से अभी 7 हजार करोड़ रुपए के ठेकों के आबंटन की प्रक्रिया चल रही है। आरोप है कि करीब 6 हजार करोड़ रुपए का ठेका राज्य के बाहर की कंपनियों को दे दिया गया था।

क्विक न्यूज

भगवान वेंकटेश्वर की पूजा के लिए कोविंद तिरुमाला पहुंचे

तिरुपति। राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद अपने परिवार के सदस्यों के साथ मंगलवार को नयी दिल्ली से भारतीय वायु सेना के विशेष विमान से आज यहां पहुंचे। श्री कोविंद और उनके परिजन आज तिरुमाला मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी की पूजा अर्चना करेंगे। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल विश्वासभूषण हरिचंदन, मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी, टीटीडी के अध्यक्ष वाई वी सुब्बा रेड्डी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने रेनिगुन्टा हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति अगुवानी की। श्री कोविंद भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन से पहले यहां के तिरुचूरूर में देवी पद्मावती अम्मावारू की पूजा करेंगे।

टी-20 में विराट-रोहित के बीच कप्तानी पर भिड़े गंभीर और आकाश

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी गौतम गंभीर ने टी-20 टीम कप्तानी पांच बार के आईपीएल विजेता रोहित शर्मा को सौंपने की वकालत की है जबकि कमेंटेटर और पूर्व खिलाड़ी आकाश चोपड़ा मौजूदा कप्तान विराट कोहली को ही खेल के तीनों प्रारूपों में कप्तान बनाये रखने के हक में हैं। पूर्व भारतीय खिलाड़ियों गौतम गंभीर, आकाश चोपड़ा और पार्थिव पटेल ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम क्रिकेट कनेक्टेड में रोहित और विराट में से कौन बेहतर कप्तान है को लेकर चर्चा की, जिसमें तीनों खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी राय व्यक्ति की। इन दिनों दरअसल यह चर्चा बहुत जोरों पर है कि क्या टी-20 की कप्तानी रोहित को सौंप दी जाए।

रुपया 10 पैसे मजबूत

मुंबई। दुनिया की प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर के मजबूत होने के बावजूद घरेलू शेयर बाजार में रही तेजी के दम पर मंगलवार को अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 10 पैसे की मजबूती में 74.01 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। गत दिवस पांच पैसे की बढ़त में 74.11 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। घरेलू शेयर बाजार की तेजी से समर्थन पाकर रुपया आज एक पैसे की बढ़त के साथ 74.10 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान रुपया 74.12 रुपये प्रति डॉलर के दिवस के निचले और 73.88 रुपये प्रति डॉलर के दिवस के उच्चतम स्तर के बीच रहा। अंत में यह गत दिवस की तुलना में 10 पैसे की बढ़त में 74.01 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

राज्य में कोरोना संक्रमण की स्थिति नियंत्रण में : भूपेश बघेल

मुख्यमंत्री शामिल हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आयोजित मुख्यमंत्रियों की बैठक में

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आयोजित मुख्यमंत्रियों की बैठक में शामिल हुए। बैठक में विभिन्न प्रदेशों में कोरोना संक्रमण से रोकथाम और बचाव के उपायों की समीक्षा की गई और निकट भविष्य में आने वाले वैक्सिन लगाने के लिए तैयारियों और कार्य योजना पर विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बैठक में बताया कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण की स्थिति नियंत्रण में हैं। प्रतिदिन 23 हजार टेस्टिंग की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में पहले कोरोना का संक्रमण नहीं था। बाद में कुछ बढ़ा है। यहां मितानिनों ने कोरोना संक्रमण रोकथाम में अच्छा कार्य किया है। अस्पतालों में आक्सीजन की सुविधा वाले बेड और आईसीयू बेड की संख्या में वृद्धि की गई है। सभी मेडिकल कॉलेजों में आरटीपीसीआर की सुविधा है। टेस्टिंग के लिए चार नये लैब स्थापित किए गए हैं। माह अक्टूबर के बाद कोरोना के नये केसो में गिरावट हुई है। कोरोना के केसो में 50 प्रतिशत की कमी आई है। टेस्टिंग में कोई कमी नही की गई है। उन्होंने बताया कि माह जुलाई में प्रदेश में पाजिटीव केस 4 प्रतिशत थे, अगस्त में 8 प्रतिशत, सितम्बर में 15 प्रतिशत, अक्टूबर में 10.5 प्रतिशत, नवम्बर में 7 प्रतिशत मिले हैं। माह अक्टूबर-नवम्बर में मृत्युदर एक प्रतिशत रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि शुरूआत में छत्तीसगढ़ के कोरोना के केस बहुत कम थे, लेकिन अन्य राज्यों से आने वालों के कारण संक्रमण बढ़ा। उन्होंने कहा कि अब तक 23 लाख टेस्ट हुए हैं। मेडिकल कॉलेजों में ऑक्सीजन प्लॉट लगाए जाएंगे। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, मुख्य सचिव आर.पी.मंडल, पुलिस महानिदेशक डी.एम. अवस्थी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य रेणु जी पिल्ले, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला और संचालक स्वास्थ्य नीरज बंसोड़ उपस्थित थे।

'सूट बूट की सरकार' है चंद पूंजीपतियों की मित्र : राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पर तंज कसते हुए आज फिर कहा कि यह 'सूट बूट की सरकार' है और पूंजीपतियों के हितों को सुरक्षित करने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि कि सरकार सिर्फ अपने उद्योगपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए व्यवस्थित तरीके से तथा धीरे-धीरे काम कर रही है। उसका मकसद सिर्फ पूंजीपतियों के हित साधने और उनके फायदे के लिए काम करना है। श्री गांधी ने ट्वीट किया, सरकार जिस तरह से काम कर रही है वह क्रोनोलॉजी समझिए - पहले कुछ बड़ी कंपनियों का कर्ज माफ किया। फिर कंपनियों के बड़े स्तर पर टैक्स में छूट दी। अब इन्हीं कंपनियों द्वारा स्थापित बैंकों में जनता की कमाई सीधे जमा करने की तैयारी जर रही है सूट बूट की सरकार। इसके साथ ही उन्होंने एक खबर को पोस्ट की है जिसमें रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन तथा प्रसिद्ध अर्थशास्त्री विरल आचार्य ने भारतीय कारपोरेट घरानों को बैंक स्थापित करने की सिफारिश संबंधी खबर को गलत आइडिया बताया है।

विश्व में कोरोना से 13.95 लाख से अधिक की मौत

वार्ता ◄ वाशिंगटन/रियो डि जेनेरो
www.dailypioneer.com

वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) दुनियाभर में 13.95 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और इससे संक्रमित होने वाले लोगों की संख्या लगातार तेजी से बढ़ते हुए 5.91 करोड़ के पार हो गई है।

कोरोना संक्रमितों की संख्या के मामले में अमेरिका पहले, भारत दूसरे और ब्राजील तीसरे स्थान पर स्थान पर है। वहीं इस संक्रमण से तेजी से मुक्त होने वाले लोगों की संख्या के मामलों में भारत, ब्राजील और अमेरिका क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार विश्व के 191 देशों में कोरोना वायरस से अब तक 5,91,28,645 लोग संक्रमित हुए हैं और 13,95,858 लोगों की मौत हुई है।

कोरोना से सबसे अधिक प्रभावित अमेरिका में अब तक 1,24,14,292 लोग संक्रमित हुए हैं और 2,57,651 मरीजों की मौत हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार



कल्याण मंत्रालय की ओर से मंगलवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 37,975 नए मामले सामने आए और संक्रमितों की संख्या 91.77 लाख के पार पहुंच गयी जबकि स्वस्थ होने वालों की संख्या 86.04 ➤शेष पेज 8 पर

नये मामलों की तेजी थमी, सक्रिय मामले भी घटे

नयी दिल्ली। देश में कोरोना मामलों में पिछले कुछ दिनों से आयी तेजी पर विराम लगा है तथा इस बीमारी को मात देने वालों की संख्या बढ़ने से सक्रिय मामले कम हुए हैं और इसकी दर पौने पांच प्रतिशत के करीब नीचे आ गयी है। गत पांच दिन से 45 हजार से कोरोना संक्रमण के मामले आ रहे थे , लेकिन मंगलवार को नये मामलों में गिरावट आयी और यह संख्या 38 हजार से कम रही। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे में 37,975 नये मामले सामने आये और संक्रमितों का आंकड़ा 91.77 लाख हो गया है। इस दौरान 42,314 मरीज स्वस्थ हुए जिससे सक्रिय मामलों में 4819 की कमी आयी और इसकी संख्या 4.38 लाख हो गयी हैं। इसी अवधि में 480 और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 1,34,218 हो गया है। देश में सक्रिय मामलों की दर 4.78 और रिकवरी दर 93.76 प्रतिशत पर आ गयी है जबकि मृत्यु दर अभी 1.46 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटों में दिल्ली में स्वस्थ होने वालों की संख्या सर्वाधिक 7216 रही जिससे सक्रिय मामले भी सबसे ज्यादा 2883 कम हुए, हालांकि कोरोना संक्रमण से दूसरे दिन भी 121 लोग अपनी जान गंवा बैठे। राष्ट्रीय राजधानी में सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 37,329 हो गयी है। यहां 8512 सं मित अपनी जान गंवा चुके हैं जबकि 4.88 लाख से ज्यादा मरीज अब तक संक्रमणमुक्त हुए हैं। कोविड-19 से सर्वाधिक प्रभावित महाराष्ट्र में सक्रिय मामले 394 बढ़कर अब 82,915 हो गये हैं। राज्य में इस दौरान 30 मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 46,653 हो गया है , वहीं अभी तक 16.54 लाख से ज्यादा लोग कोरोना को मात दे चुके हैं। केरल में स्वस्थ हुए मरीजों की संख्या पांच लाख से अधिक हो गयी तथा सक्रिय मामले कम होकर 64,292 रह गये हैं जबकि 2071 लोगों की मौत हुई है।

एक बार चार्ज करने पर दौड़ेगी 300 से 450 किमी

कई विभागों के अधिकारी जल्द करेंगे ई-कार की सवारी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

नए साल में राजधानी की सड़कों पर ई-कार की सवारी करते कई अधिकारी नजर आएंगे। ई-कार उपलब्ध कराने वाली केंद्र सरकार की कंपनी ने प्रदेश के करीब 50 विभागों को इसका प्रस्ताव दिया है। इस बार जो कार के नए मॉडल आए हैं, वो ज्यादा एवरेज देते हैं। ये कारें नए साल में ही उपलब्ध होंगी। इन कारों की यहां पर अभी डीलरशिप न होने के कारण कारें आने में विलंब हो रहा है। राजधानी की सड़कों पर अभी कुछ सरकारी अफसरों की ई-कारें दौड़ रही हैं। सबसे पहले पावर कंपनी ने तीन कारें खरीदीं। इसके बाद चार और विभागों ने भी ये कारें ली हैं। क्रेडा ने तो एक कार नकद में खरीदी है। इसके अलावा एनआरडीए, स्मार्ट सिटी और अर्बन डेवलपमेंट ने दो-दो कारें ली हैं। एक कार प्रदेश के मंत्री शिव डहरिया भी चला रहे हैं। इस समय जो कारें चल रही हैं, वो एक बार चार्ज होने में सौ किलोमीटर चलती हैं, लेकिन नए साल में यहां भी ऐसी कार आने वाली हैं, जो एक बार चार्ज होने पर तीन सौ से साढ़े चार सौ किलोमीटर चक चलेंगी।

कई विभागों को देंगे ईईएसएल कंपनी ने प्रदेश के करीब 50 विभागों को कारें देने का प्रस्ताव दिया है। कई विभागों की इसमें रुचि भी है। सभी को नई कार आने का इंतजार है। इसके आने के बाद जब यह तय हो जाएगा कि कितनी ईएमआई देनी होगी तो कारों की डिलवरी की जाएगी। कंपनी ने पुलिस विभाग को भी अपनी सभी पेट्रोलिंग वाली कारें बदलने का प्रस्ताव दिया है। पुलिस विभाग ने इस प्रस्ताव को माना और ई-कारों का उपयोग किया तो पेट्रोल के लाखों रुपए की बचत होगी। ई-कारों के उपयोग पर जोर केंद्र सरकार ने देशभर के सरकारी अधिकारियों के साथ मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों के लिए ई-कारों का उपयोग करने पर जोर दिया है। सरकारी विभागों को ई-कारें उपलब्ध कराने के साथ देश के हर राज्य के शहरों में ई-वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाने का जिम्मा भी केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय के ज्वाइंट वेंचर की कंपनी ईईएसएल को दिया गया है। कंपनी ने यहां पर सबसे पहले पावर कंपनी में कारें दीं। इसके बाद अन्य विभागों को भी लगातार कारें दी जा रही हैं। इन कारों के उपयोग से करोड़ों की बचत होगी। अभी जो कारें दी गई हैं, उनमें प्रति किलोमीटर एक रुपए का खर्च आता है, लेकिन अब जो नई कारें टाटा और हुंडई की लाने वाली हैं। इनमें प्रति किलोमीटर का खर्च और कम आएगा। टाटा की कार जहां 17 लाख के आस-पास आएगी, वहीं हुंडई की कार 21 लाख के आस-पास आएगी। नए साल में उपलब्ध होंगी नए मॉडल की ज्यादा एवरेज देने वाली कारें नए साल में आएंगी।

मोदी के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वाराणसी से 2019 के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश शरद अरविंद बोबडे की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय खंडपीठ ने श्री मोदी के निर्वाचन को चुनौती देने वाले सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के पूर्व जवान तेज बहादुर की याचिका खारिज कर दी।

शीर्ष अदालत ने गत बुधवार को मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। पिछली सुनवाई को याचिकाकर्ता तेज बहादुर के वकील प्रदीप यादव ने सुनवाई स्थगित कराने को लेकर काफी जोर लगाया था, लेकिन शीर्ष अदालत ने उनकी मंशा भांपकर ऐसा करने से इन्कार कर दिया था। याचिकाकर्ता के वकील ने खंडपीठ से मामले की सुनवाई स्थगित करने का कई बार अनुरोध किया था, लेकिन न्यायमूर्ति बोबडे वकील की मंशा भांप चुके थे और उन्होंने वकील को बार-बार जिरह करने को कहा था। न्यायमूर्ति बोबडे ने कहा था कि इस तरह सुनवाई बार-बार टाली नहीं जा सकती। यह मुकदमा लंबे समय से चला आ रहा है और चार बार तो वह ही सुन चुके हैं।

दाऊ कल्याण सिंह की सवा सौ एकड़ जमीन राजसात

राजस्व मंडल ने कहा- वारिस का सबूत नहीं

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े दानवीरों में से एक दाऊ कल्याण सिंह की करीब सवा सौ एकड़ जमीन पर अधिकार के एक मामले में छत्तीसगढ़ राजस्व मंडल का एक अहम फैसला सामने आया है। मंडल ने सुनवाई के बाद पूरी विवादित जमीन को राजसात करने का आदेश जारी किया है। इस आदेश में ये भी कहा गया है कि 30 दिनों के अंदर राजसात की कार्यवाही करते हुए जमीन को शासकीय रिकार्ड में शामिल कराया जाए। यह निर्णय छत्तीसगढ़ राजस्व मंडल के अध्यक्ष सीके खेतान ने पारित किया है। आदेश में कहा गया है कि यह विविध प्रकरण उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा पारित आदेश वर्ष 2017, जिसके द्वारा प्रकरण का निराकरण गुण-दोष के आधार पर निराकरण करने राजस्व मंडल के निर्देशित किया गया था। उसके परिप्रेक्ष्य में सुनवाई कर निराकरण किया जा रहा है।

तहसीलदार को दिया गया ये आदेश : राजस्व मंडल ने फैसले में भाटापारा तहसीलदार को आदेशित किया है कि वे दाऊ कल्याण सिंह की पत्नी सरजावती एवं जनक नंदनी के निसंतान फौत होने के कारण उनके नाम पर दर्ज समस्त भूमि को राजसात कर शासकीय मद में दर्ज करें। उक्त भूमि का विधिवत कब्जा तहसीलदार प्राप्त करें व राजस्व रिकार्ड में दुरुस्त कर 30 दिन के अंदर संबंधित कलेक्टर को लिखित में सूचना दें। ये है मामला दाऊ कल्याण सिंह निसंतान थे, उनकी मृत्यु के बाद उनकी दो पत्नियों जनक नंदनी व सरजावती के नाम से दर्ज भूमि के बारे में यह फैसला दिया गया है। दोनों पत्नियों की निसंतान मौत के बाद माल जमादार ने 1983 में इस जमीन को राजसात करने का आदेश दिया था। इस फैसले पर अशोक कुमार अग्रवाल ने आपत्ति करते हुए दावा किया कि सरजावती ने उनके पिता रामजी अग्रवाल को वारिस बनाया था। अपने दावे के पक्ष में उन्होंने कुछ दस्तावेज की फोटोकॉपी पेश की थी, लेकिन मूल दस्तावेज वे पेश नहीं कर पाए थे। तत्कालीन तहसीलदार ने ही इसे खारिज करने का आदेश दिया था। यह पूरा मामला 37 साल से विवादित था। अशोक कुमार ने अपने पिता राममूर्ति अग्रवाल के आम मुख्तियार की हैसियत से नायब तहसीलदार भाटापारा के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत की थी, जिसमें कहा गया था कि जनक नंदनी तथा सरजादेवी की संयुक्त मालिकाना हक की भूमि ग्राम पटपार पटवारी हल्का नंबर 24, कुल खसरा नंबर 49, कुल रकबा 18.257 हेक्टेयर एवं कुल खसरा नंबर 13 कुल रकबा 8.11 हेक्टेयर के अलावा ग्राम हथनी एवं भाटापारा में स्थित भूमियों को जनक नंदनी की मृत्यु सितंबर 1964 में भाटापारा में होने के बाद समस्त जायदाद की मालिक सरजावती थीं। सरजावती की मृत्यु मार्च 1977 में होने के बाद सरजावती ने वसीयतनामा लिखकर यह जमीन राममूर्ति अग्रवाल के नाम की थी, लेकिन सुनवाई के बाद मंडल ने पाया कि वाद भूमि का कोई प्रामाणिक विधिक उत्तराधिकार नहीं है। राममूर्ति के द्वारा कथित वसीयतनामा के आधार पर वादभूमि के दावे को साबित नहीं किया गया है। मंडल ने ये भी कहा है कि वाद भूमि को शासकीय मद में दर्ज करने संबंधी तहसीलदार के द्वारा पारित आदेश 24 फरवरी 1884 विधि सम्मत है। फैसले में ये भी कहा गया है कि राममूर्ति अग्रवाल व उनके वारिसानों को सरजादेवी की किसी भी भूमि पर कोई स्वत्व प्राप्त नहीं है।

लॉकडाउन और नाइट कर्फ्यू की जरूरत नहीं : टीएस सिंहदेव

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में लॉकडाउन को लेकर स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने बड़ा बयान दिया है। स्वास्थ्य मंत्री की माने तो प्रदेश में फिलहाल लॉडकडाउन और नाइट कर्फ्यू की जरुरत नहीं है। प्रदेश में कोरोना की स्थिति कंट्रोल में है। स्वास्थ्य मंत्री ने आगे कहा है कि जहां ज्यादा कोरोना मरीज मिल रहे हैं उसे कंटेनमेंट जोन बनाया जा सकता है। कलेक्टर इसका निर्णय लेंगे। सिंहदेव के मुताबिक मैनपाट में इस तरह की स्थिति बन रही हैं। गौरतलब है कि सीएम भूपेश बघेल अपने निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्रियों की बैठक में शामिल हुए। बैठक में विभिन्न प्रदेशों में कोरोना संक्रमण से रोकथाम और बचाव के उपायों की समीक्षा की गई और निकट भविष्य में आने वाले वैक्सिन लगाने के लिए तैयारियों और कार्य योजना पर विचार-विमर्श किया गया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बैठक में बताया कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण की स्थिति नियंत्रण में हैं। प्रतिदिन 23 हजार टेस्टिंग की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में पहले कोरोना का संक्रमण नही था। बाद में कुछ बड़ा है। यहां मितानिनों ने कोरोना संक्रमण रोकथाम में अच्छा कार्य किया है। अस्पतालों में आक्सीजन की सुविधा वाले बेड और आईसीयू बेड की संख्या में वृद्धि की गई है। सभी मेडिकल कॉलेजों में आरटीपीसीआर की सुविधा है। टेस्टिंग के लिए चार नये लैब स्थापित किए गए हैं। माह अक्टूबर के बाद कोरोना के नये केसो में गिरावट हुई है। कोरोना के केसो में 50 प्रतिशत की कमी आई है। टेस्टिंग में कोई कमी नही की गई है। उन्होंने बताया कि माह जुलाई में प्रदेश में पाजिटीव केस 4 प्रतिशत थे, अगस्त में 8 प्रतिशत, सितम्बर में 15 प्रतिशत, अक्टूबर में 10.5 प्रतिशत, नवम्बर में 7 प्रतिशत मिले हैं। माह अक्टूबर-नवम्बर में मृत्युदर एक प्रतिशत रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि शुरूआत में छत्तीसगढ़ के कोरोना के केस बहुत कम थे, लेकिन अन्य राज्यों से आने वालों के कारण संक्रमण बढ़ा। उन्होंने कहा कि अब तक 3 लाख टेस्ट हुए हैं। मेडिकल कॉलेजों में ऑक्सीजन प्लॉट लगाए जाएंगे।

राज्य में कोरोना वैक्सीन के टीकाकरण की तैयारियां शुरू

राज्य में कोविड 19 टीकाकरण की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। राज्य में

स्वास्थ्य कर्मियों का 97.95 प्रतिशत डाटा एकत्र कर लिया गया है। टीकाकरण के लिए 27931 स्थलों और 8192 वैक्सीनेटर चिन्हांकित किए जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वैक्सीन के सुरक्षित संधारण हेतु राज्य में 630 कोल्ड चेन पांइट कार्य कर रहे हैं और 80 नए कोल्ड चेन पाइंट बनाए जा रहे हैं। वैक्सीन के सुरक्षित संधारण के लिए 85000 लीटर की अतिरिक्त क्षमता है। वैक्सीनेटर की संख्या बढ़ाने के लिए पुरूष स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है और निजी स्वास्थ्य संस्थाओं के वैक्सीनेटर को भी चिन्हांकित कर प्रशिक्षित किया जाएगा। टीकाकरण से संबधित सिरिंज और अन्य सामग्री के संधारण के लिए राज्य, क्षेत्रीय और जिला स्तर पर ड्राई स्टोर चिन्हांकित किए गए हैं।

स्थानीय कलाकारों को ज्यादा से ज्यादा प्रस्तुति के अवसर उपलब्ध कराएं : अमरजीत भगत

■ संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने की विभागीय काम-काज समीक्षा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने सोमवार को अधिकारियों की बैठक में विभागीय काम-काज की समीक्षा की। भगत ने अधिकारियों से कहा कि प्रदेश के कलाकारों को अधिक से अधिक प्रस्तुति का अवसर उपलब्ध कराए। भगत ने स्थानीय और कला संस्कृति को संरक्षित और संवर्धित करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। भगत ने कहा कि स्थानीय कलाकारों को उनके

द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम का मानदेय शीघ्र उपलब्ध कराया जाना चाहिए। भगत ने छत्तीसगढ़ की लोक, संस्कृति, लोकगीत, लोकगाथा, नृत्य, नाटक, परंपरा आदि को संरक्षण देने और उसका व्यापक प्रदर्शन के अवसर उपलब्ध कराने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में संस्कृति विभाग के सचिव अन्बलगन पी., संचालक अमृत विकास तोपनो सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

धान खरीदी शुरू होने से पहले संकट, कस्टम मिलिंग का भुगतान और बारदाना की कमी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

धान संग्रहण और उपार्जन केंद्र में पड़ा 50 लाख क्विंटल धान और बारदाने की कमी सरकार के लिए धान खरीदी की सबसे बड़ी चुनौती है । बारदाने को कमी से निपटने के लिए सरकार प्लास्टिक के बारदाने की खरीदी का एक टेंडर जारी कर चुकी है दूसरा टेंडर भी जारी करने की तैयारी में है । इधर पिछले कस्टम मिलिंग का भुगतान करे बगैर राइसमिलर्स पर 15 रुपए में बारदाना देने और कस्टम मिलिंग के लिए धान उठाव के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

वहीं कस्टम मिलिंग का पिछला भुगतान नहीं होने पर इस बार राइसमिलर्स कस्टम मिलिंग के लिए बैंक गारंटी के लिए पैसा जमा नहीं कर पा रहे हैं। राइसमिलर्स का कहना

है कि उन्होंने अपने इस समस्या से खाद्य मंत्री और विभाग के अफसरों को अवगत करा दिया है लेकिन इसके बावजूद भी उन पर कस्टम मिलिंग के लिए धान उठाने और 15 रुपए के हिसाब से बारदाना देने के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

इस मामले पर खाद्य मंत्री अमरजीत भगत का कहना है कि अब तक राइसमिलर्स ने उनकी समस्याओं से उन्हें अवगत नहीं कराया है, अगर कस्टम मिलिंग का पैसा बकाया है तो उसे जल्द से जल्द दिलवाने में उनकी मदद करेंगे ।

नाबालिग लड़की से गैंगरेप का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। राजधानी में नाबालिग लड़की से हुये गैंगरेप के दूसरे आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को पुलिस ने गुढ़ियारी क्षेत्र से पकड़ा है। आरोपी का नाम गिरीश साहू 27 वर्ष है। बता दें पुलिस ने इस मामले में रविवार की देर रात मुख्य आरोपी और पीड़िता के बॉयफ्रेंड हिमांशु गुप्ता को गिरफ्तार किया था। वहीं तीसरा आरोपी उपेंद्र गुप्ता अब भी फरार है,जिसे राजधानी पुलिस जल्द ही पकड़ने की बात कह रही है। बता दें, गुढ़ियारी की रहने वाली एक 14 साल की नाबालिग की एक युवक के साथ दोस्ती थी। 17 नवंबर को तड़के करीब 3 बजे लड़की को उसके बॉयफ्रेंड ने फोन कर घूमने चलने को कहा और उसके लिए कार लेकर आने की बात कही। घूमने की बात पर नाबालिक अपने दोस्त के साथ जाने को राजी हो गयी। कार में पहले से ही लड़के के दो और दोस्त मौजूद थे। आरोपियों ने लड़की के साथ कार में ही उसके बॉयफ्रेंड और फिर उसके दो और दोस्तों ने बारी-बारी से गैंगरेप किया। घटना वाले दिन लड़की की तरफ से डर की वजह से परिजनों को घटना की जानकारी नहीं दी थी, जिसके बाद 22 नवम्बर को पीडिता ने इस घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी और फिर थाने में शिकायत दर्ज करायी गई थी। फिलहाल इस मामले में मुख्य आरोपी और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

ऑक्सीजोन में बलिदान हुई 70 दुकानों के लिए छाबड़ा ने मांगा व्यवस्थापन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेंद्र छाबड़ा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र सौंपते हुए ऑक्सी जोन निर्माण के समय खालसा स्कूल के सामने से ध्वस्त की गई 70 दुकानों के व्यवस्थापन की मांग की, जिसपर मुख्यमंत्री जी ने नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया चर्चा कर शीघ्र चयनित स्थल पर व्यवस्थापन की बात कही।

ज्ञात हो की ऑक्सी जोन के निर्माण के समय खालसा स्कूल की 70 दुकानें ध्वस्त कर दी गई थीं जिसके बाद से ही इन 70 परिवारों के सामने जीविकोपार्जन का संकट खड़ा हो गया था जिसका निराकरण आज पर्यंत होना शेष है।

राज्य में कोविड 19 वैक्सीन के टीकाकरण की तैयारियां प्रगति पर

रायपुर। राज्य में कोविड-19 टीकाकरण की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। राज्य में स्वास्थ्य कर्मियों का 97.95 प्रतिशत डाटा एकत्र कर लिया गया है। टीकाकरण के लिए 27931 स्थलों और 8192 वैक्सीनेटर चिन्हांकित किए जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वैक्सीन के सुरक्षित संधारण हेतु राज्य में 630 कोल्ड चेन पांइट कार्य कर रहे हैं और 80 नए कोल्ड चेन पाइंट बनाए जा रहे है। सुरक्षित संधारण के लिए 85000 लीटर की अतिरिक्त क्षमता है। वैक्सीनेटर की संख्या ब?ाने के लिए पुरूष स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं केा भी प्रशिक्षित किया जा रहा है और निजी स्वास्थ्य संस्थाओं के वैक्सीनेटर को भी चिन्हांकित कर प्रशिक्षित किया जाएगा। टीकाकरण से संबधित सिरिंज और अन्य सामग्री के संधारण के लिए राज्य,क्षेत्रीय और जिला स्तर पर ड्राई स्टोर चिन्हांकित किए गए हैं। टीकाकरण की संपूर्ण निगरानी एवं समन्वय के लिए राज्य स्तरीय स्टीयरिंग समिति बनाई जा चुकी है। राज्य स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक भी हो चुकी है। विभिन्न जिलों में टास्क फोर्स समिति की बैठकें भी हो रही हैं।

ड्राइविंग प्रशिक्षण संस्थान जल्द शुरू करने के निर्देश, एसआई-एएसआई को वाहनों की जांच का अधिकार देने की अनुशंसा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य सड़क सुरक्षा परिषद ने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए सुरक्षा के उपाय किए जाने के लिए विभागीय नोडल एजेंसी द्वारा विचार किया गया। परिषद ने परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाने वाहन चालकों को अधिक कुशल बनाने ड्राइविंग प्रशिक्षण संस्थान शीघ्र प्रारंभ करने के साथ ही जिलों में सड़क सुरक्षा समितियों की बैठक नियमित रूप से करने की अनुसंशा की है। वहीं गृह विभाग से वाहनों की जांच का अधिकार एसआई और एएसआई स्तर के अधिकारियों को देने की अनुसंशा की

गई है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार बनने के बाद डीएसपी स्तर के अधिकारियों को ही वाहनों की जांच और चालानी कार्रवाई करने का आदेश जारी किया गया था। राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में विभिन्न विभागों को कार्य सौंपा गया। इनमें सड़क निर्माण एजेंसियों को सड़कों का निर्माण करने के दौरान सीधी सड़क बनाने और अनावश्यक मोड़ से बचने के उपाय करने कहा गया है। वहीं मुख्य एवं सहायक सड़क मार्ग पर जंक्शन पर ब्रेकर आवश्यक रूप से रहें। शेष स्थानों पर ब्रेकर का युक्तियुक्तकरण करने का सुझाव दिया गया है। यह कहा गया है कि लोक निर्माण विभाग को इस पर नियंत्रण करने कहा गया है। परिषद ने नगरीय प्रशासन विभाग को आबादी वाले शहरी क्षेत्रों में सड़कों और चौराहों पर प्रकाश की व्यवस्था सुचारू रूप से करने कहा गया है। तय हुई सीमाएं इसके साथ नगरीय निकायों को सड़कों पर वाहन चालकों को प्रभावित करने वाले साइन बोर्ड और होर्डिंग्स हटाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में यह बात सामने आई है कि जगदलपुर तथा कटघोरा से शिवनगर के बीच दुर्घटना में अधिक वृद्धि हुई है। परिषद ने असका परीक्षण कराने का निर्णय लिया है। कंडम वाहन सड़क से बाहर होंगे परिषद ने अत्यधिक गति, खतरनाक ढंग से एवं नशे की स्थिति में वाहन चलाने वालों पर रोक लगाने स्पीड गवर्नर जेसे उपाय लागू करने पायलेट प्रोग्राम के रूप में किसी एक जिले का चयन कर कार्य करने का सुझाव दिया गया।

आपदा प्रबंधन : पीड़ितों को 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा विभिन्न प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को जिला कलेक्टर के माध्यम से राजस्व पुस्तक परिपत्र के तहत आर्थिक अनुदान सहायता स्वीकृत की जाती है। ऐसे ही 4 प्रकरणों में कांकेर जिले में 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत कांकेर जिले की तहसील पखांजूर के ग्राम छोटे बेठिया के दुलाल राय, ग्राम पी.व्ही. बापूनार के उत्पल विश्वास और ग्राम भिंगीडार के ओमराज की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर तथा अंताग?

तहसील के ग्राम तुमापाल की सहबती गाबड़े की मृत्यु आग लगने से हो जाने पर मृतकों के पीड़ित परिजनों को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

7 डिप्टी कलेक्टरों को मिला आईएएस अवार्ड

डीपीसी पूरी, अब प्रोसेडिंग पर राज्य सरकार की रजामंदी मिलते ही जारी हो जाएगा आदेश

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

7 डिप्टी कलेक्टर को आईएएस अवार्ड मिल गया है। डीपीसी के बाद प्रोसेडिंग के लिए राज्य सरकार से सहमति मांगी गयी है। राज्य सरकार की सहमति मिलते ही आदेश जारी कर दिया जायेगा। माना जा रहा है कि प्रक्रिया पूर्ण होते ही औपचारिक रूप से सभी 7 डिप्टी कलेक्टर आईएएस अवार्ड हो जायेंगे। हालांकि तीन सीनियर डिप्टी कलेक्टरों का मामला इस बार भी अटक गया है।

सात डिप्टी कलेक्टरों को आईएएस अवार्ड-सीआर के कारण एक्का, देवांगन और हीना आईएएस बनने से हुए वंचित, इस शर्त के साथ डीपीसी में डिप्टी कलेक्टरों के प्रमोशन को मिली हरी झंडी। जिन डिप्टी कलेक्टरों की आईएएस

अवार्ड के लिए डीपीसी हुई है, उनमें जयश्री जैन, फरिया आलम सिद्दीकी, चंदन त्रिपाठी, प्रियंका महोबिया, दीपक कुमार अग्रवाल, रोक्तिमा यादव और तुलिका प्रजापति के नाम शामिल हैं। दो दिन पहले ही इन् सभी अफसरों की डीपीसी हुई थी, जिसके बाद अब प्रोसेडिंग पर राज्य सरकार की सहमति मांगी गयी है। माना जा रहा है कि जल्द ही सभी अफसरों के आईएएस अवार्ड का औपचारिक आदेश जारी हो जायेगा।

इस बार प्रमोशन से बनने वाले आईएएस के सात पदो के लिए 21 डिप्टी कलेक्टरों के नाम भारत सरकार को भेजे गए थे। इनमें तीन नाम सीनियर अफसरों के थे। अरबिंद एक्का 99 बैच, संतोष देवांगन 2000 और हीना नेताम 2002 बैच। गोपनीय चरित्रावली के चक्कर में इन तीनों अधिकारियों का नाम कट गया। आईएएस अवार्ड के लिए सभी सीआर क होना चाहिए। लेकिन, तीनों के कई बार सीआर ख मिला है।

इसके बाद पीएससी के चर्चित 2003 बैच के नाम थे। इसको लेकर लोगों में सबसे अधिक कौतूहल थी। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने इनकी नियुक्ति निरस्त कर दी थी और वे सुप्रीम कोर्ट के स्टे पर चल रहे हैं। पीएससी में डिप्टी कलेक्टर बनने से चुकी वर्षा डोंगरे ने डीओपीटी और यूपीएससी में जाकर फरियाद की थी कि इन्हें आईएएस न अवार्ड किया जाए। लेकिन, छत्तीसगढ़ से गए अफसरों ने डीपीसी में तर्क दिया कि सुप्रीम कोर्ट से स्टे मिला हुआ है। और, स्टे में प्रमोशन नहीं रोका जा सकता। इसके बाद इस शर्त पर डीपीसी ने पीएससी 2003 बैच के सात डिप्टी कलेक्टरों को आईएएस अवार्ड करने हरी झंडी दे दी कि सुप्रीम कोर्ट के फैसला अगर प्रतिकुल आया तो सभी को अपना पद छोड़ना होगा।

नान कैडर के लिए ये हैं आईएएस अवार्ड की दौड़ में

वहीं नान कैडर प्रमोटी आईएएस के लिए जल्द ही एक और बैठक डीओपीटी में होगी। इसके लिए राज्य सरकार की तरफ से ट्राइबल से संजय गौर, पंचायत से विनय गुप्ता, महिला एवं बाल विकास विभाग से राजेश सिंघी, पीएचई से राकेश पोयाम, जनसंपर्क से उमेश मिश्रा, जीएसटी से गोपाल वर्मा, वित्त से अल्पना घोष के नाम भेजे गये हैं। माना जा रहा है कि जल्द ही इसे लेकर डीपीसी होगी।

राज्यपाल को नीट परीक्षा के अभ्यर्थियों ने अपनी समस्या से अवगत कराया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल अनुसुईया उइके से राजभवन में दंतेवाड़ा जिले के नीट परीक्षा के अभ्यर्थियों ने मुलाकात की और उनसे नीट परीक्षा के द्वितीय चरण के काउंसिलिंग में रजिस्ट्रेशन तथा त्रुटि में सुधार कराने का आग्रह किया। राज्यपाल ने इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव रेणु पिल्ले ा की और विद्यार्थियों को यथासंभव मदद करने का निर्देश दिया।

प्रतिनिधिमण्डल ने बताया कि इस वर्ष के नीट के प्रथम चरण के काउंसिलिंग में दंतेवाड़ा के छू लो आसमान संस्था के अभ्यर्थियों द्वारा फार्म भरा जाना था, परन्तु सर्वर की समस्या के कारण काउंसिलिंग फार्म नहीं भरा जा सका। इस कारण नीट के प्रथम चरण के काउंसिलिंग में दंतेवाड़ा जिले के करीब 25 से अधिक अभ्यर्थियों का रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया और काउंसिलिंग में शामिल नहीं हो पाए, जिसके कारण प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात भी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश से वंचित रह जाएंगे और उनका भविष्य खराब होने की आशंका बनी हुई है। उन्होंने राज्यपाल से इस समस्या के समाधान दिलाने का आग्रह किया। इस अवसर पर पीयुषा वेक, पदमा मडे, इन्दु कोडोपी, आदिवासी युवा संगठन के शैलेन्द्र प्रताप सिंह एवं बबिता तिर्की सहित अन्य अभ्यर्थी उपस्थित थे।

चरामेति फाउंडेशन ने गोद लिया है बस्तर क्षेत्र के करीब 40 कुपोषित बच्चों को, यह संख्या सतत बढ़ रही

लॉक डाउन एवं विपत्ति में भी सतत मदद भेज रहे, यह अभियान विगत 3 वर्षों से चल रहा

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर के आस-पास टोंगो पारा, गुडियापदर, गुडिया, चित्तलगुर, कदमपारा, बोदल, गेहूंपदर, बामनारास, बडेकवाली आदि गावों के करीब चालीस कुपोषित बच्चों को चरामेति फाउंडेशन की जगदलपुर ईकाई द्वारा गोद लिया गया है।ग्राम गुडिया की अपनी बेटी चानवी के लिए पोषण आहार के रूप में दूध पाउडर के डिब्बे पाकर माता तुलसा के चेहरे की खुशी देखते ही बन रही है। यह खुशी बिटिया के जल्दी स्वस्थ हो जाने की खुशी है। ग्राम गुडिया के ही निवासी महादेव के पुत्र नितेन्द्र अपने भाई की गोद में दूध पाउडर के डिब्बों के साथ बैठें हैं। नितेन्द्र जब नौ माह का था तब उनका वजन मात्र साढे पांच किलो था। शकील रिज़वी एवं राजेन्द्र ओझा ने एक संयुक्त विज्ञप्ति में बताया कि पिछले आठ महीने से सतत् चल रही इस पोषण आहार सेवा में चरामेति फाउंडेशन द्वारा प्रतिमाह चालिस कुपोषित बच्चों को दूध पाउडर के अतिरिक्त आयरन टॉनिक, मोरिंगा पाउडर, सोयाबीन आदि भी प्रदान किया जाता है। नितेन्द्र अभी 14 माह का है एवं इन पांच महीने में ही उनका वज़न करीब पांच किलो बढकर 10 किलो 240 ग्राम हो गया है। बच्चे के स्वस्थ हो जाने के बाद एक अन्य कुपोषित बच्चे को गोद ले लिया जाता है। चरामेति फाउंडेशन द्वारा इन गांवों में पोषण आहार के अतिरिक्त वस्त्र आदि भी वितरित किये जातें हैं। संस्था आम जनता से इन सेवा कार्यों में सहयोग की अपील भी करतीं हैं।

चरामेती फाउंडेशन के अतिरिक्त स्थानीय निवासियों का भी मिलता है सतत सहयोग - रजिया शेख, सौरभ मोतीवाला, अनिल लुंकड़, भारत गिरधर, प्रकाश ठक्कर, किरण पटेल,गीतेश सिंघाड़े,दिव्या गौतम, जगदीश चंद्र दास जैसे सैकड़ों लोग बस्तर जिले के चुनिंदा गाँव मे कुपोषण मुक्त बस्तर बनाने में अपना सहयोग दे रहे हैं।

जिला प्रशासन, महिला बाल विकास भी इस दिशा में प्रयासरत है, परंतु यह प्रयास अकेले सरकारी विभाग के बस का नही,जब तक सामाजिक भागीदारी सुनिश्चित न हो।

कोंडागांव जिला अस्पताल को मिली सीटी स्कैन मशीन की सौगात

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के दृष्टिकोण से एक और नया अध्याय जुड़ गया, जब कोंडागांव जिले वासियो की एक और महती और महत्वपूर्ण मांग सीटी स्कैन मशीन का जिला अस्पताल में लोकार्पण हुआ, विदित हो कोंडागांव जिलेवासियों को सीटी स्कैन स्थापना की महत्वपूर्ण मांग को संज्ञान में लेकर छग प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सह कोंडागांव विधायक मोहन मरकाम द्वारा लगातार प्रयास किया गया। जिसके फलस्वरूप जिला अस्पताल कोंडागांव में इसका लोकार्पण किया गया, इस अवसर पर उपस्थित विधायक मोहन मरकाम व केशकाल विधायक संतराम नेताम ने छग के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल व स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव को धन्यवाद ज्ञापित करते इस महत्वपूर्ण सौगात के लिये साधुवाद प्रेषित किया ।

निसन्देह सीटी स्कैन मशीन की स्थापना से एक ओर जहां स्वास्थ्य सुविधा में बढ़ोतरी होगी वही गम्भीर रूप से घायलों का सीटी स्कैन कोंडागांव में ही कर उन्हें त्वरित उपचार भी मिलेगा, और जिलेवासियों को अब सीटी स्कैन कराने के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, जिससे उनका समय और पैसा दोनों बचेगा इसके बाद उन्होंने कोंडागांव जिला अस्पताल के लिए प्रदत्त एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर उसका लोकार्पण किया।

इस अवसर पर विधायक के साथ जिला कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा, मुख्यचिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ टीआर कुंवर, सिविल सर्जन व जिला अस्पताल प्रबंधक डॉ बसाक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भगवती पटेल, जनपद अध्यक्ष शिवलाल मंडावी, प्रदेश सचिव मनीष श्रीवास्तव, विधायक प्रतिनिधि बुधराम नेताम, जिलाध्यक्ष झुमुकलाल दीवान, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखबति मरकाम, शहर जिलाध्यक्ष यूसुफ रजवी, जिला महामंत्री गीतेश गांधी, कपिल चोपड़ा, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष तब्बसुम बानो, पार्षदगण तरुण गोलछा, शांति पांडे, विकल माने, शिल्पा देवांगन, पारस गोस्वामी, गीता गुप्ता, भरत देवांगन सहित स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक अधिकारी कर्मचारी कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

विलुप्त हो रही बस्तर की बहुमूल्य आर्ट साड़ियों को मिला पुनर्जीवन

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर की बहुमूल्य सांस्कृतिक धरोहर को हाथकरघा के माध्यम से वस्त्रो में कलाकृति के रूप में अभिव्यक्त किया जा रहा है। जिले के महात्मा गाँधी बुनकर सहकारी समिति, बस्तर के बुनकरो द्वारा परंपरागत ट्राइबल आई साड़ियों और विभिन्न रंगो के ट्राइबल आर्ट दुपट्टों का भी निर्माण किया जा रहा है। बस्तर जिले के तोकापाल ब्लाक के ग्राम-कोयपाल में प्राकृतिक रंगो (ऑल कलर) से रंगे सूती ट्राइबल आर्ट साड़ियां बनाई जा रही है, जो संपूर्ण छत्तीसगढ़ में अद्वितीय है, हाथकरघा विभाग द्वारा इन साड़ियों एवं दुपट्टे को राजधानी रायपुर स्थित बिलासा शोरूम द्वारा वि य किया जा रहा है। हाथकरघा विभाग द्वारा न सिर्फ बस्तर की संस्कृति को संरक्षित व संवर्धित किए जाने का प्रयास किया जा बल्कि इनकी स्थानीय बाजारों से अलग इनकी आमदनी मे भी चार-पांच गुना वृद्धि हुई है। साड़ी बनाने वाले बुनकरो को ट्राइबल डिजाइन के आधार पर 4000 से 5000 रुपए प्रति साड़ी बुनाई मजदूरी दिया जा रहा है जबकि ट्राइबल आर्ट दुपट्टे, स्टोल, गमछे इत्यादि का प्रति नग 400-500 रूपए बुनाई मजदूरी है। पिछले दो माह में ट्राइबल आर्ट साड़ियों एवं दुपट्टे के लिए बस्तर समिति द्वारा कुल एक लाख 60 हजार की मजदूरी का भुगतान किया गया है जिला हाथकरघा कार्यालय में पदस्थ सहायक संचालक अनिल कुमार सोम ने बताया कि आगामी योजना के तहत् जिले के समस्त बुनकर सोसायटियों ने ट्राइबल आर्ट साड़ियों, दुपट्टे, गमछे, शर्टिंग आदि का निर्माण प्रारम्भ किया जाएगा।

मितानिन दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत कोड़ेनार में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मितानिन दिवस हर्षोउल्लास से मनाया गया। जिसमें ग्राम पंचायत कोड़ेनार के समस्त 14 मितानिन सम्मिलित हुए उक्त कार्यक्रम में कुआकोंडा से आए मितानिन ट्रेनर शोमे कुंजाम द्वारा जापानी इंसेफलाइटिस बीमारी एवं इनके टीकाकरण के संबंध में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच मीना मंडावी पूर्व जनपद उपाध्यक्ष भावना सक्सेना ,पंच सपना भादुरी, विमल राजिया, आसिफ सिद्दीकी, कमला मितानिन शांति ,चंपा रुकमणी राजकुमारी बसंती दीपा माझी एवं रोजगार सहायक कुमारी राजकुमारी सम्मिलित रहे।

मितानिन का सम्मान मेरे लिए सौभाग्य की बात-लक्षमण मंडावी

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

जिले के राजमुंडा गांव में मितानिन दीदियों का स्वागत किया गया। जिसमें पहुँचे युवा नेता लक्षमण मंडावी ने कहा कि मितानिन दीदी का स्वागत करते हुए मुझे गर्व महसूस हो रहा है। मंगलवार को जिले के राजमुंडा ग्राम पंचायत में मितानिनों का सम्मान किया गया। जिसमें पहुँचे युवा नेता लक्षमण मंडावी ने कहा कि आज मुझे गर्व महसूस हो रहा है की मुझे मितानिन दीदी का सम्मान करने का मौका मिला । मितानिन दीदी हमेशा स्वास्थ् के प्रति लोगो प्रेरित करती है। मितानिन दीदियों का क्षेत्र के विकास में काफी अहम भूमिका होती है । मैं और ग्राम पंचायत के सभी प्रतिनिधि और ग्रामीणों की तरफ से सभी मितानिन दीदियों को प्रणाम करता हु।इस सम्मान कार्य म में सरपंच सुखराम माडवी पूर्व सरपंच चिरंजीवी और ग्रामीड एव आगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थे।

कोंडागांव पुलिस ने शहीद परिवार का कराया इलाज

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन एवं डीजीपी द्वारा संचालित स्पंदन योजना के तहत कोंडागांव पुलिस द्वारा विगत दिनों दीपावली पर्व के दौरान मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के शहीद परिवारों हेतु शुभकामना संदेश व मिठाई वितरण कराया गया था । जिस दौरान कोंडागांव एसपी सिद्धार्थ तिवारी भी ग्राम जैतपुरी निवासी शहीद आर. स्व. गणेश नेताम के परिवार जन से मिलने उनके ग्रह ग्राम जैतपुरी स्थित आवास गए थे। जहां उनकी मुलाकात शहीद आरक्षक के पिता श्री अधारु राम नेताम से हुई जिन्होंने एसपी कोंडागांव द्वारा हालचाल पूछे जाने पर स्वयं की व अपनी पत्नी के स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से अवगत कराया जिस पर संवेदनशीलता बरतते हुए, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने शहीद के माता पिता दोनो को जिला कोंडागांव लाकर प्राथमिकता से इलाज करवाने की उचित व्यवस्था की साथ ही उपचार बाद पुनः उनसे मिलकर उनका कुशल क्षेम जाना।

शहीद आरक्षक गणेश राम वर्ष 2008 में एसटीएफ में पदस्थ थे,

जब मतदान दल के साथ जाते हुए ढोलमुण्डरी पुलिया के पास गांव गोलावंड में नक्सलियों द्वारा विस्फोट के कारण वो शहीद हो गए थे । कोंडागांव पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी की इस आत्मीयता से अभिभूत होकर शहीद के माता पिता ने उन्हें आशीर्वाद दिया व शासन के इस प्रकार सुध बुध लेने पर प्रसन्नता व्यक्त की । वहीं एस पी कोंडागांव ने भी सभी शहीदों के परिवारों को आश्वासन दिया है कि कोंडागांव पुलिस सदैव उनके सहयोग के लिए तत्पर रहेगी ।

नकली चेक देकर धोखाधडी करने वाले ठग को मर्दापाल पुलिस ने दबोचा

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला कोण्डागांव के मर्दापाल थाना क्षेत्र में एक महुआ व्यापारी को जाली चेक देकर ठगी करने का मामला सितम्बर माह में संज्ञान में आने पर मर्दापाल पुलिस द्वारा ठगी, कूटरचना संबंधी सुसंगत धाराओं के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही थी । प्रकरण का आरोपी सुनील बिसई निवासी राजनगर थाना बकावण्ड जिला बस्तर ने ग्राम पोहमार निवासी निलेन्द्र बघेल से ठगी की नीयत से गलत चेक देकर महुआ खरीदी की । घटना दिनांक से आरोपी अपने निवास से फरार था। जांच पड़ताल के दौरान यह भी जानकारी मिली कि उक्त आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी भनपुरी एवं बकावंड क्षेत्र में इस तरह की हेरा फेरी की शिकायतें दर्ज हैं ।

पुलिस अधीक्षक जिला कोण्डागांव शिसद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर अनन्त कुमार साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं दीपक मिश्र उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स के मार्गदर्शन में प्रकरण के आरोपी सुनिल बिसई की पता तलाश एवं गिरफ्तारी हेतु उपनिरीक्षक गुलाब टण्डन की नेतृत्व में आरक्षक कचरू मरकाम, तनूज सेठिया, ब्रजलाल शोरी, गरांजू नेताम का टीम गठित कर साईबर से आरक्षक लुमंन सिंह भण्डारी की संयुक्त टीम ने दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ बाद आरोपी की गिरफ्तारी करते हुए न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया है ।

उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल के लिए साक्षात्कार एवं डेमो क्लास आज से

कोण्डागांव। कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कोण्डागांव से प्राप्त विज्ञप्ति अनुसार जिला कोण्डागांव के उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जामकोटपारा कोण्डागांव में शिक्षा सत्र 2020-21 हेतु प्रतिनियुक्ति /संविदा शिक्षकों की नियुक्ति हेतु कार्यालय को प्राप्त आवेदनों के मेरिट सूची अनुसार साक्षात्कार/डेमोक्लास का आयोजन 25 नवंबर 2020 एवं 26 नवंबर 2020 को प्रातः 10.30 बजे जिला पंचायत कोण्डागांव के सभाकक्ष में आहुत किया जाना है। 25 नवंबर2020 को व्याख्याता जीवविज्ञान, भौतिकी, वाणिज्य, शिक्षक संगीत, शिक्षक कम्प्यूटर एवं ग्रंथपाल तथा दिनांक 26 नवम्बर2020 को प्रधान पाठक माध्यमिक शाला अंग्रेजी, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला अंग्रेजी, शिक्षक गणित, शिक्षक विज्ञान एवं सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला हिंदी विषय का साक्षात्कार/डेमोक्लास हेतु अभ्यर्थियों की सूची एवं अधिक जानकारी हेतु जिले के वेबसाईट का अवलोकन किया जा सकता है।

रेखचंद ने मोबाइल के साथ दे दिया ट्राइसिकल भी

बच्ची के लिए मोबाइल मांगने विधायक के पास पहुंची विकलांग महिला

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

सन्तोषी वार्ड निवासी मोहनी अहमद अपनी तीन बेटियों के लिए मोबाइल की फरियाद लेकर जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन के पास पहुंची पर विधायक ने मोबाइल के साथ ट्राइसिकल भी दे दिया। दरअसल कोरोना महामारी की वजह से सभी स्कूलों को बंद कर दिया गया है और ऑनलाइन क्लास लगवाई जा रही है और इसके लिए सभी को स्मार्ट मोबाइल की आवश्यकता होती है। पर सभी के पास स्मार्ट फोन हों ये जरूरी नहीं। ऐसा ही एक परिवार है संतोषी वार्ड का मोहनी अहमद का,जो बेहद गरीब तो है ही साथ ही मोहनी विकलांग भी हैं। मोबाइल न होने की वजह से पढ़ाई प्रभावित हो रही थी तो अपनी मजबूरी में मोहिनी ने जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन से बताई। रेखचंद ने भी तत्काल बच्ची के लिए नया मोबाइल मंगवाया और बच्ची को अच्छे से पढ़ाई करने की सलाह देते हुए दिया। विधायक कार्यलय पहुंची विकलांग महिला ने कार्यलय में ही रखा हुआ ट्राइसिकल देखा तो विधायक से अपनी इक्षा जताते हुए बताया कि यदि उसे यह साइकिल मिल जाती तो उसका जीवन काफी हद तक आसान हो जाता। हालांकि विकलांग महिला के विकलांग प्रमाण पत्र में विकलांगता का प्रतिशत 80 से कम था जिससे वह दायरे से बाहर थी, पर विधायक ने तत्काल अनुसंशा कर महिला को ट्राइसिकल दिया। महिला आई थी एक फरियाद लेकर पर दो दो सहायता मिलने से काफी प्रसन्न हुई।

भूपेश सरकार की मंशा सबकी मदद की जाए: रेखचंद जैन

बच्ची को मोबाइल और उसकी विकलांग माँ को ट्राइसिकल देते हुए रेखचंद ने कहा कि भूपेश सरकार की मंशा ही है कि गरीबों की पूरे तन मन से मदद की जाए। कोरोना एक आपदा के रूप में चुनौती बना है पर इतना नहीं कि हमारी बेटियों के शिक्षा को प्रभावित कर सके।

बस्तर के युवा गढ़ रहे हैं नई मिशाल बना डाली आजीविका की मशीनें

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय में स्थित ताज इन्डस्ट्री के लोकल कारीगरों ने ईंट, बनाने की मशीन का निर्माण किया है ,जो कि एक काबिले तारीफ उपलब्धि है,बस्तर में किसी भी छोटे उद्योग को सुरु करने से पहले बेरोजगार युवाओं को उद्योग के लिऐ मशीनों को ले कर काफी परेशानी उठानी पड़ती थी मगर ताज इंडस्ट्री के युवा कारीगरों ने अपनी मेहनत से इसका हल ढूंढ निकाला है ।हाल ही में इस वर्क सॉप में फ्लाई ब्रिक्स मशीन व विभिन्न प्रकार के छोटे छोटे मशीनों का निर्माण किया गया है।

जिन मशीनों को खरीदने के लिऐ राजधानी व दूसरे राज्यों में जा कर काफी दिक्कतों के साथ बस्तर लाया जाता था। मगर अब इन कारीगरों का मानना है कि जो भी मोडिफाई की गई मशीने है उन्हें दूसरे राज्यों से देख कर हम कम लागत में इसका निर्माण इस वर्क सॉप में कर स्थानिय लोगों को उप्लब्ध कर सकते हैं। वहीं इस ताज इंडस्ट्री के संचालक मोहम्मद साहिद का कहना है कि हम लगातार इस क्षेत्र में काम कर रहे हैं बस्तर के युवा कारीगरों के साथ मिल कर छोटे उद्योगों के लिये अल्ट्रेश कर मशीन बनाएंगे जो कि राजधानी की अपेक्षा यहाँ कम दामो में उपलब्ध हो सकेगी। मो शाहिद ने जानकारी देते कहा कि फील हाल हमने जो ईंट बनाने की मशीन बनाई है उसकी बहुत मांग है जिसे हम पूरा करने में लगे हैं।

कलेक्टर ने की राजस्व विभाग के काम-काज की समीक्षा

मुहिम चलाकर सीमांकन के लंबित मामले निबटाएं

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व विभाग के काम-काज की समीक्षा की। उन्होंने मामलों के वर्तमान निराकरण की वर्तमान प्रगति पर असंतोष जाहिर करते हुये राजस्व मामलों के निराकरण में और तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि फसल कटने के बाद खेत अब खाली हो गए हैं। लिहाजा सीमांकन में अब कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने मुहिम चलाकर सीमांकन के सभी लंबित प्रकरणों के निराकरण की हिदायत दी है। बैठक में जिला पंचायत की सीईओ डॉ. फरिहा आलम सिद्धिकी और अपर कलेक्टर राजेन्द्र गुप्ता सहित जिले के सभी एसडीएम एवं राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर जैन ने बैठक में योजना एवं मदवार प्रत्येक तहसील में प्रगति की विस्तृत समीक्षा की है। उन्होंने कहा कि अब तेजी से काम करने का समय आ गया है। जैन ने राजस्व वसूली के विभिन्न मदों में अत्यंत शिथिलता पर नाराजगी जाहिर की है। साधारणतया विभिन्न मदों में 5 से 10 प्रतिशत तक ही वसूली हो सकी है। उन्होंने इस कार्य में और तेजी लाने को कहा हैं। उन्होंने नजूल सहित अन्य राजस्व मामलों के शतप्रतिशत पंजीबद्ध करने को कहा है। कलेक्टर ने भू-अर्जन मुआवजा वितरण की जानकारी लेते हुये तमाम बकाया राशि जल्द से जल्द वितरित करने को कहा।

बताया गया कि बलौदाबाजार में 1.31 करोड़ रूपये का वितरण किया जाना बचा है। अनुविभागीय राजस्व अधिकारी को इसे तत्काल वितरित कर सूचित करने को कहा है। उन्होंने कहा कि बार-बार सूचना देने के बाद भी यदि कोई भूमि-स्वामी मुआवजा लेने नहीं पहुंच रहे हैं,तो राशि वापस सरकारी खजाने में जमा कर दिए जाएं। फसल कटाई प्रयोग की समीक्षा करते हुए इनके परिणाम की जानकारी 10 दिसम्बर तक वेबसाईट में प्रविष्ट करने को कहा है।

लोक सेवा गारण्टी अधिनियम के अंतर्गत आने वाले राजस्व विभाग के काम की भी कलेक्टर ने समीक्षा की और समय-सीमा में मामलों का निराकरण करने की हिदायत दी।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का शुभारंभ

सरायपाली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एन के मंडपे के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सरायपाली में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का शुभारंभ बीएमओ नारायण साहू, बीपीएम शीतल सिंह ,खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टी आर धृतलहरे , डॉक्टर प्रेम लाल साहू के उपस्थिति में डॉ योगेश बरिहा के द्वारा ग्राम परसदा के एक पुरुष का एनएसवीटी ऑपरेशन करके किया गया एवं इस माह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में अभी तक 4 पुरुष नसबंदी ऑपरेशन किया जा चुका है ज्ञातव्य हो कि शासन के निर्देशानुसार 21 नवंबर 2020 से 4 दिसंबर 2020 तक पुरुष नसबंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसमें विशेष प्रचार प्रसार के द्वारा पुरुषों को बिना चीर फाड़ के नसबंदी ऑपरेशन हेतु प्रेरित किया जाएगा स्वास्थ्य विभाग आम नागरिक से अपील करता है कि पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का अधिक से अधिक लाभ लेवे चूंकि यह नसबंदी ऑपरेशन बिना चीर फाड़ के किया जाता है इसलिए ऑपरेशन के बाद आदमी अपना सामान्य कार्य कुछ घंटे के अंतराल के बाद कर सकता है।

भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रम में विधायक सहित अतिथियों का स्वागत

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत खैरखुट में हायर सेकेण्डरी स्कूल हेतु भूमिपूजन सहित हाई स्कूल रंगमंच, पंचायत भवन अहाता व दुर्गा चौक रंग मंच का लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ सर्वप्रथम ग्रामीणों ने बाजे गाजे के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया जिसके पश्चात हायर सेकेंडरी स्कूल निर्माण हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ क्षेत्र में हायर सेकेंडरी स्कूल खुलने से आस पास के छात्र छात्राओं को लाभ मिलेगा कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में क्षेत्रिय विधायक श्री प्रमोद शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर में बसे इस गॉव में विकास की गंगा बहना इस बात का प्रमाण है कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जागरूक व सक्रिय है सरपंच की सराहना करते हुए विधायक ने कहां की इस गॉव में गोबर गैस प्लांट का जो निर्माण हुआ है।

वह क्षेत्र में कही भी देखने को नही मिलता इसके लिए भी सरपंच बधाई के पात्र है साथ ही सभा को जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा जिला पंचायत उपाध्यक्ष समाज सेवक श्री टंकराम वर्मा ने भी संबोधित कर स्कूल निर्माण के लिए पंचायत प्रतिनिधि सहित पूर्व सरपंच के योगदान की सराहना की।साथ ही ग्राम पंचायत निनवा में मितानीन दिवस का कार्यक्रम भी आयोजन हुआ जिसमे मितानिनों का सम्मान कर साड़ी व श्री फल भेट कर सम्मान किया गया कार्यक्रम में जनपद सदस्य रतनचंद निषाद, सरपंच शिवकुमार हनुमंता सड्डू सरपंच नरेंद्र यादव सगुनी उपसरपंच रजत कश्यप ऋषि वर्मा, नटवरलाल नायक, अनुराधा वर्मा, अशोक यादव, अजय तिवारी,सुरेंद्र साहू सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

सरपंच धनकुमार औधेलिया के नेतृत्व में स्वास्थ्य मितानिनों को सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरीडीह
www.dailypioneer.com

विश्व स्वास्थ्य मितानीन दिवस के अवसर पर युवा नेता एवं सरपंच धनकुमार औधेलिया के नेतृत्व में ग्राम पंचायत डोंगरा के पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य मितानिनों को श्रीफल, से सम्मानित किये गए।

इस मौके पर डोंगरा के पंचायत भवन में स्वास्थ्य मितानीन जिला संयोजक श्रीमती सरोज सिंह सेंगर, स्वास्थ्य मितानिनों में शैलेन्द्री चौहान, मेनका वर्मा, एजवंतीन वर्मा को सरपंच धनकुमार औधेलिया, सचिव देवनारायण वर्मा, रोजगार सहायक किशन चेलक सहित पंचायत पदाधिकारियों ने श्रीफल, एवं साड़ी से सम्मानित कर प्रोत्साहित किये गए हैं।

मितानिनों के कार्यों की जमकर सराहना किये। सम्मान कार्यक्रम में सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, मितानिनों के अलावा पंचगण एवं ग्रामीणों में भूपेंद्र चेलक, भूपेंद्र वैष्णव, तोरण वर्मा, पंच प्रतिनिधि शंकर वर्मा, सीताराम वर्मा, दूज राम वर्मा हुसैन वर्मा, गंगा टण्डन, सहित पंचायत पदाधिकारियों की उपस्थिति रहा। सम्मान उपरांत स्वास्थ्य मितानिनों ने ग्राम पंचायत डोंगरा का आभार जताया।

जन्म-मृत्यु का पंजीयन अब ऑनलाइन तरीके से, सभी पीएचसी के कर्मचारियों को मिला प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरीडीह
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य विभाग के अस्पतालों में घटित जन्म-मृत्यु का पंजीयन अब केवल ऑनलाईन तरीके से किया जायेगा। इस संबंध में अस्पतालों में इस काम के लिए नियुक्त कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग कार्यालय में तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा तीन दिन का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में सभी 31 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो में कार्यरत कर्मचारी शामिल हुये। जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी सुमीत मेरावी ने बताया कि ऑनलाईन सुविधा के प्रथम चरण में यह काम केवल जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तक सीमित थी। इसके अलावा नगरीय निकायों में भी ऑनलाईन तरीके से पंजीयन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस सुविधा का विस्तार अब ग्राम पंचायतों में भी किया जा रहा है। दिसम्बर महीने से सचिवों एवं ऑपरेटरों के गहन प्रशिक्षण की कार्य-योजना बनाई गई है। उन्होंने बताया कि 1 जनवरी 2021 से पंजीयन संबंधी सभी संस्थाओं में केवल ऑनलाईन मोड से पंजीयन की तैयारी की जा रही है। मेरावी ने बताया कि ऑनलाईन पंजीयन से प्रमाण पत्र के डुप्लिकेसी की संभावना नहीं रहेगी। साथ ही ओव्हरराईटिंग से निजात मिलेगा। इसकी सबसे महत्वपूर्ण खासियत यह होगी की इसमें क्यूआर कोड अंकित होगा जिससे जरूरत पड़ने पर तत्काल स्केन कर सत्यापन किया जा सकेगा। जिला योजना अधिकारी ने सभी संस्था प्रमुखों से अनुरोध किया है कि ऑनलाइन प्रिन्टेड प्रमाण पत्र के हस्तलिखित सत्यापन की अलग से जरूरत नहीं है तथा जो भी प्राथी होंगे, उनसे संस्था की मुहर और हस्ताक्षर की मांग नहीं किया जाए।

अवैध प्लाटिंग वाले 35 और को नोटिस

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

अवैध प्लाटिंग के खिलाफ जिले में ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। जिले में करीब सौ लोगों के विरूद्ध कार्रवाई शुरू की जा चुकी है। इस कड़ी में अब बलौदाबाजार -भाटापारा जिले के कसडोल और बिलाईगढ़ तहसील में अवैध प्लाटिंग करने वाले 35 और विकासकर्ताओं को शो-कॉज नोटिस जारी की गई है। नगर एवं ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 37 के अंर्तगत उन्हें नोटिस जारी कर 15 दिवस के भीतर उनसे जवाब मांगा गया है। राजस्व एवं नगर निवेश विभाग के अधिकारियों द्वारा विगत दिनों संयुक्त निरीक्षण में अवैध प्लाटिंग की जानकारी मिली थी।

नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिला बलौदाबाजार-भाटापारा अंतर्गत आने वाले निवेश क्षेत्र कसडोल के ग्राम दर्रा के कौशल पिता भावसिंह ग्राम कसडोल के लक्ष्मी पति चंद्रप्रकाश, हरिशंकर पिता पुसऊ, उकेश बाई पति हरिराम, सुभाषचंद पिता दशरथ, लक्ष्मीचंद पिता दशरथ, श्याम बाई/केदार, सिरीराम पिता फादल, राजकमल पिता अशोक कुमार, ललित कुमार पिता खोलबाहरा, महेत्तरीन बाई पिता धुरउ, भूरीबाई पति पुनीराम, बद्री पिता आत्माराम,खोमनलाल पिता ढालूराम, छत्तराम पिता नम्मु, मुकेश कुमार पिता रामाधार, लालसिंह पिता बुढ़गा,प्रमोद कुमार पिता यदुनदंन प्रसाद, सुरेश कुमार पिता दामोदर प्रसाद, सुरेश कुमार पिता अक्षय कुमार, सिद्धार्थ पिता सुभाष कुमार, ऋत्विक पिता प्रकाशचंद, चंद्रभूषण पिता अरूण कुमार, अरूण कुमार पिता परसराम एवं बिलाईगढ़ निवेश क्षेत्र के ग्राम बांसउरकुली के बलराम पिता रेशम लाल व ग्राम बिलाईगढ़ के मो. शरीफ पिता अलाउद्दीन, श्याम सुन्दर पिता नरसिंह अग्रवाल, नरसिंह पिता पंचराम देवांगन, पुनीमति पिता रामलाल एवं ग्राम भटगांव के रोहणी बाई पति सुकलाल, श्रेष्ठासिंह पति महेन्द्रपाल द्वारा किए गये अवैध प्लाटिंग का स्थल निरीक्षण नगर तथा ग्राम निवेश विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा किया गया।

मछुआरों को निःशुल्क आईस बाक्स एवं जाल वितरण

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

विश्व मछुआ दिवस के मौके पर यहां जिला मछलीपालन विभाग द्वारा सहकारी समिति से जुड़े मछुआरों को जाल एवं आईस बॉक्स का वितरण किया गया। सात सहकारी समितियों- सेन्दूरस, सलौनीकला, डमरू,सलौनी, सिमगा और दरचुरा से जुड़े लगभग डेढ़ सौ मछुआरे और 14 स्वतंत्र मछुआरों को इसका फायदा मिला। उन्हें लगभग 4 लाख 50 हजार रूपये की जाल एवं आईस बाक्स के रूप में सामग्री प्रदान की गई है। शासकीय मछलीपालन प्रक्षेत्र कोहरौद में आयोजित एक कार्यक्रम में कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुये सामग्रियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर उन्नत मछलीपालन विषय पर परिचर्चा भी आयोजित की गई। सहायक संचालक मछलीपालन के.के.सिंह ने परिचर्चा की शुरूआत करते हुए कहा कि मछलीपालन किसानों के लिए अतिरिक्त आमदनी कमाने का बढ़िया जरिया है। विभाग द्वारा किसानों को मछलीपालन के उन्नत तकनीकी की जानकारी दी जाती है। राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं के जरिये गरीब मछुआरों को बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध करा रही है। इस अवसर पर हरदी एनीकट में बड़े फिंगर आकार के साढ़े 8 लाख मछली बीज भी संग्रहित की गई। स्थानीय सरपंच एवं पंचायत प्रतिनिधि एवं मछुआरों ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर मछलीपालन संचालनालय से आए एएफओ एसपी शुक्ला, मत्स्य निरीक्षक बी.पी.शर्मा सहित मछलीपालन विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

जिला भाजपा बलौदाबाजार-भाटापारा की प्रथम कार्यसमिति बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के जिला कार्यकारिणी की प्रथम कार्यसमिति बैठक भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, सांसद द्वय सुनील सोनी, गुहाराम अजगले, विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. अजय राव की उपस्थिति में जिला भाजपा कार्यालय हुआ। इस बैठक में प्रदेश से प्रभारी के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल साहू एवं अवधेश जैन ने मार्गदर्शन दिया।

पूर्व विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े ने बताया कि प्रदेश कार्यसमिति मे लिए गए निर्णयों व आगामी कार्यक्रमों की दृष्टि से विस्तृत कार्यसमिति आयोजित की जा रही है, जिसमें मंडल स्तर पर प्रशिक्षण महाभियान की रूप रेखा तय की जाएगी। उक्त बैठक में जिले के सभी पदाधिकारीगण, जिला कार्यसमिति सदस्यगण, स्थायी आमंत्रित सदस्यगण, विशेष आमंत्रित सदस्य गण, सभी मंडल के मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मंडल प्रशिक्षण प्रभारी उपस्थित थे।

26 से शुरू हो जाएंगे विवाह

रवि योग में आज मनाई जाएगी देवउठनी एकादशी

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



देवउठनी एकादशी बुधवार को मनाई जाएगी शहर सहित ग्रामीण अंचलों मैं कई जगह तुलसी विवाह का आयोजन किया जाएगा इसके साथ ही 4 माह से पाताल लोक मैं शयन कर रहे भगवान विष्णु जागेंगे इसी के साथ ही शादियां सहित सभी मांगलिक कार्यों का सिलसिला शुरू हो जाएगा घर घर में देव जगाने की खुशियां मनाई जाएगी देव लोक से पृथ्वी लोक पर देवो के आगमन की खुशी में घर-घर और देवालयों मैं रंगारंग आतिशबाजी की जाएगी।

मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर के पुजारी के अनुसार देवउठनी एकादशी या देव प्रबोधनी एकादशी 25 नवंबर को मनाई जाएगी इस दिन रवि योग में रहेगा इस कारण देवउठनी एकादशी का महत्व बढ़ गया है देवगन एकादशी के दिन से ही विवाह ,जनेऊ संस्कार नूतन विनिर्माण और गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे तुलसी के पेड़ और भगवान शालिग्राम की शादी सामान्य विवाह की तरह धूमधाम से की जाती है।

शास्त्रों में ऐसे वर्णन है कि जिन दांपतियों के यहां कन्या नहीं होती है वह जीवन में एक बार तुलसी विवाह करके कन्यादान का पूर्ण लाभ प्राप्त कर सकते हैं देवउठनी एकादशी पूजन का शुभ मुहूर्त मिथुन लग्न में शाम को 6.43 से रात 8.56 बजे तक रहेगा।

सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए आवेदन की तिथि 3 दिसम्बर तक बढ़ाई गई

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

राज्य की एकमात्र सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में दाखिला के लिए अंतिम तिथि 19 नवम्बर से बढ़ाकर 3 दिसम्बर 2020 कर दी गई है। अम्बिकापुर सैनिक स्कूल के प्राचार्य कर्नल जितेन्द्र डोगरा ने जिला कलेक्टर श्री सुनील कुमार जैन को इस आशय का पत्र भेजकर बलौदाबाजार जिले से ज्यादा से ज्यादा बच्चों को आवेदन कराने का अनुरोध किया है। प्राचार्य ने कहा है कि सैनिक स्कूल में कक्षा छठवीं एवं कक्षा नवमीं में प्रवेश दिया जाता है। इस वर्ष से बालिकाओं के लिए भी प्रवेश का प्रावधान किया गया है। प्रवेश परीक्षा रविवार दिनांक 10 जनवरी 2021 को निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर एक साथ होगी। आवेदन केवल ऑनलाईन स्वीकार किये जाएंगे। इसके लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी की वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एनटीए डॉट एसी डॉट इन अथवा एआईएसईई डॉट एनटीए डॉट एनआईसी डॉट इन पर पहुंचकर आवेदन किये जा सकते हैं।

वेंकटरमना पोल्ट्री फार्म ने चार गांवों के बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने का आश्वासन दिया

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

नगर से लगे ग्राम बिलाड़ी में स्थित वेंकट रमना पोल्ट्री फार्म में बिते दिन युवा संगठन के युवा अध्यक्ष पंकज यदु के नेतृत्व में गांव के युवाओं ने तहसीलदार व थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा को ज्ञापन सौंपा गया था जो की पोल्ट्री फार्म में घरना प्रर्दशन भी किया गया जिस समाचार को पायनियर अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था जोकी समाचार का असर हुआ। जिससे की सात दिनो में का समय मांगा गया था। जो की परिणाम स्वरूप वेंकटरमना पोल्ट्री फार्म के प्रंबधक ने युवाओं को रोजगार देने की स्वीकृति दी आस पास चार गांवों के बेरोजगार युवाओं को 50/ प्रतिशत रोजगार देने का आशवासन दिया जो कि पंकज यदु द्वारा लिखित में मांग किया हैं। मांग पूरा होने पर युवाओं ने रात्रि में मांग पुरा होने पर युवाओं ने नाराबाजी लगाते हुए हर्षोंउल्लास पूवर्क खुब आतिश बाजी भी की गई। मुख्य रूप से पंकज यदु,किशन कुरे,मालिकराम यादव,गौकरण धुव्र ,मोहन पटेल दिनेश निषाद,अमित यदु,बंशी कलामत,एवंम युवा साथियों की उपस्थिती थी। उसके पश्चात् युवाओं ने अपने गांव की वर्तमान सरपंच श्री मति सोना श्रवण यदु का अभार प्रकट किया।

भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक

प्रदेश की कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर हो रही है विफल : विष्णुदेव साय

पायनियर संवाददाता ◄ बैकुण्ठपुर (कोरिया)
www.dailypioneer.com

भाजपा जिला कोरिया की प्रथम जिला कार्यसमिति की बैठक भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में सपन्न हुई। सर्वप्रथम डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी,भारत माता, पं.दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदेव साय, संगठन महामंत्री पवन साय,प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव,बैठक प्रभारी पूर्व सांसद कमलभान सिंह, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख दीपक पटेल, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामबिहारी जायसवाल, पूर्व केबिनेट मंत्री भैयालाल राजवाडे, जिला अध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल केशरवानी, पूर्व विधायक द्वारिका गुप्ता, पूर्व संसदीय सचिव श्रीमती चंपादेवी पावले, जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह, जिला उपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे, देवेन्द्र तिवारी, विरेन्द्र सिंह राणा, लक्ष्मण राजवाडे, सुनीता सिंह, जिला महामंत्री डमरू बेहरा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष फलेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष राहुल सिंह, जिला मंत्री पंकज गुप्ता, मुकेश जायसवाल, दृगपाल सिंह, अनुपमा निशी, पिंकी सिंह, जिला संवाद प्रमुख बसंत राय, जिला कार्यालय मंत्री तीरथ राजवाड़े, नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेन्द्र विश्वकर्मा, सरोज यादव, जनपद अध्यक्ष सौभाग्यवती सिंह, सोनमती उर्रे उपस्थित रहें। कार्यक्रम के पहले सत्र में प्रशिक्षण योजना बैठक में प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख दीपक पटेल एवं बैठक प्रभारी पूर्व सांसद सरगुजा कमलभान सिंह के द्वारा जिला पदाधिकारियों, प्रशिक्षार्थीगण व मंडल अध्यक्ष-महामंत्री को मागदर्शन कर आगामी प्रशिक्षण 1 से 20 दिसंबर तक समस्त मंडलों में विभिन्न विषयों को लेकर प्रशिक्षण वर्ग करने का निर्णय लिया गया। इसके पश्चात द्वितीय सत्र में जिला कार्यसमिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेशाध्यक्ष श्री साय ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर विफल हो रही है, साथ ही प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति के उपर कर्जे का बोझ डालने का काम निरंतर कर रही है। कांग्रेस सरकार के बनने के बाद पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार, कमिश्नखोरी का दौर तेजी से शुरू हो चुकी है। जिससे प्रदेश की जनता पूरी तरह से अपने आप को असहाय, ठगा सा महसूश कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को 2023 के लिए संकल्प दिलाया। संगठन महामंत्री पवन साय ने संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा करते हुए जिला एवं मंडल पर हुए कार्यक्रमों की समीक्षा किया गया। साथ ही आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। पूर्व सांसद कमलभान सिंह ने कहा कि, हम सब विश्व के सबसे बड़े पार्टी के कार्यकर्ता होने पर हमें गर्व है। राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेशभर प्रशिक्षण अभियान होना है इसी कड़ी में जिले के सभी मंडल में प्रशिक्षण कार्यक्रम तय किया गया है जिसके माध्यम से हमें पार्टी के सिद्धांतों, रीतिनीति व विचारधारा को सिखने व सिखाने का अवसर प्राप्त होता है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव ने कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए पार्टी को जिला से बूथ स्तर पर मजबूती प्रदान करने व समय समय पर पार्टी द्वारा तय किए गए कार्यक्रमों को सफल बनायें। और कांग्रेस सरकार के असफलताओं को जनमानस तक पहुंचाये। किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि, हमारा प्रदेश जो धान का कटोरा कहलाता है आज प्रदेश के किसान अपने धान बेचने के लिए परेशान है। कांग्रेस ने प्रति क्विंटल 2500 रूपए में धान खरीदने का वायदा करके 1 साल से धान का पैसा रोक कर रखी है। किसानों के खेतों का जांच किया जा रहा है, उनके रकबे को घटाने का काम किया जा रहा है।

नगर सैनिकों ने गृहमंत्री को अपनी समस्या से कराया अवगत

गरियाबंद। नगरसेना के सैनिकों ने प्रवास पर आए गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को अपनी समस्या से अवगत कराया। छत्तीसगढ़ नगर सैनिक परिवार कल्याण एसोसिएशन गरियाबंद के अध्यक्ष ओंकार साहू के नेतृत्व में 150 की संख्या में महिला-पुरुष सैनिको ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन । पुलिस आरक्षक समान वेतन एवं 15 महीने से रुके हुए एरियर्स की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा है कि पूरे छतीसगढ़ के सैनिको द्वारा के विभिन्न मंत्रियों एवं विधायको को अपनी समस्या बताई जा रही है लेकिन कोई इनपर ध्यान नही देता। काम तो आरक्षक समान लेते है लेकिन वेतन आधा देते है,वर्तमान में छतीसगढ़ के मुखिया भूपेश बघेल जी है और इन्ही के द्वारा पूर्व में जब बीजेपी की सरकार थी उस वक्त सैनिको का वेतन 29645 वृध्दि करने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री रमनसिंह जी को पत्र लिखा गया था और जब आज खुद मुख्यमंत्री है तो सैनिको को भूल गए है। नगरसेना के सैनिकों से ला एंड ऑर्डर, थानों में, प्रशासन के विभिन्न कार्यालयों में, मंत्रियों/अधिकारियों के बंगलो में,चुनाव के दौरान अन्य राज्यो में,महिलाओ को छात्रावासों में 24 घंटे ड्यूटी कराया जाता है। एवं जोखिम से भरे कार्य बरसात से समय बाढ़ बचाव कार्य कहि आगजनी हो जाये तो अग्निशमन का कार्य भी सैनिको से लिया जाता है। छत्तीसगढ़ नगर सैनिक परिवार कल्याण एसोसिएशन गरियाबंद के अध्यक्ष ओंकार साहू के नेतृत्व में 150 की संख्या में महिला-पुरुष सैनिकों ने ज्ञापन सौंपा।

प्रधानमंत्री फसल बीमा की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर

बालोद। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत कृषक (ऋणी तथा अऋणी) 15 दिसम्बर 2020 तक बीमा करा सकते हैं। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि रबी मौसम वर्ष 2020-21 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जिले में संचालित है, जिसके अंतर्गत रबी में मुख्य फसल चना तथा अन्य फसल गेंहूँ सिंचित, गेहूँ असिंचित, राई-सरसों एवं अलसी सम्मिलित है। इस योजना के अंतर्गत ऋणी कृषक (भू-धारक एवं बटाईदार) तथा गैर ऋणी कृषक (भू-धारक एवं बटाईदार) शामिल हो सकते हैं। जिस ग्राम में अधिसूचित फसल निहित है, उस फसल का किसान फसल बीमा करा सकता है। उन्होंने बताया कि योजना में ऋणी एवं अऋणी कृषकों के लिए फसल बीमा ऐच्छिक रखा गया है। फसल बीमा में शासन द्वारा निर्धारित ऋणमान के आधार पर प्रति हेक्टेयर 1.5 प्रतिशत प्रीमियम दर कृषकों द्वारा देय है।

योजनाओं के क्रियान्वयन में मितानिनों का महत्वपूर्ण योगदान : एसडीएम

कोरिया। मितानिन दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत के सभाकक्ष में शहरी क्षेत्र मनेंद्रगढ़ के वार्डों में कार्यरत सभी वार्ड मितानिनो का सम्मान समारोह जिला पंचायत सदस्य एवं जिला समन्वयक उषा सिंह के द्वारा आयोजित किया गया. शहरी क्षेत्र की सभी मितानिनो का सम्मान एसडीएम नयनतारा सिंह तोमर, नगरपालिका उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी तिवारी, जिला पंचायत सदस्य व जिला समन्वयक उषा सिंह करियाम के द्वारा साड़ी, श्रीफल व पेन देकर किया गया. सम्मान समारोह में उपस्थित मनेंद्रगढ़ एसडीएम नयनतारा सिंह तोमर ने कहा कि शहरी क्षेत्र में मितानिनों की नियुक्ति मार्च 2020 में हुई है। जिस दौरान कोरोना का काल शुरू हो गया था जो मुश्किल का दौर था उस दौर में मितानिन द्वारा सर्विलेंस का कार्य करना बहुत ही हिम्मत का काम था। एसडीएम नयनतारा सिंह तोमर ने कहा कि शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन करने में मितानिन का बहुत बड़ा योगदान है।

मितानिन दिवस पर जिपं सदस्य ने किया मितानिनों का सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम पंचायत श्यामनगर में मितानिन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य व पँचायत प्रतिनिधियों ने मितानिनों को श्रीफल व शॉल भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान चंद्रशेखर साहू ने कहा कि मितानिन बहनें ठंड हो या बरसात या फिर गर्मी सभी मौसम में 24 घंटे सेवा देती हैं। गर्भवती से लेकर शिशुवती होने तक गांव के सभी घर में जाकर मितानिन सेवा करती हैं। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपलब्ध रहे या न रहे लेकिन मितानिन हमेशा उपलब्ध रहती हैं। उनकी बहुत सराहनीय कार्य है जैसे टीबी, कुष्ठ, टीकाकरण, गर्भवती की दवाई वितरण, आहार संबंधित और स्वास्थ्य संबंधित जानकारी हमेशा देती रहती है। वही सरपंच दुर्गा साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में अब तक जितनी भी उपलब्धियां रही हैं उनके पीछे महत्वपूर्ण श्रेय मितानिन कार्यक्रम को जाती हैं। मितानिनों के निःस्वार्थ सेवा और मेहनत के फलस्वरूप ही मितानिन कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण का देश में सबसे शानदार उदाहरण है।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत श्यामनगर के सरपंच प्रतिनिधि छन्नू साहू, पंचगण, सोमनाथ साहू, केशकुमार साहू, मदन साहू,पवन साहू, ग्रामवासी श्यामू निषाद, दुकालूराम, ईश्वर साहू, खेलावन साहू, बेदराम निषाद,

शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने वाले पटवारी एवं सचिव को कलेक्टर ने दिया निलंबन के आदेश

जशपुरनगर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महादेव कावरे द्वारा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अहर्ता तिथि 01.01.2021 के संदर्भ में निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित विशेष अभियान कार्यक्रम के तहत् 22 नवम्बर 2020 को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-12 जशपुर के अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 271 रातामाटी निरीक्षण किया। इस दौरान पटवारी रातामाटी रूकमणी सारथी एवं सचिव रातामाटी सह बीएलओ विजय शंकर को कार्यस्थल से अनुपस्थित पाए जाने एवं उनके द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने के कारण कलेक्टर ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन की अवधि में रूकमणी सारथी एवं विजयशंकर को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। विधानसभा क्षेत्र मांक -12 जशपुर के अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 271 रातामाटी निरीक्षण के दौरान पटवारी हल्का नंबर 07 एवं पर्यवेक्षक श्री तरूण खत्खो, तथा अविहित अधिकारी एवं सहायक शिक्षक रातामाटी कुमारी सुषमा तिग्गा को कार्यस्थल से अनुपस्थित रहने एवं निर्वाचक नामावली जैसे राष्टीय महत्वपूर्ण कार्यों में लापरवाही बरतने के कारण अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए कारण बताओ नोटिश जारी किया है।

महिला आयोग की अध्यक्षा किरणमयी नायक पहुंची सूरजपुर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा किरणमयी नायक के प्रथम सूरजपुर दौरे के दौरान जिला,ब्लाक व शहर काँग्रेस के पदाधिकारियों द्वारा स्थानीय सर्किट हाउस सूरजपुर में स्वागत किया गया नायक ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की व संगठन को बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के नियुक्ति , रेडी टू इट का संचालन, किशोर न्याय बोर्ड,बाल कल्याण समिति का गठन के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों व संगठन के मुख्य पदाधिकारियों के आपसी तालमेल से नियुक्ति यों को लेकर सामंजस्य बैठाने की बात कही उन्होंने बताया कि 15 साल के विपक्ष के बाद काँग्रेस की सरकार आयी है अब काँग्रेस के लोगो को प्रमुखता देना हमारा उद्देश्य है किसी भी प्रकार की समस्या कार्यकर्ताओं को नही होगी। कार्यकर्ता स्वतंत्र रूप से सरकार के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी-अपनी भागीदारी रखेंगे नायक ने कार्यकर्ताओं को संगठन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए इस दौरान जिला काँग्रेस अध्यक्ष भगवती राजवाड़े,ब्लाक काँग्रेस अध्यक्ष अश्विनी सिंह,प्रदेश किसान काँग्रेस महामंत्री विमलेश तिवारी, एल्डरमेन मनोज डालमिया,शहर काँग्रेस अध्यक्ष संजय डोसी, युंका जिलाध्यक्ष जफर हैदर, प्रदेश सचिव इस्माइल खान, जिला पंचायत सदस्य उषा सिंह, विनय मिश्रा,पार्षद गैबीनाथ साहू, सुनील अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य बिहारी कुलदीप, कुसुमलता राजवाड़े, विधायक प्रतिनिधि आकाश साहू, सूरज अवस्थी, शान्तु डोसी, पारस राजवाड़े, राजपाल कसेरा उपस्थित थे।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, दिनांक 06.01.1999 को 1. श्री दुकालू, 2. श्री सुकालू, 3. श्री बिसाल, 4. श्री हीराराम, सभी पिता श्री लतेल, 5. श्री श्यामलाल, 6. श्यामबाई, 7. श्री दशरथ, सभी पिता श्री मंगलू, सभी निवासी मोवा रायपुर, के द्वारा श्री पवन कुमार अग्रवाल पिता श्री इन्द्राजमल अग्रवाल निवासी समता कालोनी, रायपुर के पक्ष में एक आवासीय भूमि जिसका खसरा नंबर 829/1, रकबा 0.093 हेक्टेयर, जो कि वाके मौजा मोवा पटवारी हल्का नंबर 109, रानिम, रायपुर तह. व जिला रायपुर को विक्रय विलेख निष्पादित किया गया था।

यह कि श्री पवन कुमार अग्रवाल से विक्रय विलेख दिनांक 06.01.1999 की मूल प्रति का अन्तिम पेज कहीं गूम हो गई है, तथा बहुत प्रयास के बाद भी नहीं मिल रही है। जिसकी सूचना आजाद चौक थाना में 03.11.2020 को दर्ज करवा दी गई है।

यह कि उपरोक्त संपत्ति को बंधक रखकर श्री हनुमान फूटस, रायपुर ने एक्सिस बैंक ब्रान्च पंडरी नगर, से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है।

अतः उक्त गुम हुऐ विक्रय विलेख दिनांक 06.01.1999 एवं उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति या बैंक, वित्तीय या गैर वित्तीय संस्था या कोई अन्य किसी भी प्रकार का हक दावा संबंधी कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के अन्दर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज के उपस्थित होकर आपत्ति करे म्याद अवधि के पश्चात् कोई भी दावा आपत्ति शुन्य व अवैध मानी जावेगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 24.11.2020

भवदीय
विजय राठौर, अधिवक्ता
ऑफिस-भारत गैस गोडउन के पीछे
लक्ष्मी नगर, पचपेड़ी नाका, रायपुर छ.ग.
मो. - 9425202167
मुहर

कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
वार्ड का नाम - मिनी माता वार्ड
वार्ड क्र. 37 वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **23.12.2020** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक - 663/24.11.2020, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** -97/37, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - भुवन यादव S/o. बनऊ यादव, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- अमर लाल यादव S/o. भुवन यादव.

आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव
मुहर

कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
वार्ड का नाम - मिनी माता वार्ड
वार्ड क्र. 37 वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **23.12.2020** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक - 664/24.11.2020, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** -97/37, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - भुवन यादव S/o. बनऊ यादव, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- धनराज यादव S/o. भुवन यादव.

आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव
मुहर

कार्यालय नगर पालिक निगम (जोन -4) रायपुर छ.ग.

प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक

-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्र.क्र. 208, 2020-2021
वार्ड का नाम - स्वामी विवेकानंद सदर बाजार-45

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि स्वामी विवेकानंद सदर बाजार-45 वार्ड स्थित भवन / भूमि **45/172 सत्ती बाजार चौक** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती महेश कुमार अग्रवाल, दिनेश कुमार अग्रवाल, संजय अग्रवाल, राजेश कुमार अग्रवाल/ रामचरण अग्रवाल** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती (1) संजय अग्रवाल (2) राजेश अग्रवाल दोनों पिता स्व. रामचरण अग्रवाल** ने मृत्यु प्रमआण पत्र/ सहमति पत्र/शपथ पत्र/दान पत्र/हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/ पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

जोन कमिश्नर
जोन क्र. -04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
मुहर

कार्यालय नगर पालिक निगम (जोन -4) रायपुर छ.ग.

प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक

-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्र.क्र. 206, 2020-2021
वार्ड का नाम - स्वामी विवेकानंद सदर बाजार-45

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि स्वामी विवेकानंद सदर बाजार-45 वार्ड स्थित भवन / भूमि **45/304/** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती अमिता बेन पटेल पति स्व. श्री मुकेश भाई पटेल** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती लोकेन्द्र जैन पिता स्व. जीवनलाल जैन** ने मृत्यु प्रमआण पत्र/ सहमति पत्र/शपथ पत्र/दान पत्र/हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/ पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

जोन कमिश्नर
जोन क्र. -04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
मुहर

कार्यालय नगर पालिक निगम (जोन -4) रायपुर छ.ग.

प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक

-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्र.क्र. 207, 2020-2021
वार्ड का नाम - स्वामी विवेकानंद सदर बाजार-45

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि स्वामी विवेकानंद सदर बाजार-45 वार्ड स्थित भवन / भूमि **45/529** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती अनिल कुमार आहुजा पिता स्व. कन्हैयालाल, शांतिबाई आहुजा पति स्व. कन्हैयालाल** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती अनिल कुमार आहुजा पिता स्व. कन्हैयालाल (2) श्री सागर आहुजा पिता अनिल कुमार** ने मृत्यु प्रमआण पत्र/ सहमति पत्र/शपथ पत्र/दान पत्र/हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/ पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

जोन कमिश्नर
जोन क्र. -04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
मुहर

कार्यालय नगर पालिक निगम (जोन -4) रायपुर छ.ग.

प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक

-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्र.क्र. 205, 2020-2021
वार्ड का नाम - स्वामी विवेकानंद सदर बाजार-45

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि स्वामी विवेकानंद सदर बाजार-45 वार्ड स्थित भवन / भूमि **45/357/2** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती मो. तनवीर खान अशरफी पिता स्व. हाजी मो. बशीर खान** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती मो. अम्मार खान, मो. हस्सान खान अशरफी दोनों पिता तनवीर खान** ने मृत्यु प्रमआण पत्र/ सहमति पत्र/शपथ पत्र/दान पत्र/हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/ पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

जोन कमिश्नर
जोन क्र. -04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
मुहर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01

सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल- eocghbzone1@gmail.com

-: आम-सूचना :-

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर, डंगनिया रायपुर में निर्मित 70 जू.एम.आई.जी. योजना में से भवन/भूखण्ड क्र. **जू.एम.आई.जी.-317 से.01 में श्रीमती रश्मि सिंह पति श्री वीर बहादुर सिंह** को भाड़ाक्रय/स्ववित्तीय आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 31.01.2002 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक **07.11.2020** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन **श्रीमती शालिनी अग्रवाल पति श्री चन्द्र कुमार अग्रवाल** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड / भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01,कबीर नगर, रायपुर
मुहर

कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
वार्ड का नाम - गोवर्धन वार्ड
वार्ड क्र. 14 वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **23.12.2020** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक - 665/24.11.2020, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** -442/14, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - सीता राम साहू S/o. स्व. भागबली साहू, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- मोहन लाल साहू S/o. सीता राम.

आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव
मुहर

कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
वार्ड का नाम - गोवर्धन वार्ड
वार्ड क्र. 14 वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार

संपादकीय

वैक्सीन की चुनौती, सार्वजनिक-निजी साझीदारी जरूरी

चूंकि 2020 एक 'खोया हुआ वर्ष' रहा, इसलिए बहुत से लोग 2021 को 'वैक्सीन वाले वर्ष' के रूप में देख रहे हैं। भारत में वैक्सीन आने के बाद जनता के टीकाकरण के लिए एक साल कम पड़ेगा। दुनिया के सबसे बड़े वैक्सीन निर्माता संस्थान सीरम इंस्टीट्यूट आफ इंडिया के सीईओ अदार पूनावाला ने कहा है कि सभी भारतीयों तक वैक्सीन 2024 तक ही पहुंच सकेगी। इसके लिए सप्लाई श्रृंखला बनाना सबसे बड़ी चुनौती है। यह वायलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, छीजन से बचने तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को वैक्सीन देने के लिए प्रशिक्षित करने तथा वैक्सीन लगाने वाले लोगों की प्रतिक्रिया की निगरानी हेतु जरूरी है। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए यह आम चुनाव की तरह बहुआयामी अभियान की तरह होगी जिसमें भारी मात्रा में पैसा व संसाधन लगेगें। पूनावाला ने स्वयं अनुमान लगाया है कि सरकार को एक साल में 80,000 करोड़ रुपये खर्च करने होंगे। हमने अब तक कोई वयस्क टीकारण कार्यक्रम नहीं चलाया है, इसलिए सरकार को महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण कार्यक्रम के आधार पर आगे बढ़ना होगा जो दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। लेकिन हमें यह तथ्य भी स्वीकार करना होगा कि समग्र टीकाकरण कार्यक्रम अभी शत प्रतिशत सफलता नहीं प्राप्त कर सका है। सितंबर, 2019 में कराए स्पेंड इंडिया सर्वे के अनुसार भारत के 47 प्रतिशत गरीब बच्चों का पूरी तरह टीकारण नहीं हुआ है, जबकि सरकारी टीकाकरण कार्यक्रम पिछले 30 साल से चल रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्वीकार किया है कि टीकाकरण 1992-93 में 35 प्रतिशत था जो 2015-16 में 62 प्रतिशत तक पहुंचा। वर्तमान समय में लगभग 390 मिलियन वैक्सीन खुराकों के माध्यम से टीकाकरण 26.7 मिलियन नवजातों तथा 29 मिलियन गर्भवती महिलाओं को हर साल सुरक्षा देता है। कोरोनावायरस वैक्सीन की दो खूराकें देनी होंगी। इसके लिए कोल्ड चेन श्रृंखला बनाए रखना बड़ी चुनौती है। फाइजर व माडर्ना की वैक्सीनों के लिए माइनस 70 डिग्री तापमान की जरूरत होगी तथा इस तापमान से बाहर लाने पर पांच दिन में टीकाकरण जरूरी होगा। भारत के अलावा अन्य विकसित देशों के लिए भी ऐसे में सप्लाई

श्रृंखला बनाए रखना आसान नहीं होगा। हमें ऐसी वैक्सीन चाहिए जिसे द्रव रूप में दो से आठ डिग्री सेंटीग्रेड पर रखा जा सके। कोई वैक्सीन शत प्रतिशत प्रभावी नहीं होती है और न आजीवन सुरक्षा की गारंटी देती है। एंटीबाडी घटने के बाद पुनः वैक्सीन की जरूरत पड़ती है। इसके साथ ही हमें सिरिंजों और ग्लास वायलों की आवश्यकता होगी जो शून्य से नीचे तापमान पर कारगर बनी रह सकें क्योंकि इस तापमान पर कांच टूटने लगता है। बड़ी दवा कंपनियों को इस दिशा में भी काम करना होगा। वैक्सीन को प्रभावशील बनाए रखने के लिए इनकी मजबूती का परीक्षण प्रयोगशालाओं में कर उनकी संस्तुति की जरूरत होगी। हालांकि, भारत दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन निर्माता है, लेकिन इसके बावजूद वह सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अभी पूरी तरह टीकाकरण से सुरक्षित नहीं कर पाया है। अमीर व स्वास्थ्यरक्षा ढांचे के मामले में संसाधन संपन्न देश हमसे पहले ही फाइजर व माडर्ना वैक्सीनों को अपनी जनता के लिए खरीद लेंगे। विश्व स्वास्थ्य संगठन की कोवैक्स परियोजना का लक्ष्य 18 बिलियन डालर से गरीब देशों के लिए वैक्सीन खरीदना है, लेकिन इससे स्वास्थ्यरक्षा क्षेत्र में एक नई किस्म की ऊंचनीच पैदा होगी। अतः एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका की उभरती अर्थव्यवस्थाओं को स्वास्थ्यरक्षा क्षेत्र में नए प्रयास करने होंगे। दुनिया के एक हिस्से में तैयार होने वाली वैक्सीनों को दुनिया के दूसरे हिस्सों में भेजने के लिए भी भारी खर्च होगा। सुरक्षा के दृष्टिकोण से इनको विमानों से ही भेजना पड़ेगा। मैक्किन्से ने अनुमान लगाया है कि दुनिया में 10 मिलियन से अधिक खूराकों का व्यापार होगा।

प्राथमिक स्वास्थ्यरक्षा का महत्व

हालांकि, राजनीतिक पार्टियां अपने चुनाव घोषणापत्रों में प्राथमिकताएं गिनाती रही हैं, पर पहली बार स्वास्थ्यरक्षा ढांचा मजबूत करना चुनावी एजेंडा बना है।

सुरवि शर्मा
(लेखिका पेशे से चिकित्सक हैं)

विशाल जनसंख्या की जरूरतों के बावजूद भारत में स्वास्थ्यरक्षा कभी चुनावी लामबंदी का विषय नहीं बना, जबकि यह ब्रिटेन व अमेरिका जैसे पुराने लोकतंत्रों में चर्चा का विषय रहा है। पिछले 70 साल में 1983, 2002 व 2017 में ही विभिन्न सरकारों ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीतियों की घोषणा की है। हालांकि, राजनीतिक पार्टियों ने अपने चुनाव घोषणापत्रों में राष्ट्रीय नीतियों व वादों को लगातार स्थान दिया है, पर स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार स्वास्थ्यरक्षा ढांचा चुनाव का एजेंडा बना है। इसका कारण कोरोनावारस वैश्विक महामारी है। हमारे देश को ऐसी स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था की ओर बढ़ना चाहिए जिसमें लोगों को स्वस्थ तथा अस्पतालों से बाहर रखने को प्राथमिकता मिले। इस परिवर्तन में प्राथमिक देखभाल करने वाले डाक्टरों की प्रमुख भूमिका है। इससे वित्तीय बोझ कम होगा तथा एमरजेंसी रूमों व तृतीयक स्वास्थ्यरक्षा केन्द्रों की भारी कीमत में कमी आएगी। बेहतर प्राथमिक स्वास्थ्यरक्षा से मरीजों की संख्या भी घटेगी। लेकिन इसके बावजूद हमने इस क्षेत्र की अनदेखी की है जो वर्तमान स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था की सबसे बड़ी कमी है।

प्राथमिक स्वास्थ्यरक्षा का अर्थ सभी व खासकर सर्वाधिक हाशियाकृत लोगों को स्वास्थ्यरक्षा प्रदान करना है। यह व्यवस्था लोकतांत्रिक कामकाज की तरह ही महत्वपूर्ण है। यदि देश की यह व्यवस्था अच्छी तरह काम न करे तो जनता के हित प्रभावित होंगे। स्वास्थ्य का अधिकार हमारे संविधान में जीवन के अधिकार का हिस्सा है। इसके बावजूद विश्व स्वास्थ्य व्यवस्था रैंकिंगों में भातर का स्थान बहुत नीचे है। हमारे यहां सबसे ज्यादा क्षय रोगी व लकवा रोगी हैं तथा मातृ व शिशु मृत्यु दर सबसे ज्यादा है। प्राथमिक स्वास्थ्यरक्षा को केन्द्र में रखने के लिए हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था को प्रक्रियाओं व अस्पताल आधारित देखभाल के बजाय ऐसी व्यवस्था की ओर बढ़ना चाहिए जहां प्राथमिक स्वास्थ्य चिकित्सकों-पीसीपी को महत्व मिले। इस व्यवस्था में विशेषज्ञों की दुनिया में पीसीपी को आगे बढ़ाना होगा।

1946 में गठित भोर समिति ने एक उल्लेखनीय रिपोर्ट प्रकाशित कर 'सामाजिक चिकित्सक' की आवश्यकता उजागर की थी जो भारत की स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था में प्रमुख भूमिका निभाते। रिपोर्ट में जोर दिया है कि हमें फैमिली मेडिसिन को एक अलग विशेषज्ञता के रूप में महत्व देना चाहिए तथा चिकित्सा संस्थानों में इसके लिए परास्नातक व आवासीय पाठ्यक्रम चलाने चाहिए। इसके लिए चिकित्सा शिक्षा व्यवस्था को भी चिकित्सा छात्रों को प्रोत्साहित करना होगा ताकि वे प्रभावी स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था में प्राथमिक देखभाल का महत्व समझ सकें। अमेरिका में स्वास्थ्यरक्षा में सुधार के लिए काम करने वाले संगठन जोसिया मैसी जूनियर फाउंडेशन के अनुसार ज्यादा प्राथमिक देखभाल करने वाले डाक्टर तैयार करने होंगे जो वंचितों व गरीबों की सेवा के लिए तैयार हों। इसके लिए चिकित्सा स्कूलों को छात्र चयन के तरीके बदलने होंगे। भारत में अपने समुदायों से दीर्घकालीन संपर्क व सार्वजनिक सेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता रखने वाले छात्र ऐसे पाठ्यक्रम की ओर आकर्षित हो सकते हैं। भारत तथा अमेरिका में पीसीपी की कमी है। इसके उलट जापान ने स्वास्थ्यरक्षा सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था में विशेषज्ञों के बजाय पीसीपी को महत्व दिया है और निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनके विचार ज्यादा महत्वपूर्ण माने जाते हैं।

जापान के आधुनिक चिकित्सा इतिहास में अस्पताल ज्यादा अमीर लोगों के लिए सीमित थे, जबकि उनकी सरकारी फंडिंग सीमित थी। सरकार ने अपना ध्यान डाक्टरों के प्रशिक्षण तथा संक्रामक बीमारियां दूर रखने पर ज्यादा दिया था। इसके साथ ही निजी क्लीनिकों व अस्पतालों तथा सरकारी डाक्टरों के बीच संपर्क पर प्रतिबंध लगा कर दोनों समूहों के बीच निहित स्वार्थ विकसित होने पर रोक लगाई गई थी। चिकित्सा आधारित पीसीपी के पक्ष में जोर देने से जापानी चिकित्सा व्यवस्था प्राथमिक स्वास्थ्यरक्षा को ज्यादा महत्व देने वाली बनी। 1927 में जापानी सामाजिक स्वास्थ्य बीमा लागू किया गया तथा पीसीपी के प्रभुत्व वाली मेडिकल असोसियेशन ने फीस निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। प्राथमिक स्वास्थ्यरक्षा की मांग पुनर्जीवित करने के लिए व्यवस्था व ढांचागत संरचना में भारी निवेश की आवश्यकता है। इसमें उपयुक्त कर्मचारी और परिसर, सूचना प्रबंधन व्यवस्थायें तथा देखभाल व इसकी गुणवत्ता में सुधार शामिल हैं।

भारत में स्वास्थ्यरक्षा पर 2018 तक सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी का केवल एक प्रतिशत खर्च होता था, हालांकि 2019 के बाद इसे बढ़ा कर जीडीपी का 3.6 प्रतिशत किया गया है। यह अनेक गरीब व अलोकतांत्रिक देशों की तुलना में बहुत कम है। इस मामले में हम केवल बुरुंडी, म्यांमार, पाकिस्तान, सूडान व कंबोडिया से ही आगे हैं। इतने कम खर्च के कारण हमारी स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था विकृत हो गई है और यह एक अरब से अधिक जनसंख्या की सेवा नहीं कर पा रही है। कम निवेश का प्रभाव स्वाभाविक रूप से प्राथमिक स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था पर पड़ता है। हमारे पास समग्र प्राथमिक देखभाल के लिए सप्लाई व औषधियों की कमी है। 2009 में इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फार पापुलेशन साइंसेज़, मुंबई द्वारा 709 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों-पीएचसी के अध्ययन से स्पष्ट हुआ था कि 24 प्रतिशत में बिजली तथा 63 प्रतिशत में नियमित जल की व्यवस्था नहीं थी। वर्तमान समय में आशा की जाती है कि पीएचसी केन्द्र द्वारा निर्धारित वर्टिकल कार्यक्रमों का भी संचालन करेंगे जो उनको समुदायों से पूरी तरह काट देते हैं। इसके परिणामस्वरूप पीएचसी की सहायता लेने वाले परिवार भी अपनी चिकित्सकीय आवश्यकताओं के लिए दूसरे संस्थानों की तलाश करते हैं।

अनेक अध्ययनों से स्पष्ट है कि जनता के स्वास्थ्य में सुधार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्यरक्षा पर ज्यादा सरकारी खर्च की आवश्यकता है ताकि वे प्रभावी व सक्षम बन कर सबके साथ न्याय कर सकें। इससे गरीबों की मृत्यु व रुग्णता दर में कमी होगी। 163 देशों में कराए एक अध्ययन के अनुसार स्वास्थ्यरक्षा पर सरकारी खर्च बढ़ने से नवजात मृत्यु दर में कमी आती है। भारत में पीएचसी का बड़ा संजाल है और प्रत्येक लगभग 25,000 जनसंख्या की सेवा करती है। लेकिन मध्य प्रदेश, बिहार व झारखंड जैसे गरीब राज्यों में ये क्रमशः 45,000, 49,000 व 76,000 जनता की सेवा करती हैं। राजस्थान में जनसंख्या इतनी विरल है कि परिवार को निकटतम पीएचसी तक पहुंचने के लिए 10-20 किलोमीटर चलना पड़ता है।

सीमित संसाधनों से दक्षिण अमेरिका के कुछ देशों ने जन-हितैषी स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था बनाने में सफलता पाई है जो विशाल जनसंख्या की सेवा करती है। ब्राजील के फैमिली क्लीनिक व पालीक्लीनिक तथा क्यूबा में नर्सों के कार्यालय राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्यरक्षा कवरेज के उदाहरण हैं। दुनिया में क्यूबा की प्राथमिक स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था सर्वाधिक प्रभावी है। इसमें समुदाय आधारित पालीक्लीनिकों को महत्व दिया गया है जो 30,000 से 60,000 जनसंख्या की सेवा करते हैं। पड़ोसी-आधारित फैमिली डाक्टर व नर्सों के कार्यालय समुदायों तक सेवा पहुंचाने में सहायता करते हैं। इन सेवाओं में समुदाय के विश्लेषण व इलाज के माध्यम से रोग निवारण पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है। प्राथमिक स्वास्थ्यरक्षा में जनता की सहभागिता लोकतंत्र में उनकी सहभागिता की तरह ही महत्वपूर्ण है। पश्चिम बंगाल व केरल में प्राथमिक स्वास्थ्यरक्षा का प्रबंधन पंचायतों द्वारा किया जाता है और यहां समान आर्थिक विकास वाले अन्य राज्यों की तुलना में स्वास्थ्य संकेतक बेहतर हैं।

शहरों में भी सरकारी स्वास्थ्यरक्षा केन्द्र अभी पूरी तरह बीमारों की गरिमापूर्ण ढंग से सेवा नहीं कर पा रहे हैं। बिस्तरों के लिए रोगियों को संघर्ष करना पड़ता है तथा रोगियों के साथ उनके बच्चे भी अस्पताल वार्डों के फर्श पर पड़े रहते हैं। महिलाओं द्वारा शहरों के सरकारी अस्पतालों के गलियारों में प्रसव खबरों का हिस्सा बनते हैं। एक लोकतांत्रिक स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था समुदाय की पहुंच में तथा समुदाय की आवश्यकतानुसार रोग निवारण व रोग चिकित्सा में सक्षम होनी चाहिए। इनमें समुचित संख्या में स्वास्थ्यरक्षा प्रदाताओं की उपस्थिति जरूरी है जिनकी संस्कृति गरीबों की सम्मान के साथ सहायता करने की हो।

कठिन डिजिटल शब्दावली की समस्या

> "सूचना तकनीक जटिलताएं प्रायः नए शब्द ईजाद करती हैं और उनके शब्दजाल भ्रामक होते हैं। इनमें से अधिकतर से राजनीतिज्ञ की तरह निबटने की जरूरत है।"

विनयशील गौतम
(लेखक जाने माने प्रबंध परामर्शदाता हैं)

हम डिजिटलीकरण के युग में जी रहे हैं और अब महामारी ने उसे काफी कम समयावधि में किसी अन्य संभव तरीके की तुलना में और ज्यादा सार्वभौमिक बना दिया है। आनलाइन मंचों की बढ़ती संख्या तथा लगभग हर प्रकार के लेन-देन ने विश्व समुदाय को श्रेणियों में विभाजित कर दिया है जो जो इस प्रक्रिया व माध्यम के साथ उनकी सुविधा पर निर्भर करता है। परम्परागत व्यवस्था, रख-रखाव तथा सेवाओं से संबंधित, इन ऑनलाइन अनुदेशात्मक वीडियो सुविधा के चलते स्वयं काम को अंजाम देने की संस्कृति के पक्ष में बड़ी तेजी से खत्म हुई है। इसमें कोई शिकायत की बात नहीं यदि दो चीजें सुनिश्चित हो गई हैं। पहला है, ऑनलाइन संचार का मूलभूत ढांचा और जैसे उसकी आवश्यकता पड़े। दूसरे, समस्या का पता लगाने एवं समझने योग्य शब्दों में उसे व्यक्त करने हेतु प्रतिक्रियाशील डिजिटल छोर पर विश्वसनीय कौशल का होना। इन दोनों के लिए स्पष्ट रूप से उससे कहीं ज्यादा ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है जितना कि वर्तमान में दिया जा रहा है। यह बात गलती निकालने के लिए नहीं बल्कि डिजिटल रख रखाव सेवाओं के लिए अनिवार्य पूर्व शर्तों पर बल देने के लिए कही जा रही है। अवसंरचना एवं कौशल दोनों का कथन परिपक्वता हासिल करने में समय लेता है, जिससे वे उपयोग के योग्य बन सकें। इसे कृत्रिम रूप से अंजाम देने का प्रयास किया जाता है, ऐसे में दुर्घटनाएं कुछ ही हो पाती हैं। पहले में है व्यवस्था का ठप हो जाना और काम में रुकावट आना। दूसरा है अवसर का नुकसान जिसका उत्पादकता एवं आजीविका श्रृंखला के पहलुओं पर प्रभुत्वकारी असर पड़ा होता।

इस चिंता के सार्वभौमिक होने की आवश्यकता है और स्वयं नियोजन की अवस्था पूरा किया जाना होगा। बचने एवं पूर्ववर्ती प्रक्रियाओं से गुजरने के लिए कोई जादुई छड़ी नहीं होती। जीवन के तथ्य वहीं हैं जो होते हैं, इन खाइयों को पाटने में निवेश करना निवेश आकर्षित करने के लिए पर्याप्त मात्रा में लुभावना नहीं होता है। अपने स्वभाव से ही राजस्व से समृद्ध माड्यूलों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए बिजनेस गैर मुनाफाकारी गतिविधियों के इर्द गिर्द घूमता है।

ऐसा लगता है कि सरकार स्वयं बहुत से दबावकारी सरोकारों से घिरी हुई है कि यह अग्निशमन पद्धति से संचालित करने के लिए उद्यत होती है। परिणाम होता है, चारों ओर भ्रम की स्थिति, डाटा इंट्री में त्रुटियां एवं अर्ध-साक्षर कर्मचारियों द्वारा श्रेणियों का गलत अर्थ लगा लेना जो गलतियों के परिणामों को पूरी तरह समझ नहीं पाते। लापरवाहियों के कारण मामले और ज्यादा बिगड़ जाते हैं। प्रगतिशील रूप से बढ़ते दंडात्मक प्रोटोकॉल के द्वारा अदक्षता आगे और बढ़ जाती है जिसके द्वारा गड़बड़ियों को दूर किया जाता है। तकनीकी चूक के परिणामों की चेतन कृत्यों के तौर पर सरलता से व्याख्या की जा सकती है एवं दंडात्मक कार्रवाई हो सकती है।

महामारी के दौर में, जो कि संकट की पहचान किए जाने से कुछ सप्ताह पूर्व आ गया था, भारत में जिसे गति से नीति एवं दूरदृष्टि उपाय किए जा रहे हैं वह असाधारण है। शिक्षा से लेकर समुद्रवर्ती दूरदृष्टि तक, प्रभावी होते प्रतीत हो रहे हैं और लौटना प्रारम्भ हो गया है। इसका मिलान केवल प्रत्येक समाचार पत्र द्वारा छापी जाने वाली प्रतियों से किया जा सकता है और यह देखकर कि कितनी मात्रा में संवाद लगभग उन तक सीमित है जिनकी पहुंच इंटरनेट व पर्दे तक होती है।

तर्क को प्रायः आकांक्षाओं के अधीन माना जाता है और दलीलों को खोजने के लिए भारतीय बुद्धि सार्वभौमिक रूप से मजबूत जानी जाती है। मगर एक दिन यह सब कुछ बदलेगा। एक दिन महामारी अतीत की प्रघटना बन जाएगी। एक दिन, संभव है, इंटरनेट का प्रयोग न करने वालों तथा जो आर्थिक वृद्धि के ग्रहणकर्ता छोर पर हैं उनकी नियति संतुलन के बिंदु पर पहुंच जाएगी। कम भाग्यशाली लोग, या तो नष्ट हो जाएंगे या रूपांतरणकारी ढंग से, निर्धनता की दशा में चले जाएंगे। बचे लोगों में से, सफल लोगों का प्रतिशत मजबूती से चालक की स्थिति में होगा, बड़ा व समृद्ध तथा अधिक शक्तिशाली होता जाएगा।

स्पष्ट संभावना है कि उस स्थिति में भी, हो सकता है सद्भावना प्रभावी हो जाए। ऐसा होगा या नहीं यह समय ही बताएगा। कुछ मामलों में अल्पतंत्रों में समझदारी ज्यादा पाई जाती है। वह, ऐसे समय बिंदु पर, अनुमान का विषय है।

इन सब में, डिजिटलीकरण की प्रक्रिया एक मजबूत प्रभावी शक्ति होगी। इसका अर्थ है कि एक अरेखीय सोच की आवश्यकता उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी कि शिक्षा के क्षेत्र में रेखीय तर्कसंगतता। वैश्विक दृष्टिकोणों को भी स्थानीय विचारों के साथ मिलकर चलना पड़ेगा। भविष्य के लिए हमारी तैयारी ऐसे यथार्थ को मान्यता देने की मांग करती है।

प्रभावी रूप से, मानसिकता को बड़ी तस्वीर देखने के लिए समायोजित करने की आवश्यकता है, अस्थायी उपलब्धियों के लिए नहीं। इसके लिए निर्णय क्रिया संबंधी सजगतापूर्ण एवं सुव्यवस्थित दृष्टिकोण की आवश्यकता होगी। यह डार्विन के शब्दों में सिर्फ योग्यतक की उत्तरजीविता नहीं बल्कि काफी मात्रा में आत्मनिर्भरता हासिल करने की आवश्यकता होगी। वर्तमान समय में, इस अति आवश्यक यात्रा की शुरुआत डिजिटलीकरण मिशन का प्रसार करने में प्रयोग की जाने वाली भाषा को समझने योग्य एवं सरल बनाकर की जा सकती है। दुर्भाग्य से, जिन कठिन शब्दों का इस्तेमाल सूचना तकनीक विशेषज्ञों द्वारा अपने गैजेटों की कार्य प्रणाली की व्याख्या करने में किया जाता है वह सामान्य संप्रेषण का स्वरूप नहीं है। सूचना तकनीक जटिलताएं प्रायः नए शब्द ईजाद करती हैं और उनके शब्दजाल भ्रामक होते हैं। इनमें से अधिकतर से राजनीतिज्ञ की तरह निबटने की जरूरत है।

फरमाया

भारत अपने कार्बन चिन्ह 30-35 प्रतिशत तक घटाने का प्रयास कर रहा है। हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं में हमें प्राकृतिक गैस का उपयोग बढ़ाने की जरूरत है।
- नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

भारत के सभी राज्यों में लव जिहाद न केवल हिन्दुओं में बल्कि सभी गैर मुसलमानों में भी एक मुसीबत की तरह महसूस किया गया है।
- गिरिराज सिंह
केंद्रीय मंत्री



कई भाजपा नेताओं के परिजनों ने अंतरधर्म विवाह किए हैं। क्या ये विवाह भी लव जिहाद के अंतर्गत आते हैं?
- भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़

आप की बात

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

राशन कार्ड की समस्या

हंगर इंडेक्स में गम्भीर देशों की सूची में भारत को देखकर आश्चर्य हुआ। 80 करोड़ लोगों को 06 महीने 5 किलोग्राम आनाज प्रति यूनिट और एक किलो दाल देने वाला देश गरीब और भुखमरा नही हो सकता। लेकिन जो आंकड़े भुखमरी के इकट्ठे किये गये। वे सही भी हो सकते हैं। सरकार के कर्णधार अंत्योदय से सर्वोदय की केवल बात करते हैं। लोगों के कल्याण और विकास की योजनायें चलाई जाती है। लेकिन गरीब लोगों तक इन विकास की योजनायें पहुंच रही हैं कि नहीं। देखने वाला कोई नही।नौकर शाह और नेताओं की कार्यशैली और आचरण एक जैसा। दोनों भ्रष्ट हैं। जनता के पास जाने का समय नही है। गांवों में तमाम लोगों के पास राशनकार्ड नही है। कुछ लोगों के राशनकार्ड काट दिए गए और कुछ लोगो के सारे यूनिट ही काट दिए गये। लोगों ने राशनकार्डों के लिये कार्यालयों के चक्कर और दलालों से वर्षो से लुट रहे हैं। उनके राशन कार्ड नहीं बने। प्रधानमंत्री जी त्यौहार खत्म हो गए। अभियान चलाकर राज्यो के गांवों में अधिकारियों को भेजकर गरीब लोगों के राशनकार्ड बनाये जाए। साथ ही समर्थ और अपात्र लोगों के कार्ड काटे जाये। इन कार्डों के बनाने की जवाबदेही एक अधिकारी की तय की जाए।
- कुलदीप मोहन, जरगांव, उन्नाव

बढ़ता कोरोना संक्रमण

देश में बढ़ते कोरोना संक्रमण से कोरोना की दूसरी लहर आने के संकेत मिलते नजर आ रहे हैं। दो गज दूरी-मास्क जरूरी के नारे के साथ कोरोना के खिलाफ लड़ाई धीमी पड़ती नजऱ आ रही है। मार्केट में भीड़ और चुनावी रैलियों में लापरवाह लोगो को देखकर लगता है कि लगता है कि हमने हालातो से कोई सबक नही लिया। बिना मास्क वाले लोगों पर जुर्माना बढ़ाकर कोरोना संक्रमण नही रुकने वाला बल्कि प्रशासन को तेजी से बिना मास्क घूमने वाले लोगों पर कार्यवाही करने की आवश्यकता है। वहीं आम जनता को भी त्यौहारों, शादियों, चुनावी कार्यक्रमों में एतिहात बरतने की जरूरत है। इस्त्रारायल समेत कई देशों में दुबारा लॉक डाउन लगाया था। उसी समय जानकारों ने कोरोना संक्रमण को लेकर चेताया था कि सर्दियों में कोरोना पैर पसारने वाला है लेकिन हमें कोरोना के आंकड़े कम होनेभर से लग रहा है कि कोरोना से जंग जीत ली है। कोरोना ने रफ्तार और सरकारी चेतावनी के बावजूद मास्क नही लगाने वाले अथवा नियमो का पालन नही करने वाले लोग न केवल खुद बल्कि दुसरो के पैरों पर भी कुल्हाड़ी मार रहे हैं क्योंकि सुरक्षा के बावजूद पत्रकार से लेकर डॉक्टरो को कोरोना नही छोड़ रहा हैं।
- महेश सिद्धमुख, राजस्थान

शाकाहार का महत्व

चीन में मांस बंद सब्जियां उगाने की खबर सुर्खियों में आई। कोरोना वायरस के कहर से मौत एवं संक्रमित की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी की खबर ने विश्व स्वास्थ्य संघठन को व अन्य देशों को चिंतनीय बना दिया। चीन में मांसाहारी भोजन में संक्रमण ज्यादा हुआ। शाकाहारी भोजन में स्वास्थ्य के लिए उपयोगी पोषण तत्व रहते ही है। शाकाहारी भोजन को विदेशों में पसंद किया जाने लगा है। शाकाहार शरीर और मन मानवीय संवेदनाओं का सही रूप में पहचान करवाता है। प्राचीन समय से ही जीवन शैली में शाकाहारी भोजन स्वस्थ्यता का प्रतिक माना गया है। विकसित देशों का झुकाव इस और बढ़ा और उनमे भी शाकाहारी भोजन का अनुसरण करने की सोच विकसित होने लगी है। मांसाहार की तुलना में शाकाहार सस्ता और सुलभ होता है। शाकाहारी भोजन शीघ्र पच कर बिमारियों को आने से रोकता है। स्वस्थ चित मन ,तामसी प्रवृति को दूर करने हेतु शाकाहार भोजन को प्राथमिकता देना आवश्यक है ताकि शरीर में प्रतिरोध क्षमता बढ़कर जीवन में स्वस्थ्यता का लाभ प्राप्त किया जा सकें।
- संजय वर्मा, मनावर, मप्र

कलेक्टर ने खरीफ विपणन वर्ष 2020-221 धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा

सभी तहसीलदार स्वयं धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर तैयारियां सुनिश्चित करें-कलेक्टर

समर्थन मूल्य पर आगामी एक दिसम्बर से शुरू होगी धान खरीदी, कबीरधाम जिले में इस वर्ष एक लाख 385 किसानों ने कराया पंजीयन

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने यहां जिला कार्यालय के सभा कक्ष में खरीफ विपरण वर्ष 2020-21 में राज्य शासन के निर्देशानुसार आगामी एक दिसम्बर से शुरू हो रही समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की तैयारियों की समीक्षा। कलेक्टर श्री शर्मा ने कबीरधाम जिले इस वर्ष 94 धान उपार्जन केन्द्रों से होने वाली धान खरीदी के कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विगत वर्ष जिले में 86 धान उर्पाजन केन्द्रों के माध्यम से धान की खरीदी हुई थी। वनमंत्री तथा कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर के पहल पर कबीरधाम जिले में इस वर्ष 8 नए धान उर्जान केन्द्र बनाए गए है। इस आधार पर कबीरधाम जिले में 90 समितियों के 94 धान उपार्जन केन्द्रों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जाएगी। खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए जिले में एक लाख 385 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। बैठक में वनमंडलाधिकारी दिलराज प्रभाकर, जिला पंचायत सीईओ विजय दयाराम के., संयुक्त कलेक्टर अनिल सिदार, सभी अनुविभागीय अधिकारी, जिला खाद्य अधिकारी अरूण मेश्राम, जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी बद्री चन्द्रवंशी सहित सभी तहसीलदार एवं नायाब तहसीलदार उपस्थित थे।

कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने आगामी एक दिसम्बर से शुरू हो रही धान खरीदी के कार्यों के संबंध में सभी 94 धान उर्पाजन केन्द्रों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने खरीदी केन्द्र हेतु आवश्यक व्यवस्था, मुख्य सड़क से खरीदी केन्द्र तक सड़क की स्थिति, भूमि की उपलब्धता, समतलीकरण एवं पानी निकासी की व्यवस्था, केन्द्रों में पक्के चबूतरों के निर्माण की स्थिति, केन्द्र में भवन, बिजली, पानी की व्यवस्था, कम्प्यूटर, प्रिंटर, यू.पी.एस., जनरेटर, इंटरनेट आदि की व्यवस्था, केन्द्र में उपलब्ध कांटा-बांट और हमालों की व्यवस्था, बारदानों की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समिति प्रबंधक और नोडल अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि धान खरीदी 1 दिसम्बर के पूर्व खरीदी केन्द्रों में प्रतिदिन की आंकलित औसत खरीदी के आधार पर आगामी 15 दिवस की धान खरीदी के लिए बारदानें भौतिक रूप से केन्द्र में रखे हों, इसका पालन निरंतर किया जाना है। कलेक्टर शर्मा ने नोडल अधिकारियों को नियमित रूप से धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करने और किसी भी तरह की अनियमितता, अव्यवस्था की जानकारी संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को देते रहने के निर्देश दिए ।बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक खरीदी केन्द्र में शामिल ग्रामों के आधार पर उनके लिए ग्रामवार खरीदी दिवस सप्ताह में 5 कार्य दिवस के अनुसार निश्चित किया जाए। ग्राम की कृषक संख्या को ध्यान में रखते हुए छोटे कृषकों जो 1.5 हेक्टेयर रकबा तक के होंगें 70 प्रतिशत एवं बड़े कृषकों जो 1.5 हेक्टेयर से अधिक रकबा के होंगें 30 प्रतिशत खरीदी टोकन काटने के निर्देश दिए। ग्राम के पंजीकृत धान के रकबे के आधार एवं ग्राम की औसत उपज के आधार पर ग्रामवार क्रय किये जाने वाले धान की मात्रा का पूर्व आंकलन समिति प्रबंधक को करने निर्देश दिए । उक्त मात्रा के आधार पर ही ग्रामों के लिए खरीदी दिवस नियत कर बड़े और छोटे कृषकों को उसी अनुपात में टोकन जारी किया जएगा अर्थात सम्पूर्ण धान खरीदी सीजन जो लगभग 40 दिन का होगा उसके आधार पर खरीदी की कार्ययोजना पहले से बना ली जाए। बैठक में बताया गया कि धान खरीदी के लिए कृषकों को ग्रामवार टोकन ऑनलाईन जारी होंगे। किसी भी स्थिति में टोकन मैन्यूअल जारी नहीं किया जाएगा। ग्राम के कुल खरीदी योग्य रकबा एवं ग्राम की औसत उत्पादकता को ध्यान में रखते हुये प्रतिदिन की क्रय क्षमता का आंकलन करने और उस आधार पर अगले 5 दिनों के लिये 70 अनुपात 30 में टोकन जारी करने कहा गया। पांच दिवस से अधिक की अवधि के लिए टोकन किसी भी स्थिति में जारी न किया जाये अर्थात अगले हप्ते की खरीदी के लिए नियत ग्रामों के टोकन इस सप्ताह जारी हो जाये। बैठक में कलेक्टर शर्मा ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी नियमो का पालन कड़ाई से करने की व्यक्तिगत जिम्मेदारी खरीदी केन्द्र प्रभारी की होगी। 1.5 हेक्टेयर तक के रकबा वाले कृषकों का पूरा धान एक बार में ही क्रय किया जाना है। इसे ध्यान में रखते हुए खरीदी टोकन जारी हों। इस बात की मुनादी ग्रामों में अनिवार्य रूप से कराने कहा। प्रतिदिन की जाने वाली धान की मात्रा के आधार पर 70 प्रतिशत टोकन इन छोटे कृषकों का काटा जाए। 1.5 हेक्टेयर से अधिक रकबा वाले कृषकों का धान उनके पंजीकृत रकबा और उत्पादन के आधार पर क्रय करने के लिए 30 प्रतिशत के अनुपात में खरीदी टोकन जारी हो।

बड़े कृषकों के धान खरीदने के संबंध में प्रबंधक कृषक संख्या एवं धान की मात्रा को ध्यान में रखेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिना खरीदी टोकन के किसी भी ग्राम के कृषक द्वारा लाये गये धान को खरीदी केन्द्र के भीतर न रखाया जाए। सभी टोकन जारी किये गये कृषकों से बोए गए रकबा तथा कुल उत्पादन के संबंध में पहले ही प्रमाण पत्र लेकर और इसकी ग्राम की।

मण्डल स्तरीय प्रशिक्षण शिविर को लेकर भाजपा की बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर अखिल भारतीय मण्डल स्तरीय प्रशिक्षण योजना के तहत जिले के सभी मंडलो में प्रशिक्षण शिविर आयोजन की तैयारियों के सम्बंध में भाजपा जिला कार्यालय बेमेतरा में बैठक हुई। जिसमें बैठक के प्रभारी के रूप में प्रदेश मंत्री नीलू शर्मा उपस्थित रहें। इनके साथ साथ प्रदेश मंत्री संध्या परगिनहा, पुर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, पुर्व मंत्री डीडी बघेल, पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना,जिला महामंत्री विकास धर दीवान व नरेंद्र वर्मा,जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय तिवारी, प्रदेश मंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा दयावंत धर बांधे सहित वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे।

प्रभारी नीलू शर्मा ने प्रशिक्षण के सम्बंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा की रीति नीति के अनुसार कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षित होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मण्डल में 1 से 20 दिसम्बर के मध्य दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित करना है।बैठक में कोरोना संक्रमण के खतरे के मद्देनजर कोविड 19 के सारे नियमों का ध्यान रखना है। प्रशिक्षण भाजपा का इतिहास एवं विकास, हमारी कार्यपद्धति, हमारी विचारधारा, सोशल मीडिया का उपयोग, भाजपा एवं हमारा दायित्व, पिछले 6 वर्षों में हुए अंत्योदय प्रयत्न, व्यक्तित्व विकास, आत्मनिर्भर भारत का संकल्प सहित 10 मूल विषयों पर आधारित होगा। जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने बैठक की प्रस्तावना रखते हुए, प्रशिक्षण शिविर के पूर्व प्रत्येक मण्डल में बैठक करने के भी निर्देश दिए। बैठक का संचालन महामंत्री विकास दीवान एवं आभार प्रदर्शन नरेंद्र वर्मा ने किया। इस दौरान रघुनंदन तिवारी, संजीव तिवारी, देवादास चतुर्वेदी, जिला कन्या शक्ति संयोजिका निशा चौबे, भाजयुमो जिला महामंत्री बबलू राजपूत, मोंटी साहू, चन्द्रपाल साहू, टार्जन साहू, मूलचंद शर्मा, ललिता साहू, राजेश दीवान,सुरेश सिंघानिया, दीपेश साहू, राहुल टिकरिहा, गोवेन्द लोधी, मुचकुंद राजपूत, नीतू कोठारी, सन्तोष वर्मा, होरिलाल सिन्हा, निखिल साहू,परमेश्वर वर्मा,अनिल महेश्वरी, खेलु टंडन, अनिल रजक सहित भाजपा नेतागण उपस्थित रहे।

महापौर देवेंद्र यादव की पहल से जुड़ो क्लब सेक्टर 4 में खिलाड़ियों को मिलेगी जरूरी सुविधाएं

खिलाड़ियों की मांग पर महापौर देवेंद्र यादव बनवाएंगे नया जिम

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

भिलाई नगर विधायक व महापौर देवेंद्र यादव सोमवार की सुबह सेक्टर 4 जुड़ो क्लब पहुंचे। जहां उन्होंने खिलाड़ियों के साथ जुड़ों का अभ्यास किया। साथ ही सभी खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ाया, उन्हें प्रेरित किया और उनसे खेल संबंध में चर्चा कर उनकी समस्याएं भी जानी। जहां देखा कि खिलाड़ियों को और भी जरूरी चीजों की आवश्यता है। इसलिए महापौर ने वादा किया है कि खिलाड़ियों के बेहतर अभ्यास के लिए सभी जरूरी सुविधाएं यहां उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही सभी खिलाड़ियों की मांग पर यहां नया जिंम भी बनवाएंगे। आप को बता दे कि भिलाई के युवा महापौर व भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव खुद भी जुड़ों के नेशनल खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने जड़ों के कई नेशनल प्रतियोगिताओं में कई बार भिलाई और छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया है। आज सुबह जब जड़ों के खिलाड़ियों से मिलने और उनके साथ अभ्यास करने पहुंचे। जहां महापौर ने एक ओर नए खिलाड़ियों को जुड़ो के कुछ खास टिप्स दिए। वहीं खुद जुड़ो की प्रैक्टिस भी खिलाड़ियों के साथ मिल कर की और कोच से कई नई जानकारियों आसिल की। इस दौरान विधायक व महापौर श्री यादव ने सभी खिलाड़ियों से मिले खेल के प्रति उनका उत्साह बढ़ाया और उन्हें प्रेरित किया कि वे जमकर मेहनत कर और खूब प्रैक्टिस करें और भिलाई व छत्तीसगढ़ का नाम पूरे देश -दुनिया में रोशन करें।

नवनिर्मित सहकारी समिति नेवसा के उद्घाटन समारोह में अस्तित्व में लाने वाले संचालक मंडल की हुई उपेक्षा

बेमेतरा। नवागढ सेवा सहकारी समिति के संचालक जितेन्द्र भुवाल ने शिकायत में बताया कि नवागढ सेवा सहकारी समिति से पृथक होकर सेवा सहकारी समिति नेवसा के उद्घाटन समारोह में संचालक बोर्ड का उपेक्षा कर लुकाछिपी कर संसदीय सचिव गुरु दयाल सिंह बंजारे के हाथों फीता कटवाई गए उद्घाटन समारोह का खर्च नवागढ सेवा सहकारी समिति उठाएगी लेकिन समिति के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की घोर उपेक्षा कर किसानों का अपमान किया गया गैर राजनीति संस्था में राजनीति करण किया गया संचालक बोर्ड सम्मान न देना बेहद ही शर्मनाक हरकत है जिसकी शिकायत मुख्यमंत्री राज्य पाल से किया जाएगा।

टोकन देने की तारीख अखबार के माध्यम से जारी करने एवं धान बेचने में होने वाले समस्या को लेकर राहुल टिकरिहा ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रदेश में 01 दिसम्बर से धान खरीदी प्रारम्भ होने वाली है और सभी किसानों का धान एक साथ काटकर एकत्रित हो चुका है। ऐसे में किसानों में टोकन लेने को लेकर उहापोह की स्थिति बनने की प्रबल संभावना है। कौन से गॉव के किसान धान बेचने के लिए कब टोकन लेने आए इसके लिए अभी तक कोई आदेश जारी नहीं हुआ है।

अंकुर समाज सेवी संस्था के प्रदेश संयोजक एवं जिला पंचायत सभापति राहुल योगराज टिकरिहा ने बेमेतरा कलेक्टर शिव अनंत तायल जी से मुलाकात कर धान खरीदी के लिए किसानों को जारी होने वाले टोकन प्रणाली में पारदर्शिता हेतु निवेदन कर ज्ञापन सौंपा।

सभापति टिकरिहा ने कहा कि सभी किसानों के धान कट गया है। 1 दिसम्बर से धान खरीदी प्रारंभ होना है लेकिन अभी तक मंडी द्वारा किसानों को जानकारी नहीं दी गई है कि कब से धान बेचने के लिए किसानों को टोकन जारी होगा वही दूसरी तरफ दलाल और बेचोलिए भी सक्रिय हो गए है जिसकी शिकायतें लगातार मिल रही है, जिससे किसान परेशान हो रहे है। टोकन कब से जारी होगा इसके लिए प्रशासन की ओर से इस सम्बंध में किसानों को अभी तक जानकारी नहीं दी गई है।

सभापति टिकरिहा ने जिलाधीश से निवेदन करते हुए इन सभी विषयों को ध्यान में रखकर सभी समितियों में एक साथ टोकन प्रदाय की तिथि अखबार के माध्यम से किसानों तक पहुंचाए जाने को कहा, जिससे किसानों को सीधी राहत और जानकारी पहुंचाया जा सके।

संसदीय सचिव ने किया धान खरीदी केंद्र का उद्घाटन, किसानों को बाटे चना का बीज

बोरतारा और प्रतापपुर में मितानिनों का किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे ने अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बोरतरा, नेवसा ,प्रतापपुर के दौरे पर रहे जहाँ उन्होंने सेवा सहकारी समिति एवं धान खरीदी केंद्र का उद्घाटन किया । ग्राम बोरतारा और प्रतापपुर संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे ने मितानिनों को सा?ी भेट कर सम्मनित किया । वहीं कृषि विभाग के द्वारा हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत ग्राम बोरतराऔर ग्राम प्रतापपुर के किसानों को चना बीज का वितरण किया गया जिसमे बोरतारा से 100 किसान लाभान्वित हुए वही प्रतापपुर में 150 से ज्यादा किसान को चना का बीज वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संसदीय सचिव गुरदयाल सिंह बंजारे ने कहा के पहले विधानसभा में केवल 22 सेवा सरकारी समितियां ही था। जिससे किसानों को अपने धान की फसल बेचने और धान बीज खरीदने व खाद्य खरीदने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। किसानों को लंबी दूरी तय कर अपनी फसल बेचने और खेती के लिए खाद खरीदने जाना पड़ता था जिससे उनके समय की बर्बादी के साथ साथ आर्थिक बोझ भी उन पर पड़ता था। संसदीय सचिव ने आगे कहा जिस समय चुनाव प्रचार में थे उस समय से ही किसानों की समस्या से अवगत है। और माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जब किसानों की समस्याओं से अवगत करा तो उन्होंने किसानों की समस्या को दूर करने क्षेत्र में 17 नवीन सोसाइटी के गठन की जिसका लाभ आप सभी किसान को मिलेगा।

सुजाता धर को पीएचडी के लिए जर्मन छात्रवृत्ति प्रदत्त

सुजाता ने भिलाई का बढ़ाया गौरव

भिलाई। इस्पात संयंत्र के प्रोजेक्ट्स यूटिलिटी में सीनियर स्टॉफअसिस्टेंट के पद पर कार्यरत् सुजीत धर एवं पीजीटी, जेएनवी, बोरई में सेवारत् तन्द्रा धर की सुपुत्री सुजाता धर को दो वर्षों के लिए जर्मनी में पीएचडी के तहत रिसर्च करने हेतु प्रतिष्ठित डीएएडी अन्तर्राष्ट्रीय छात्रवृत्ति प्रदान किया गया। विदित हो कि सुजाता जीएफजेड पॉट्सडैम, टीयू बर्लिन और आईआईटी कानपुर के साथ एक संयुक्त परियोजना पर काम करेंगी। सुजाता धर इस छात्रवृत्ति हेतु भारत से चुने गए 13 छात्रों में शामिल हैं। विदित हो कि प्रतिभाशाली सुजाता धर ने अपनी सम्पूर्ण स्कूली शिक्षा भिलाई में पूर्ण की है। उन्होंने एनआईटी, रायपुर से सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक की उपाधि प्राप्त की है।

उद्यानिकी फसलों के लिए फसल बीमा होगा 15 दिसंबर तक

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले के उद्यानिकी फसल उत्पादन कर रहे ऐसे समस्त कृषक जो रबी फसल के लिए टमाटर, बैगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज, एवं आलू के लिये वर्ष 2020-21 अंतर्गत पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के तहत ऋणी, अऋणी कृषक 15 दिसम्बर तक लोक सेवा केन्द्र, बैक शाखा, सहाकारी समिति या बीमा कंपनी बजाज एलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि से संपर्क कर अपने उद्यानिकी फसलों का बीमा करा सकते हैं। जिसके लिये बीमा कंपनी के राज्य स्तरीय प्रतिनिधि गोपाल राय मोबाईल नंबर 8059840961 एवं जिला स्तरीय प्रतिनिधि प्रकाश चन्द्रवंशी मोबाईल नंबर 9981759588 से संपर्क कर सकते है।

उद्यान विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि इस योजना में सभी अऋणी कृषक (भुधारक एवं बटाईदार) जो इस योजना में शामिल होने के इच्छुक हैं, ऐसे कृषकों को घोषणा पत्र के साथ फसल बुआई प्रमाण-पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आसय का स्वघोषणा पत्र सहित संबंधित अन्य अनिवार्य दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। चयनित उद्यानिकी फसलों का बीमा कराए जाने के लिए किसानों को फसलो के लिए निर्धारित ऋणमान का 5 प्रतिशत प्रीमियम राशि के रूप मे देना होगा, शेष प्रीमियम की राषि 50-50 प्रतिशत राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा दिया जाएगा। ऋणी कृषक जो इस योजना में शामिल नहीं होना चाहते हैं, उन्हें भारत सरकार द्वारा जारी चयन प्रपत्रानुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र बीमा आवेदन की अंतिम तिथि के 7 दिवस पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्था में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। निर्धारित समय-सीमा में हस्ताक्षरीय घोषणा पत्र जमा नहीं करने पर संबंधित बैक द्वारा संबंधित मौसम (रबी) के लिए स्वीकृत नवनीकृत की गई अल्पकालीन कृषि ऋण को अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जाएगा।

क्लेम व राशि प्रदाय की प्रक्रिया किसानों को विभिन्न मौसमी जोखिम जैसे-कम तापमान, अधिक तापमान, अधिक वर्षा, कम वर्षा, बेमौसम वर्षा, कीट एवं व्याधि प्रकोप के अनुकूल मौसम, वायु गति से फसलों को होने वाले क्षति से फसल बीमा का नियमानुसार लाभ प्राप्त होगा। रबी मौसम के टमाटर, बैगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज, एवं आलू फसल हेतु ओलावृष्टि हवाये की स्थिति में कृषक इसकी सूचना सीधे बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर 1800-209-5959 पर या लिखित रूप में 72 घंटे के भीतर संबंधित बैंक, स्थानीय राजस्व, उद्यानिकी, कृषि अधिकारी अथवा जिला उद्यान अधिकारी को बीमित फसल के ब्यौरे, क्षति की मात्रा तथा क्षति का कारण सहित सूचित करेगा। संबंधित संस्था एवं विभाग 48 घंटा के भीतर कृषकों से प्राप्त जानकारी (बीमित फसल के ब्यौरे, क्षति की मात्रा तथा क्षति के कारण सहित) बीमा कंपनी को प्रदान करेंगे। बीमा कंपनी द्वारा जिले में 25 स्थानों पर स्वचालित मौसम स्टेषन स्थापित किया गया हैं, जिससे प्राप्त मौसम संबंधी आंकड़ों के आधार पर ही बीमा दावा का भुगतान किया जाता हैं।

सुपेला चौक के पास बना रहे दुकान को तोड़ा

अवकाश का फायदा उठाकर कर रहा था अवैध निर्माण, निगम प्रशासन ने की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत सुपेला चौक के पास गुरुद्वारा रोड के बाजू में मोहम्मद वसीम कुरैशी द्वारा अवैध रूप से व्यवसाय करने के उद्देश्य से दुकान का निर्माण किया जा रहा था। जिसे जोन आयुक्त जोन क्रमांक 1 सुनील अग्रहरी की टीम ने तोड़ने की कार्रवाई की और दो हाईवा मलबा को जप्त किया।

अवैध निर्माण करता द्वारा 40 गुना10 फीट की भूमि पर स्थायी दुकान के उद्देश्य से निर्माण किया जा रहा था! जिस पर आज जोन आयुक्त सुनील अग्रहरि ने करवाई की। उल्लेखनीय है कि आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने अवैध निर्माण/अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई करने के सख्त निर्देश जोन आयुक्तों को दिए हैं! इसी तारतम्य में इस प्रकार के निर्माण पर कार्रवाई की जा रही है! अवैध निर्माण पर निगम द्वारा पूर्व में भी कार्रवाई की जाती रही है!

अवैध निर्माण की शिकायत प्राप्त होने पर निगम प्रशासन द्वारा त्वरित रूप से एक्शन लिया जा रहा है! ताकि ऐसे लोगों पर अंकुश लग सके। आज की कार्रवाई में अवैध निर्माण को तोड़ने के पश्चात शेष बचे हुए निर्माण एवं बचे हुए मलबा को मंगलवार तक हटाने के लिए निर्माणकर्ता से सहमति पत्र लेकर उसे 1 दिन की मोहलत दी गई है और मंगलवार को पूर्ण रूप से हटाने कहा गया है! जोन के सहायक राजस्व अधिकारी ने बताया कि पूर्व में भी दो बार कार्य को रुकवाने मौके पर पहुंचकर निर्माणकर्ता को समझाइश दी गई थी और कार्य रुकवाया गया था परंतु त्योहारी अवकाश एवं शासकीय अवकाश का फायदा उठाते हुए निर्माणकर्ता ने कार्य को जारी रखा। सूचना मिलने पर आज निगम की टीम द्वारा कार्रवाई की गई! आज की कार्रवाई में सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, जोन के स्वच्छता अधिकारी अंकित सक्सेना एवं निगम कर्मचारी राजेश गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

बीएसपी के जेएलएन अस्पताल में राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र के शिशु रोग विभाग और नवजात शिशु विभाग के तत्वावधान में 15 से 21 नवम्बर, 2020 तक राष्ट्रीय नवजात कार्य योजना के अनुसार-राष्ट्रीय नवजात मृत्यु दर में कमी हेतु किए गए उत्कृष्ट प्रयासों को बनाए रखने के उद्देश्य से राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह-2020 मनाया गया। इस वर्ष की थीम है प्रत्येक नवजात शिशु को प्रत्येक स्थान पर गुणवत्ता, समानता व गरिमापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त हो।

उल्लेखनीय है कि मरीजों के उत्कृष्ट देखभाल के लिए विख्यात जेएलएन चिकित्सालय की संयुक्त निदेशक एवं विभागाध्यक्ष शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ संबिता पंडा साक्ष्य आधारित चिकित्सा में विश्वास करती हैं। जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र के नवजात इकाई में नवजात शिशुओं की एनएमआर की घटती दर एवं क्वालिटी सर्वाइवल वृद्धि हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर डॉ संबिता पंडा और डॉ मीता सचदेवा ने एन्टेनाटल ओपीडी में भावी माताओं को सम्बोधित किया।

इस कार्यक्रम में जेएलएन अस्पताल के संयुक्त निदेशक एवं नियोनेटल इंचार्ज डॉ सुबोध साहा के मार्गदर्शन में डॉ वृंदा तथा डॉ माला ने कौशल प्रशिक्षण हेतु पीडियाट्रिक रेसीडेन्ट्स को उन्नत नवजात शिशु पुनर्जीवन विषय पर हैंड्स ऑन ट्रेनिंग प्रदान किया। इस दौरान डॉ माला चौधरी ने शैक्षणिक उत्कृष्टता की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पीडियाट्रिक रेसीडेन्ट्स चिकित्सकों हेतु नियोनेटोलॉजी में विजुअल और रैपिड फॉयर क्वेश्चन के साथ संस्थागत स्तर के पोस्ट ग्रेजुएट क्विज का आयोजन किया। इसी कड़ी में जहाँ जेएलएन अस्पताल के संयुक्त निदेशक एवं नवजात प्रभारी डॉ सुबोध साहा, डॉ नूतन वर्मा, डॉ संजीबनी पटेल और डॉ वृन्दा ने प्रतिबद्ध टीम के साथ, आवश्यक नवजात शिशु देखभाल के संबंध में प्रसवोत्तर माताओं को शिक्षित किया।

क्विक न्यूज

रिक्त शासकीय भूमि की नीलामी के लिए 8 तक दावा आपत्ति आमंत्रित

रायगढ़। नजूल अधिकारी रायगढ़ द्वारा जारी सूचना के अनुसार रायगढ़ अंतर्गत रिक्त शासकीय भूमि को खुली नीलामी प्रक्रिया के द्वारा आबंटित किया जाना प्रस्तावित किया गया है। जिसमें इंडियन स्कूल के पास छोटे अतरमुड़ा में प्लाट नंबर / खसरा नंबर 68/3 तीन पृथक-पृथक प्लाट में कुल रकबा 13500 वर्गफुट तथा जेलपारा में नजूल शीट नं. 59, प्लाट नं. 29/1 रकबा 4842 वर्गफुट भूमि की नीलामी की जानी है। उक्त शासकीय भूमि के संबंध में किसी हितबद्ध पक्षकार अथवा कोई भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे न्यायालय नजूल अधिकारी, रायगढ़ में अपना दावा/आपत्ति सुनवाई तिथि 8 दिसम्बर 2020 को पूर्वान्ह 11 बजे तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के द्वारा उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जाएगा तथा प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

फेसबुक मैसेंजर में महिला को अश्लील मैसेजस, जुर्म दर्ज

रायगढ़। फेसबुक मैसेनजर में महिला को अश्लील मैसेज भेजने के मामले में पीड़िता की शिकायत पर चक्रधर नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म पंजीबद्ध कर लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना चक्रधरनगर में एक महिला द्वारा पिछले कुछ महीनों से अलग-अलग आईडी से फेसबुक मैसेंजर पर अश्लील मैसेज, गाली गलौच तथा अनैतिक प्रस्ताव के मैसेज भेजने की लिखित शिकायत किया गया है। महिला ने बताया कि विगत कुछ महीनों से फेसबुक मैसेन्जर पर भिन्न भिन्न आईडी से अश्लील कमेंट, गाली एवं अश्लील प्रस्ताव का मैसेज आ रहा है। इन आईडी को लगातार ब्लॉक करके डिलीट कर रही हैं। 21 नवंबर को फिर से किसी अंजय माधुरी की आईडी से अश्लील गाली दी गई। इसे शंका है कि एक ही व्यक्ति द्वारा टारगेट करके ऐसा किया जा रहा है। वर्तमान में महिला अपने मायके में है।

समाज की आस्था केंद्र जयस्तंभ पर रेशम विभाग का अवैध कब्जा

- **प्रशासन कर रही अनदेखी सतनामी समाज के लोग में आक्रोश**

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

गुरु घासीदास की आस्था पर कुठाराघात कर रहा है प्रसासन ,शिकायतकर्ता की मृत्यु के पश्चात भी प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा जय स्तंभ पर हुए रेशम विभाग की अतिक्रमण का निराकरण नहीं किया गया है। पूरा मामला जांजगीर-चांपा जिले के जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बरदुली के आश्रित ग्राम तुमीडीह की है जहां लगभग 15 वर्ष पुराने जयस्तंभ (जैतखाम) को रेशम विभाग द्वारा घेराबंदी कर अपने अंदर समाहित कर लिया गया है ।जिसकी वजह से उसकी पूजा अर्चना पूर्णता प्रतिबंधित हो चुकी है एवं लोगों को दीपक, अगरबत्ती आदि जला कर पूजा अर्चना करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे लोगों की आस्था पर सीधा प्रभाव पड़ रहा है, जिस पर इस गंभीर समस्या के समाधान प्राप्त करने हेतु प्रार्थी भैया राम टंडन द्वारा इस मामले के समाधान हेतु जिला कलेक्टर को प्रतिवेदन दिया गया था साथ ही साथ दिनांक 17/2/2019 को संबंधित मामले पर हसौद तहसीलदार को भी प्रतिवेदन देकर संबंधित मामले पर अवगत कराया गया था, उक्त मामले का शिकायतकर्ता भैया राम टंडन आज इस दुनिया में नहीं है उनकी मृत्यु हो चुकी हैं। इस प्रकार शिकायत के 1 वर्ष बीत जाने के पश्चात भी प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा आज तक मामले पर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है।जय स्तंभ रेशम विभाग के द्वारा लगाए गए घेरे के अंदर में समाहित है जिससे उसके समीपस्थ लगी हुई कहुआ कि पेड़ों से जय स्तंभ का पूरा क्षेत्र घिरा हुआ है, जिसकी वजह से उक्त स्थान पर पूजा अर्चना एवं बाबा गुरु घासीदास जी की पंथी कार्यक्रम पर बाधा उत्पन्न हो रही है, जिसके समाधान हेतु प्रार्थी के द्वारा जय स्तंभ से लगा हुआ 20 डिसमिल जमीन को खाली कराने हेतु प्रशासन को प्रतिवेदन दिया गया है ,परंतु इस गंभीर विषय पर प्रशासन के द्वारा किसी भी प्रकार की कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है, 18 दिसंबर अत्यंत नजदीक आ चुका है जिस समय बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती मनाकर जनता के द्वारा अपनी आस्था को प्रकट की जाती है, परंतु उक्त क्षेत्र को रेशम विभाग द्वारा कोषा उत्पादन उद्योग के उद्देश्य से लिए जाने पर 6 हेक्टेयर के एरिया पर कोसा बाड़ी का निर्माण किया गया है । जिसमें इस जगह पर स्थित जयस्तंभ को भी अपने अंदर समाहित कर लिया गया है जिससे आने वाले 18 दिसंबर बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती समारोह पूर्णता प्रतिबंधित हो चुकी हैं, एवं संबंधित मामले पर प्रशासन को अवगत कराने के 1 वर्ष पश्चात भी प्रशासन के द्वारा इस विषय को नजरअंदाज किया जा रहा है। संबंधित मामले पर ज्ञात हो कि रेशम विभाग द्वारा उक्त ग्राम पर लगाए गए कोसा बाड़ी की निगरानी हेतु चौकीदार ईश्वर प्रसाद सोनवानी को नियुक्त किया है जिसके द्वारा कोसा बाड़ी की देखरेख व निगरानी की जाती है जब जनता द्वारा जय स्तंभ की पूजा अर्चना करने हेतु कोसा बाड़ी में लगे गेट के अंदर से जय स्तंभ के पास प्रवेश किया जाता है तो उक्त चौकीदार के द्वारा प्रवेश करने हेतु मना किया जाता है, जब लोगों के द्वारा इसका विरोध किया जाता है एवं मना करने की वजह पूछी जाती है तो चौकीदार के द्वारा ऊपर से आदेश नहीं है अंदर प्रवेश करने की कह कर लोगों को जय स्तंभ के समीपस्थ जाने से रोका जाता है इस प्रकार से जय स्तंभ की पूजा अर्चना पूर्णतः प्रतिबंधित हो चुकी है जोकि अत्यंत चिंता का विषय है अब देखना यह है कि आने वाले 18 दिसंबर बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती कार्यक्रम यहां के जनता के द्वारा मनाई जाएगी या प्रशासन के द्वारा इस विषय पर लगातार लापरवाही बरती जाएगी।

20 दिसम्बर तक जिले में धारा 144 लागू

- **कलेक्टर ने जारी किया आदेश**
- **कोरोना संक्रमण में वृद्धि को देखते हुए शासन के दिशा-निर्देशों का पालन जरूरी, उल्लंघन करने पर होगी दण्डात्मक कार्रवाई**

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए एक बार फिर से जिला कलेक्टर ने धारा 144 लगाने के आदेश जारी किए हैं और इस आदेश के बाद रात 10 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक कर्फ्यू भी लागू रहेगा। जिला कलेक्टर भीम सिंह के अनुसार रायगढ़ जिले में इस बीमारी के फैलने या संक्रमण होने की संभावना है। जिले के सीमाओं से लगे हुए अन्य जिलों में यह बीमारी संक्रामक है। रायगढ़ जिला खनन क्षेत्र तथा औद्योगिक क्षेत्र होने के साथ-साथ जिले की सीमा अन्य प्रदेशों से जुड़े होने के कारण जिले में लगातार आवागमन एवं परिवहन होता है। तत्संबंध में राज्य शासन एवं जिला स्तर से उक्त संक्रमण के रोकथाम, नियंत्रण तथा निर्मित विकट स्थिति से निपटने के संबंध में दिशा-निर्देश एवं एडवायजरी जारी किए गए हैं। केन्द्र शासन द्वारा कोविड-19 को महामारी घोषित किया गया है। कलेक्टर भीम सिंह ने कोरोना वायरस के रोकथाम एवं नियंत्रण के लिये दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (1)के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये आदेशित किया है कि यदि कोई व्यक्ति को लेकर पर्याप्त कारण, जानकारी या आवश्यकता है यह मानने के लिये कि वह कोविड-19 से संक्रमित है या वह किसी ऐसे व्यक्ति के संपर्क में है जो कोविड-19 से संक्रमित हो सकता है या है, यह अनिवार्य होगा कि ऐसा व्यक्ति तुरंत सहयोग करके सारी जानकारी घोषित करेगा एवं सभी संभावित सहयोग निगरानी दल को देगा एवं उनके द्वारा दिये गये निर्देश (मौखिक या लिखित) जो कि निगरानी जांच निरीक्षण, भौतिक परीक्षण क्वारेंटीन संगरोध और इलाज से संबंधित है और ऐसे व्यक्ति से संपर्क में आये हुए अन्य व्यक्ति पर भी लागू होगा, ऐसा कोई भी व्यक्ति जो निवारण या इलाज के इन उपयोग या सहयोग देने से मना करता है अथवा संबंधित जानकारी देने से मना करता है या निगरानी दल के निर्देशों का पालन नहीं करता है तो वह दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 की अवहेलना करने के लिये भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 188 तथा 270 के तहत दण्ड का भागी होगा।

सोठी पंचायत में मितानिन दिवस पर हुए विभिन्न आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

जांजगीर-चांपा जिले के शक्ति विकासखंड के ग्राम पंचायत सोंठी में 23 नवंबर को मितानिन दिवस के मौके पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार मितानिनों को कार्यक्रम में आयोजित कर उन्हें उपहार प्रदान किया गया इस अवसर पर सरपंच एवं सचिव राम नारायण सिदार सहित ग्राम के पंचगण तथा अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे, एवं मितानिनो द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उनके सकारात्मक प्रयासों से गांव में स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता लाने की बात कही गई वहीं सचिव रामनारायण सिदार ने कहा कि मितानिन दिवस पर मितानिन बहनों को सम्मानित करते हुए हमें प्रसन्नता हो रही है, तथा इनका कार्य आगे भी इसी तरह से गांव के विकास एवं गांव की सुरक्षा के लिए जारी रहेगा ऐसी अपेक्षा करते हैं।

टीचर्स एसोसिएशन सक्ती ने सीईओ, बीईओ सहित डीडीओ प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन सक्ती ब्लॉक के अध्यक्ष- महेन्द्र कुमार राठौर व पदाधिकारियों के द्वारा जनपद पंचायत कार्यालय में सीईओ आर.एस.साहू एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बीईओ के.पी.राठौर को 23 नवम्बर को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें मुख्य रूप से 1 नवम्बर 2020 से संविलियन हुए शिक्षकों को नियत माह में वेतन भुगतान किए जाने के संबंध में मांग पर चर्चा के दौरान उनके द्वारा बतलाया गया कि एलपीसी जनरेट किया जा चुका है और हस्ताक्षर हेतु जनपद भेजा जा रहा है एवं प्रान शिफ्टिंग करने की कार्यवाही के लिए जिला कोषालय जांजगीर भेज रहे हैं। सभी को समय पर वेतन भुगतान हो, इसके लिए संबंधित कर्मचारी को अपने कक्ष में बुलाकर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा गया कि शिक्षकों की समस्या लंबित नहीं रहना चाहिए व आज-कल में एलपीसी का वितरण हो जाना चाहिए और साथ ही आगे सेवा पुस्तिका को भी पूर्ण कर समयबद्ध संबंधित डीडीओ को सौंपे जाने के संबंध में बीईओ साहब के द्वारा आश्वस्त किया गया। गौरतलब हो कि इसके पूर्व टीचर्स एसोसिएशन जिला शाखा के ज्ञापन पर त्वरित पहल करते हुए डीईओ मैडम के द्वारा नवम्बर माह का वेतन समय पर हो सके, इस हेतु सभी बीईओ/प्राचार्य (आहरण संवितरण अधिकारियों) को निर्देश पत्र जारी किया गया है। ज्ञापन सौंपने के लिए टीचर्स एसोसिएशन सक्ती के अध्यक्ष- महेन्द्र कुमार राठौर, जिला सचिव-शैलेश कुमार देवांगन,जिला आईटी सेल प्रभारी-यशवंत सिंह राठौर, ब्लॉक संयोजक-प्रेम कुमार राठौर, कोषाध्यक्ष-साहिल सिंह,महिला प्रकोष्ठ से ब्लॉक प्रभारी- मीना मरावी, उपाध्यक्ष-मनीषा भारद्वाज,जिला महामंत्री-श्रीमती ममता साहू,ब्लॉक सह सचिव- श्याम रॉय,संयोजक-प्रेम कुमार राठौर, संजय श्रीवास्तव, खुलेश किशोर साहू, कार्तिक राम यादव, चन्द्र भूषण देवांगन, जगत राम साव, रवि कुमार देवांगन, लक्ष्मीनारायण ध्रुव, रमेश सिंह कंवर, सुंदर लाल साहू, रविन्द्र माहेश्वरी, हुलेश कुमार साहू सहित उपस्थित रहे।

पंकज चोपड़ा भारतीय जैन संगठना नेशनल एक्सीलेंस अवार्ड से हुए सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

देश की प्रख्यात समाज सेवी संस्था भारतीय जैन संगठना ने 21 नवंबर 2020 को वर्चुअल म्यूजिकल नाईट एंड नेशनल एक्सीलेंस अवार्ड सेरेमनी आयोजित की जिसमे देश विदेश से लगभग दस हजार लोगो ने शिरकत किया। इस कार्यक्रम में देश के प्रख्यात सिंगर सागर केंदुलकर, कविता मूर्ति एवं प्रशांत राव ने अपनी प्रस्तुति दी,कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं अवार्ड ज्यूरी के चेयरमैन अहमदाबाद से सुरेश कोठारी ने दिया, अवार्ड सेरेमनी का संचालन राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य एवं अवार्ड जूरी के को चेयरमैन मुम्बई से पंकज सापरिया ने किया। यह वर्चुअल अवार्ड सेरेमनी लगभग 3-30 घंटे चला,संस्था के संस्थापक शांतिलाल मूथा पूरे समय कार्यक्रम में उपस्थित थे, छत्तीसगढ़ से संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं युवा समाज सेवी पंकज चोपड़ा को बिजनेस डेवलपमेंट प्रोग्राम में आउटस्टैंडिंग कंट्रीब्यूशन के लिए नेशनल एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया,यहां यह बताना उचित है कि पिछले 2 साल में पंकज चोपड़ा के नेतृत्व में पूरे छत्तीसगढ़ में बिजनेस डेवलपमेंट के कई सेमिनार्स आयोजित किये गए।

उल्दा में जुड़ा फड़ पर पुलिस टीम की दबिश

- **जुआ फड़ से 1 लाख छह हजार नगद जब्त, 4 जुआड़ी गिरफ्तार**

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले के खरसिया विधानसभा क्षेत्र में बढ़ते जुआ के मामले में पुलिस भी अब जुआड़ियों के खिलाफ एक अभियान चलाकर उन्हें दबोचने में लगी है और इसी कड़ी में बीते देर शाम छापामार कार्रवाई करते हुए खरसिया पुलिस ने चार जुआड़ियों को गिरफ्तार करके उनके पास से 1 लाख 6 हजार रुपए नगद व ताशपत्ती जब्त की है।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन पर सहायक पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी खरसिया पुष्कर शर्मा की टीम ने ग्राम उल्दा में मुखबीर सूचना पर मंदिर परिसर के सामने जुआ रेड के लिए घेराबंदी की गई थी।

इस दौरान कुछ जुआरी पुलिस को देखकर जंगल झाड़ी की ओर भाग गए मौके पर चार जुआड़ियान सूरज यादव पिता किशन लाल यादव उम्र 28 वर्ष निवासी महामाया मंदिर सक्ती थाना सक्ती जिला जांजगीर चांपा, रथराम राठिया पिता अर्जुन राठिया उम्र 30 साल निवासी उल्दा थाना खरसिया जिला रायगढ , अंकित अग्रवाल पिता जय प्रकाश अग्रवाल उम्र 29 वर्ष निवासी हटरी रोड सक्ती जिला जांजगीर चांपा , गोपाल अग्रवाल पिता रामकुमार अग्रवाल उम्र 50 वर्ष निवासी कसेरपारा सक्ती जिला को पुलिस टीम द्वारा 52 पत्ते ताश के साथ पकड़ा गया। आरोपियों के जुआ फड़ से 1 लाख 06 हजार नगद ताश की पत्ती एवं एक दरी जप्त की गई है। कार्यवाही में सहायक पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा के नेतृत्व वाली टीम के सदस्यगण उपनिरीक्षक जय मंगल पटेल, प्रधान आरक्षक राजेश दर्शन, आरक्षक किशोर राठौर, योगेश साहू, उद्धव मांझी रामगोपाल यादव, जय सिंह सिदार, युकेश सिंह श्याम, करुणेश राय शामिल थे।

पीएलसी स्त्रोत सदस्यों व शैक्षिक समन्वयकों का उन्मुखीकरण कार्यशाला

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर
www.dailypioneer.com

नवागढ़ ब्लाक के शासकीय प्राथमिक शालाओं में शिक्षकों के क्षमता संवर्धन हेतु विषयवार प्रोफेशनल लर्निंग कम्यूनिटि का गठन किया गया है। इसी कड़ी में सोमवार को ब्लाक मुख्यालय नवागढ़ में पीएलसी प्रमुखों का उन्मुखीकरण भूमिका और उत्तरदायित्व पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें गणित, हिंदी, अंग्रेजी व पर्यावरण से कुल 20 स्त्रोत सदस्य शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित सभी 18 शैक्षिक समन्वयकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बीईओ विजय कुमार लहरे, बीआरसीसी रिषीकांता राठौर, एबीईओ आर.एन.शर्मा, संजय देवांगन, तरूण साहू, इन्द्रमणि सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला में राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक व मास्टर टेऊनर राजेश कुमार सूर्यवंशी प्रोजेक्टर पर पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से पीएलसी प्रमुखों की भूमिका व उनके उत्तरदायित्व पर विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

ग्राम पंचायत बड़े मुड़पार में मितानिन सम्मान समारोह आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ मालखरौदा
www.dailypioneer.com

मितानिन बहनों के सराहनीय तथा महत्वपूर्ण योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मितानिन दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। जिले के विभिन्न विकासखण्डों में मितानिन दिवस का आयोजन कर उनके स्वयंसेवी भाव से की जा रही सेवा के लिए सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पहल पर मुख्यमंत्री मितानिन कोष की स्थापना भी की गई है। मितानिनों के सामुदायिक प्रयास से विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य में सकारात्मक परिवर्तन आया है। मितानिन दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में मितानिनों को साड़ी तथा श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। मितानिनों को मुख्यमंत्री मितानिन कल्याण कोष के बारे में जानकारी देते हुए इनके प्रावधानों से अवगत कराया गया। ग्रामीण क्षेत्रों के पारा-मोहल्लों में मितानिन बहनें गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारियां देने तथा जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मितानिनों के योगदान से पारा-मोहल्लों में स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार होने के साथ ही लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बड़ी है।

पेज 1 के शेष...

विश्व में कोरोना से 13.95...

लाख से अधिक हो गयी है। इस दौरान 480 और मरीजों की मौत के साथ मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 1,34,218 हो गया। देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या में 4819 की घटने के बाद अब सक्रिय मामले 43,8667 हो गए है। ब्राजील कोरोना संक्रमितों के मामले में तीसरे स्थान पर और इससे मुक्ति पाने और मृतकों के आंकड़े में दूसरे स्थान पर है। देश में कोरोना वायरस की चपेट में आने वाले लोगों की संख्या 60.87 लाख से पार हो गयी है जबकि 1,69,485 लोगों की मौत हो चुकी हैं। फ्रांस में 21.95 लाख से अधिक लोग इससे प्रभावित हैं और 49,312 मरीजों की मौत हो चुकी है। रूस में कोरोना से संक्रमित होने वालों की संख्या 20.96 लाख को पार कर गई है और अब तक 36,192 लोगों की मौत हो गई है। स्पेन में इस महामारी से अब तक 15.82 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 43,131 लोगों की मौत हुई है। ब्रिटेन में अभी तक करीब 15.31 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 55,327 लोगों की मौत हो चुकी है। यूरोपीय देश इटली में 14.31 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 50,453 लोगों की मौत हुई है। अर्जेंटीना में कोविड-19 से अब तक 13.74 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं तथा 37,122 लोगों की मौत हो चुकी है। कोलंबिया में इस जानलेवा वायरस से अब तक 12.54 लाख से ज्यादा लोग संक्रमित हुए हैं तथा 35,479 लोगों ने जान गंवाई है। मेक्सिको में कोरोना से अब तक 10.49 लाख से ज्यादा लोग संक्रमित हुए हैं और 101,926 लोगों की मौत हो चुकी है। पेरू में इस वायरस से अब तक 9.49 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं और 35,595 लोगों की मौत हो चुकी है। जर्मनी में इस वायरस की चपेट में 9.46 लाख से अधिक लोग आ चुके हैं तथा 14,277 लोगों की मौत हुई है। पोलैंड में संक्रमण के 8.76 लाख से ज्यादा मामले सामने आए हैं तथा 13,774 लोगों की मौत हो गई है। ईरान में इस महामारी से अब तक 8.66 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 45,255 लोगों की मौत हो गई है। दक्षिण अफ्रीका में 7.69 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं तथा 20,968 लोग काल के गाल में समा गए हैं। यूक्रेन में संक्रमितों की संख्या 6.53 से अधिक हो गई है तथा 11,423 लोगों की मौत हो चुकी है। बेल्जियम में कोरोना से 5.59 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं जबकि 15,755 लोगों की मौत हो चुकी है। चिली में कोरोना से 5.42 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं तथा 15,106 लोगों की मौत हुई है।

कार्यालय नगर पंचायत अड़भार, जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)
E-Mail ID : cmoadbhar2@rediffmail.com

क्र./851/पट्टा/न.पं./2020-21 **-: ईश्तहार :-** अड़भार, दिनांक 23.11.2020

नगर पंचायत अड़भार के आम जनता को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत के अधीनस्थ निम्नलिखित तालाबों को मछली पालन हेतु 10 वर्षीय पट्टा पर दिया जाना है, जिसका विवरण इस प्रकार है:-

क्र.	तालाब का नाम	खसरा नम्बर	रकबा	क्र.	तालाब का नाम	खसरा नम्बर	रकबा
1.	बेलपान	1035	2.590	16	उरांव डबरी	602	0.316
2.	महेन्दीया	39	0.636	17	सेमरिया	638	1.028
3.	दाऊ डबरी	403	0.765	18	ढोरहा	954	2.395
4.	भारनी	626	3.091	19	बड़े गंगईया	409	0.947
5.	घघरा	1042	2.953	20	बरेझा	977	0.250
6.	जमहा	1122	0.259	21	दर्शना-दर्शनी	829	5.625
7.	मुडक्कटा	231	0.713	22	सिंधिया	542	1.329
8.	टेढ़ी	478	1.428	23	पुरेनहा	87	0.644
9.	दर्री	523	0.845	24	मोहनी	1203	0.765
10.	तेन्दवाही	239	0.809	25	भूखी डबरी	161	0.486
11.	टोहनी	1199	0.502	26	भूतहा	208	1.846
12.	भूतही	205	1.156	27	दुर्गताल	266	5.893
13.	बंधाई	780	1.376	28	बड़े लोहार	620	1.096
14.	बैगिन	1097	2.237	29	पिपराही	1156	2.606
15.	कैवटीन	1278	1056	30	ढोरही	922	0.324

पट्टा आबंटन में प्राथमिकता क्रम निम्नानुसार रहेगा :-1. पंजीकृत मछुआरा सहकारी समिति 2. मछुआ समिति 3. ऐसे क्षेत्र जहाँ 1965 या उसके पश्चात मकान, भूमि डूब गये हो विस्थापित परिवार 4. स्व सहायता समूह। मछुआ से तात्पर्य उस व्यक्ति से है, जो अपनी आजिविका का अर्जन मछली पालन, मछली पकड़ने या बीज उत्पादन आदि कार्य से करता है।

आवेदन के साथ संलग्न दस्तावेजों की सूची:-1. पंजीकृत सहकारी समिति-पंजीयन प्रमाण पत्र, बायलाज, सदस्यों की सूची, बैंक से कर्ज नहीं प्रमाण पत्र समिति का प्रस्ताव एवं ठहराव व विगत वर्षों का ऑडिट रिपोर्ट।

2. मछुआ समुह/एस.जी.एस.वाय. समूह आवेदन पत्र के साथ समूह का प्रस्ताव ठहराव, गरीबी रेखा सर्वे प्रमाण पत्र/जाति निवास एवं बैंक से कर्ज नहीं प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।

उपरोक्त आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित दिनांक 09.12.2020 तक नगर पंचायत अड़भार में जमा कर पावती प्राप्त करें। अपूर्ण आवेदन पत्रों पर नगर पंचायत की बैठक में विचार नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत अड़भार

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग

-: कार्यालय वनमंडलाधिकारी गरियाबंद वनमंडल गरियाबंद :-

अनुज्ञप्ति नवीनीकरण की सूचना

छ.ग. शासन वन विभाग के पत्र क्र. एफ 6-8/2010/10-2 दिनांक 11.09.2015 तथा प्रधान मुख्य वनसंरक्षक रायपुर का ज्ञापन क्र. 14/उत्पा./1/23/2015/585 दिनांक 22.04.2015 के तहत छत्तीसगढ़ काष्ठ चिरान (विनियमन) अधिनियम 1984 में संशोधन किया गया है। अतः संशोधित प्रक्रिया के अंतर्गत गरियाबंद वनमंडल के अंतर्गत आने वाले समस्त आरामील मालिकों को जिन्हें आरामशीन की अनुज्ञप्ति पूर्व में जारी की जा चुकी है को सूचित किया जाता है कि नीचे लिखे अवधि के लिए आरामशीन की अनुज्ञप्ति का नवीनीकरण, व्यापारिक पंजीयन नवीनीकरण, बढ़ईगिरी पंजीयन नवीनीकरण, फर्नीचर मार्ट नवीनीकरण करना अनिवार्य है। अतः संशोधित अवधि एवं नवीनीकरण शुल्क नीचे लिखे अनुसार आवेदन पत्र के निर्धारित प्रपत्र वनमंडल कार्यालय गरियाबंद से प्राप्त कर निर्धारित राशि को **"KASTHA ADHARIT UDYOGO SE PRAPT RASHI PCCF AND APCCF PROTECTION"** बैंक ऑफ बड़ौदा, खाता क्र. 45760100006802 में नगद जमा कर प्रतिपर्ण सहित आवेदन पत्र एवं गत वर्ष की नवीनीकृत अनुज्ञप्ति की छायाप्रति के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 10.12.2020 तक जमा कर देवें ताकि नियमानुसार नवीनीकरण की कर्यावाही की जा सकें।

	विवरण	संशोधित प्रक्रिया के अंतर्गत 3 वर्ष हेतु नवीनीकृत दर	अवधि	संलग्न दस्तावेज
1.	आरामशीन पंजीयन नवीनीकरण	901/-	01.01.2021 से 31.12.2023	पंजीयन हेतु प्राप्त प्रारूप आवेदन के साथ मतदाता परिचय पत्र, आयकर, पेन कार्ड, ड्रायविंग लाईसेंस एवं स्थल हेतु टेलीफोन या बिजली बिल आदि की छायाप्रति संलग्न करें।
2.	व्यापारिक पंजीयन नवीनीकरण	1501/-		
3.	बढ़ाईगिरी पंजीयन नवीनीकरण	150/-		
4.	फर्नीचर मार्ट नवीनीकरण	1501/-		

निर्धारित तिथि तक आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होने पर संबंधित फर्म/व्यापारी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ काष्ठ चिरान (विनियमन) अधिनियम 1984 के प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।

अनुज्ञापन अधिकारी एवं
वनमंडलाधिकारी
गरियाबंद वनमंडल गरियाबंद

जी-85144/3

जशपुर में सर्दी के दिनों में गर्मी जैसे हालात, जूझ रही है जनता

पूर्व नपा अध्यक्ष हीरू राम निकुंज को याद कर रहें शहरवासी

वर्तमान अध्यक्ष और सीएमओ पानी की व्यवस्था ठीक कराने में हुए नाकाम

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद् जशपुर जिला मुख्यालय की 20 हजार जनता पानी के लिए आज भी संघर्ष कर रही है।आए दिन मोटर खराब हो जाने की वजह से घरों में पानी की सप्लाई ठप हो गई है। हालात कुछ ऐसे निर्मित हो गए हैं कि जशपुरवासी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हीरू राम निकुंज को याद कर रहे हैं और वर्तमान अध्यक्ष नरेश साय को पानी नहीं दिला पाने का दोषी मान रहे हैं। जशपुरवासियों का कहना है कि जब हीरू राम निकुंज थे तब पानी अच्छा मिलता था और कभी दिक्कत होती थी तो निकुंज स्वयं तत्परता से उसका समाधान कराते थे। वे रोजाना सुबह हर वार्ड का भ्रमण करते थे। पर आज सब टांय-टांय फिस्स हो गया है और गर्मी जैसा जल संकट शहर में आ चुका है। दरअसल लावा नदी डूमरटोली से जशपुर पानी पहुंचाने और घरों तक वितरण करने के लिए पूर्व की भाजपा सरकार ने नल जल योजना के तहत 14 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी थी। जिसके तक 7.29 करोड़ की लागत से एनीकट का निर्माण कराया गया और 7 करोड़ से टंकी बनाई गई और पाइप लाइन का विस्तार किया गया। योजना के पूर्ण होने के कुछ सालों तक जशपुरवासियों को ठीक-ठाक पानी की आपूर्ति हुई लेकिन अब एक बार फिर से पेयजल के लिए हाहाकार की स्थिति निर्मित होने लगी है। वार्डों में पानी नहीं पहुंच रहा है लेकिन इस बदहाली का जायजा लेने वाले कोई नहीं हैं।

> पानी की समस्या को लेकर सीएमओ से बात करता हूं। जल्द से जल्द समाधान निकाला जाएगा।
> **नरेश साय,** अध्यक्ष नगर पालिका जशपुर

योजना में हुई है चुक

पानी सप्लाई में आ रही नियमित दिक्कत को दूर करने के लिए नगर पालिका के कर्मचारी रोजाना लावा नदी डूमरटोली एनीकट का चक्कर काट रहे हैं। शनिवार और रविवार को नियमित पानी नहीं आने की खबर सूनकर नगर पालिका की टीम फिर से लावा नदी पहुंची और समस्या की जड़ तलाशने लगे।

मोटर की समस्या नियमित

नियमित पानी नहीं आने के कई कारण सामने आ रहे हैं। कारणों में मोटर की खराबी भी एक बड़ा कारण है। दरअसल नलजल योजना के तहत एक मोटर लगाई गई है जिसके खराब होने के बाद पूराने मोटर से सप्लाई की जाती है। एक वैकल्पिक मोटर की और आवश्यकता महसूस की जा रही है पर उसे अबतक खरीदा नहीं गया है।

उद्यानिकी फसलों में मौसम आधारित फसल बीमा कराने की अवधि 15 दिसम्बर तक

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राज्य शासन कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा उद्यानिकी फसलों में मौसम आधारित रबी मौसम में फसल बीमा कराने हेतु 15 दिसम्बर 2020 तक तय किया गया है। उद्यानिकी फसलों की खेती कर रहे किसानों को वितरीत मौसम जैसे- कम तापमान, अधिक तापमान, बीमारी अनुकूल मौसम, कीट व्याधियों का प्रकोप लगातार अवर्षा की स्थिति निर्मित होना, ओला वृष्टि आदि से होने वाले नुकसान से बचाने पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा लागू की गई है। रबी फसल 2020 में जिले के अंतर्गत बीमा कराने वाले कृषकों को अधिसूचित फसल के अनुसार निर्धारित कुल बीमित राशि का अधिकतम 5 प्रतिशत अथवा वास्तविक प्रीमियम जो भी कम हो राशि कृषक अंश के रूप में ऋणी एवं अऋणी दोनों प्रकार के कृषकों को जमा करने होंगे। अऋणी कृषक फसल लगाने का स्व घोषित प्रमाण पत्र, नक्शा खसरा, आधार कार्ड, अपने बैंक पासबुक छायाप्रति जिसमें आईएफएससी कोड इत्यादि का उल्लेख हो, जमा कर बीमा करा सकते है।

योजना के अंतर्गत ऋ णी कृषकों के लिये विकल्प चयन के आधार पर क्रियान्वित होगी। ऋ णी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते हैं उन्हें भारत सरकार द्वारा जारी चयन प्रपत्रानुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र बीमा आवेदन की अंतिम तिथि के 7 दिवस पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। निर्धारित समय सीमा में हस्ताक्षरित घोषणा पत्र जमा नहीं करने पर संबंधित बैंक द्वारा संबंधित मौसम के लिये स्वीकृति व नवीनीकृत की गई अल्पकालीन कृषि ऋ ण को अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जावेगा।

इस मामले में किसी भी प्रकार की त्रुटि संबंधित बैंक किसानों के स्वीकार दावों के भुगतान के लिये उत्तरदायी होगा।

बीमा के दायरे में आयेंगी ये फसलें - टमाटर और आलू के लिये बीमित राशि क्रमशः 1 लाख रूपये और 5 प्रतिशत की प्रीमियम राशि के हिसाब से 5 हजार है। इसी प्रकार बैगन एवं प्याज के लिये बीमित राशि क्रमशः 70 हजार रूपये है और 3500 रूपये प्रीमियम राशि है। फूलगोभी और पत्तागोभी की बीमित राशि क्रमशः 60 हजार रूपये है और 3000 रूपये प्रीमियम राशि है।

निधन- पंडित कमल प्रसाद पाठक

मुंगेली। रामगोपाल तिवारी वार्ड पाठक पारा निवासी सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्व प्रधानाचार्य पंडित कमल प्रसाद पाठक उम्र 71 वर्ष का निधन 22 नवम्बर को बिलासपुर में हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 नवम्बर को दाऊपारा स्थित मुक्तिधाम में सम्पन्न हुआ जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए है। पंडित सागर पाठक के पिताश्री थे।

कोविड जांच के लिए सभी को जनसहयोग करने की ज़रूरत: रेखचंद जैन

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

नगरीय प्रशासन एवं श्रम विभाग के संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा कि वैश्विक माहामारी कोविड-19 समय के अनुसार फिर एक बार यह बढ़ सकता है जिसके कारण सभी लोगों को कोविड-19 जांच किए जाने की जरूरत है। वार्डों के पार्षद वार्ड के प्रथम नागरिक हैं और समुचित व्यवस्था की जिम्मेदारी में इनकी भूमिका जरूरी है। बस्तर जिले में कोराना वायरस के बढ़ने की संख्या को देखते हुए संसदीय सचिव ने उक्त बातें कही। महारानी अस्पताल के वीर गुंडाधुर सभागार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बैठक आयोजित किया गया जिसमें संसदीय सचिव, महापौर व सभापति सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोनावायरस जांच हेतु कंटेंटमेंन जोन बनाने हेतु चर्चा किया गया जिसमें निर्णय लिया गया कि सभी लोगों की जांच कराई जाएगी। संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा कि वैश्विक माहामारी कोविड-19 को लेकर सभी को गंभीरतापूर्वक कार्य करने की जिम्मेदारी सभी लोगों की है। इस हेतु स्वास्थ्य विभाग के गाईड लाईन को पालन करने की आवश्यकता है। ठंड़ के मौसम में इसके बढ़ने की संख्या ज्यादा है और जनता को ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य जांच कराना जरूरी है। मुख्यमंत्री चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. चतुर्वेदी द्वारा कोरोनावायरस यानि कोविड -19 की उत्पत्ति सहित उसके विस्तार के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी। नगरपालिक निगम आयुक्त प्रेमसाय पटेल द्वारा वार्ड पार्षदों के कोरोना काल में दिये योगदान की तारीफ की। इस बैठक में महापौर सफीरा साहू, सभापति कविता, पार्षदगण उपस्थित थे।

विधायक छाबड़ा ने दिए ग्राम आन्दू को नवीन सेवा सहकारी समिति सहित 90 लाख रुपये की सौगात

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेरला ब्लाक के ग्राम आन्दू में आयोजित नवीन सेवा सहकारी समिति मर्या.उप केन्द्र सहित विभिन्न विकास कार्यो के लोकार्पण एव भूमि-पूजन कार्यक्रम में मुख्यअतिथ्य - बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुये...

समस्त ग्रामवासीयो द्वारा विधायक का मुख्य मार्ग से जगह जगह स्वागत करते हुए.फूलों की वर्षा करते,भारी अतिशबाजी के बीच गढ़वा बाजा के साथ भव्य स्वागत करते हुए मंच तक लाया गया।

सर्वप्रथम विधायक आशीष छाबड़ा ने नवीन सेवा सहकारी समिति मर्या.आन्दू का फीता काट लोकर्पण किये एवं लोकनिर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत बावनलाख-आन्दू मार्ग नाला पर पुलिया निर्माण कार्य 50 लाख,सरदा-रांका मार्ग से अतरगढ़ी बूढ़ाजौग में आंगनबाड़ी एव स्कूल पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य 19.99 लाख,शासकीय भवनों में पहुच मार्ग निर्माण कार्य के अंर्तगत हाईस्कूल भवन अतरगढ़ी में पहुँच मार्ग निर्माण कार्य 19.88 लाख रुपये का पूरे विधि-विधान से पूजा पाठ कर भूमिपूजन किये। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि आज ग्राम आन्दू नवीन सेवा सहकारी समिति सहित विभिन्न विकास कार्यो का लोकपर्ण एव भूमि पूजन का कार्यक्रम रखा गया है,आज ग्राम आन्दू के लिए ऐतिहासिक स्वर्णिम दिन है,पिछले कुछ सालों से ग्राम आन्दू में धान खरीदी केन्द्र खोलें जाने की मांग किया जा राहा था,जिससे आस पास के किसानों को सरदा सोसायटी धान बेचने जाना पड़ता था,किसान साथियों को धान बेचने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था,अब किसान साथियों को धान बेचने के लिए सरदा जाना नहीं पड़ेगा, आन्दू में सेवा सहकारी समिति की स्वीकृति हो गई है,एक तारीख से ग्राम आन्दू में आस पास के गाँव बावनलाख, सिंगदेही, अतरगढ़ी, बूढ़ाजौंग के किसान साथियों की धान की खरीदी ग्राम आन्दू सोसायटी से खरीदी किया जायेगा,ये सब प्रदेश के मुखिया भुपेश बघेल के सोच से हो पा रहा है, सन 2000 में छत्तीसगढ़ अलग राज्य बना 2000 से 2003 तक प्रदेश में कांग्रेस पार्टी का सरकार था ।

धान खरीदी की सुरुवात कांग्रेस सरकार की देन है, छत्तीसगढ़ में धान खरीदी की सुरुवात कांग्रेस की सरकार ने चालू किया 2018 विधानसभा चुनाव के बाद पुनः छत्तीसगढ़ की जनता के आशीर्वाद से प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनी प्रदेश के मुखिया भुपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश में सरकार जो काम कर रही है।

जनपद सदस्य ने मितानिनों का सम्मान किया

मुंगेली। ग्राम पंचायत फुलवारी में मितानिन का सम्मान समारोह कार्यक्रम रखा गया था जिसमें पदमपुर जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 23 के जनपद सदस्य माला संजय सोनवानी मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहीं साथ ही मितानिनो को मितानिन दिवस पर शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया तथा उनके कार्यों की सराहना की गई साथ ही छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के छत्तीसगढ़ में चल रहे उत्कृष्ट कार्यों के बारे में उपस्थित लोगों को बताया गया तथा माननीय मुख्यमंत्री का इस उत्कृष्ट कार्य के लिए आभार व्यक्त की गई इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत फुलवारी के सरपंच तथा पंच गण मितानिन एवं महिला स्व. सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहे।

मास्क ही सुरक्षा कवच है अभी कोरोना के खिलाफ

बेमेतरा। कोरोना संक्रमण के इस दूसरे दौर में फिलहाल हम सबको तीन आसान उपाय ही बचा सकते हैं। अगर ईमानदारी से इनका पालन किया जाए तो संक्रमण से बचा जा सकता है। मेडिकल कालेज हॉस्पिटल रायपुर (मेकाहारा) के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ ओ पी सुंदरानी का मानना है कि जब डॉक्टर आई सी यू जैसी अति संक्रमित जगह में रहकर कोरोना संक्रमितों का इलाज करते हुए भी सुरक्षित रह सकते हैं तो आम जनता आसानी से कुछ सुरक्षा उपाय अपना कर बच सकती है। इस समय भीड़ वाली जगहों से बचना, अनावश्यक लोगों से न मिलना,दो गज की सुरक्षित दूरी का पालन करना और हाथ साबुन पानी से धोते रहना अत्यंत आवश्यक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी कहा है कि यदि 90 प्रतिशत तक आबादी मास्क सही ढंग से नाक और मुंह ढंकने लगे तो बीमारी नही फैलेगी। अभी सामान्य सी लापरवाही भी जान पर भारी पड़ रही है। एक सर्वेक्षण में कुछ लोगों ने कहा कि मास्क लगाने से सांस लेने में कठिनाई होती है। अगर ये लोग आई सी यू में पहुंच गए तो वेंटिलेटर पर कैसे रहेंगे। कुछ लोगों ने कहा कि हमको सांस की तकलीफ है इसलिए मास्क नही पहन सकते। चिकित्सक कहते हैं कि ऐसे लोगों को तो और अधिक मास्क पहनने की जरूरत है। कुछ लोग ये कहते हुए पाए गए कि हमने प्रिवेन्टिव दवाई खा ली, जो कि सही जानकारी नही है।

भाजपा कार्यकर्ता किसी भी डिबेट में भाग लेने में सक्षम

मुंगेली। भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता वैचारिक रूप से सदैव पुष्ट रहता है। सभी किसी भी डिबेट में भाग लेने में सक्षम है फिर भी विषय की सही प्रस्तुति नये कार्यकर्ताओं के बीच हो ताकि वे भाजपा की रीति नीति व राष्ट्रवादी सिद्धांत को भलीभांति जान समझ सकें। ये बातें पूर्व सभापति रायपुर नगर निगम व प्रदेश भाजपा प्रवक्ता रहे संजय श्रीवास्तव ने जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा मंत्री अंजू राजपूत,जिला प्रशिक्षण प्रभारी गिरीश शुक्ला, जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक व जिला पदाधिकारी तथा सभी 9 मण्डलों के अध्यक्ष एवं महामंत्री गण उपस्थित रहे।

भाजपा महामंत्री नारायण चंदेल शामिल हुए बिलासपुर जिले के प्रशिक्षण कार्यक्रम में

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष,भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री, जांजगीर चांपा क्षेत्र के विधायक नारायण चंदेल 23 नवम्बर को बिलासपुर के भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में प्रशिक्षण अभियान के कार्यक्रम में शामिल हुए तथा कार्यक्रम को संबोधित किया,इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेतागण व कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

पुरूष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

भारत सरकार के द्वारा विगत कई वर्षों से पूरे देश में पुरूष नसबंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसमें परिवार नियोजन सेवाओं सहित पुरूष नसबंदी पखवाड़ा के प्रचार-प्रसार पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। वर्तमान में देश कोविड-19 महामारी से बचाव हेतु संघर्षरत है किंतु प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं का प्रावधान न केवल अवांछित गर्भधारण को रोकने के लिए और अधिक महत्व रखता है, इसलिए जिला बेमेतरा में 21 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2020 तक ''पुरूष नसबंदी पखवाड़ा'' का आयोजन किया जा रहा है। पुरूष नसबंदी पखवाड़ा आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य पुरूषों में नसबंदी को बड़ावा देना एवं पुरूष नसबंदी पर फैली भ्रांतियों को दूर करना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि पखवाड़े के दौरान ग्राम स्तर पर ''मोर मितान मोर संगवारी'' चौपाल का आयोजन किया जाएगा।

ग्राम पंचायत हरेठी में मनाया गया मितानिन दिवस

सक्ती। जनपद पंचायत सक्ति के अंतर्गत ग्राम पंचायत हरेठी में मितानिन दिवस मनाया गया सरपंच तुलेश कुमार जायसवाल ,सचिव महेशराम केवट, रोजगार सहायक अजय बरेठ एवं हरेठी सेक्टर एम टी बृंदा राठौर, मितानिन परमेश्वरी चौहान मितानिन सरिता केवट, सुनैना खैरवार, पंच गौतम चौहान ,संतोष केवट ,हेम्प्रकाश जायसवाल,रामेश्वर चौहान ,एवं गांव के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित हुए एवं मितानिनों को श्रीफल नारियल एवं साड़ी भेट कर सम्मानित किया गया।

साफ-सफाई के लिए श्रमदान में सहयोग प्रदान करने के लिए कहा

कलेक्टर ने नेहरू युवा केन्द्र के कार्य योजना के संबंध में ली बैठक

नेहरू युवा केन्द्र आत्मनिर्भर भारत, जल-संरक्षण एवं संवर्धन, डिजीटल प्लैटफार्म, युवाओं को कैरियर गाइडलाइन की दिशा में सार्थक कार्य कर रही है

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर महादेव कावरे ने कलेक्टर सभाकक्ष में नेहरू युवा केन्द्र जशपुर के 2020-21 के कार्य योजना के संबंध में बैठक ली और नेहरूयुवा केन्द्र समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जिला युवा समन्वयक सुश्री सुमेधा पवार से गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर ने जशपुर जिले के पर्यटन स्थल रानीदाह , बगीचा विकासखंड के दनगरी में भी युवाओं को जोड़कर श्रमदान के माध्यम से साफ-सफाई पर भी सहयोग प्रदान करने के लिए कहा है। समन्वयक ने प्रोजेक्टर के माध्यम से नेहरू युवा केन्द्र की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई और शासन द्वारा दी गई बजट के बारे में भी बताया गया। कलेक्टर ने विभिन्न हाट बाजारों में नेहरू युवा केन्द्र के युवाओं को कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के लिए जागरूक करने के लिए कहा। साथ होमआईशोलेशन वाले मरीजों को भी मदद पहुंचाने के निर्देश दिए है। समूह की महिलाओं को विभिन्न गतिविधियों में जोड़कर आजीविका से संबंधित प्रशिक्षण देने के लिए कहा है ताकि वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सके।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. विजय रक्षित, प्रो. सतपति, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जशपुर के महाप्रबंधक टी.आर.टेकाम, लीड बैंक प्रबंधक पैत्रुस ओडिया, जिला संगठन आयुक्त रूपेश पाणीग्राही, लेखापाल अजय सिंह उपस्थित थे। प्रेजेन्टेंशन के माध्यम से बताया गया कि नेहरूयुवा केन्द्र के द्वारा 2020-21 के लिए कार्य योजना बनाई गई है। इसमें युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने, कोविड-19 सुरक्षा के संबंध में लोगों में जागरूकता लाना, ग्राम पंचायतों में जल-संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कार्य करना। डिजीटल प्लैटफार्म के माध्यम से लोगों को जो?ना, युवाओं को कैरियर गाईडलाईन के माध्यम से स्व-रोजगार से जोड़ने के दिशा में कार्य करना।

ग्राम पंचायतों को क्लीन वीलेज एवं ग्रीन वीलेज के माध्यम से पौध रोपण कराना और गांव को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। लोगों को अपने गांव को सुंदर और स्वच्छ के साथ ही हरा-भरा बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों में शामिल किया जा रहा है। नेशनल यूथ डे के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की जाती है और उत्कृष्ट कार्य करने वालों को भी सम्मानित किया जाता है।

16 लाख के विकास कार्यों का संसदीय सचिव ने किया भूमिपूजन

बेमेतरा। ग्राम कूंरा के विकास कार्यो के लिए पैसों की कमी नही होगी नवागढ़ विधानसभा में सबसे ज्यादा विकास कार्य मेरे कार्यकाल में कुंरा में होगा ये मेरा आप लोगो से वादा है उक्त बातें ग्राम कुंरा के भूमिपूजन कार्यक्रम में गुरुदयाल सिंह बंजारे संसदीय सचिव छ ग शासन ने कही उन्होंने कहा कि 16 लाख के विकास कार्यो का भूमिपूजन करने आया हूं। इसके अलावा आपके गांव में अभी लगभग 1 करोड़ 50 लाख के कार्य स्वीकृत हो चुका है ,जो विकास कार्य 15 साल में यहाँ के निष्ठि य मंत्री ने नहीं कराया वो कॉग्रेस सरकार के कार्यकाल में सिर्फ 2 साल में हुआ है और आने वाले समय मे भी होते रहेगा।

किसानों की समस्या को देखते हुए क्षेत्र में 17 नवीन सेवा सहकारी समितियों की स्वीकृति मुख्यमंत्री ने प्रदान किया है उसके लिए मुख्यमंत्री का बहुत- बहुत आभार प्रकट करता हूँ। कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष अंजली मारकंडेय, संबलपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ईश्वर लोधी, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र साहू ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर नांदघाट ब्लाक अध्यक्ष सुशील साहू माधो सिंह, विजय यादव , लाला कटारे, लखन कुर्रे, साधराय मधुकर, झम्मन बघेल, भागवत साहू, वीरेन्द्र जायसवाल, ददद्दू मारकंडे, दिनेश शुक्ला, सरपंच संतोषी बघेल सहित पंचगण और ग्रामवासी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने जांच की बात तो कही पर अब तक जारी नहीं हुआ आदेश मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को जांच में क्यों मिल रही रियायत !

प्रशासनिक जांच के अलावा पुलिसिया जांच भी अब तक शुरु नहीं हो सकी, ऑक्सीजन सप्लाई एजेंसी का टेंडर रद्द करने के बाद आगे की प्रक्रिया भी अधर में

■ विभागीय बैठक में क्या हुआ.. जानकारी देने से बच रहे अधीक्षक बेक

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

ऑक्सीजन सप्लाई एजेंसी पर ठीकरा फुटने के बाद अब मेडिकल अस्पताल प्रबंधन निशाने पर है। मृतक की बेटियां पहले ही इन पर कड़ी कार्रवाई के लिए शासन-प्रशासन तक शिकायत कर चुकी हैं। खैरागढ़ निवासी 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत के बाद अस्पताल की सुविधाओं और प्रबंधन को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। इस मामले को लेकर शासन - प्रशासन ने जांच का ऐलान कर रखा है लेकिन इन आदेश को लेकर भी हील-हवाला ही चल रहा है। दूसरी ओर पुलिस अधीक्षक भी जांच जारी होने की बात कह रहे हैं जबकि उनके मातहत अधिकारी अब तक आदेश न मिलने का खुलासा कर रहे हैं।

मृतक की पुत्री की शिकायत पर कलेक्टर ने मेडिकल कॉलेज में हुई मौत के जिम्मेदारों को लेकर जांच के

खत्म हो रही उम्मीद : बेबस बेटी के सामने गुहार लगाते पिता ने दम तोड़ दिया
मौत के बाद अब सुध आई ऑक्सीजन प्लांट निरीक्षण की, पहले से मॉनिटरिंग होती तो जान नहीं जाती
स्वास्थ्य मंत्री की दो टूक : पूरी जिम्मेदारी अधीक्षक की, मामले में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा

पायनियर
लगातार

आदेश लगभग एक सप्ताह पूर्व दिए थे। इस आदेश के बाद स्थिति यह है कि जांच अधिकारी बनाए गए अपर कलेक्टर सीएल मार्कंडे को अब तक न ही जांच के आदेश मिले है और न ही शिकायतकर्ता द्वारा दी गई शिकायत की प्रति उन्हें मिल पाई है। नतीजतन अब तक जांच शुरु भी नहीं हो सकी है। अपर कलेक्टर सीएल मार्कंडे ने पायनियर से बातचीत में बताया कि उन्हें अब तक जांच से संबंधित किसी तरह का आदेश या दस्तावेज उपलब्ध नहीं हुए हैं। आश्चर्य है कि एक ही ईमारत के भीतर कलेक्टर के चेंबर

से अपर कलेक्टर के चेंबर तक एक हफ्ते के बाद भी आदेश व अन्य कागजी दस्तावेज नहीं पहुंच पाएं हैं। यह सिस्टम की खामियां तो उजागर करने के लिए काफी है ही इसके अलावा शंका यह भी है कि क्या जिला प्रशासन भी दोषी मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को इस मामले में बचाने की कोशिश कर रहा है। वो भी तब जब एक परिवार का मुखिया लचर व्यवस्था की बली चढ़ चुका है और आम लोगों के मन में कोविड अस्पताल में चल रही अव्यवस्था को लेकर भय निर्मित हो चुका है।

दूसरी ओर शिकायत पर पुलिसिया जांच को लेकर पुलिस अधीक्षक डी श्रवण ने कहा कि, मृतक की बेटियों की शिकायत पर

एसडीओपी जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कलेक्टर द्वारा गठित मेडिकल टीम भी जांच करेगी जिसके बाद प्राप्त तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस अधीक्षक के इस बयान के विपरित एसडीओपी जीसी पति ने पुष्टी करते हुए बताया कि उन्हें जांच से संबंधित किसी तरह के आदेश या दस्तावेज अब तक नहीं मिले हैं। समझा जा सकता है कि जिला स्तर पर घोषित दो जांच एक हफ्ते बीतने के बाद भी शुरु नहीं हो सकी है। जहां जिला अधिकारी जांच शुरु होने की बात कह रहे हैं तो उनके मातहत अधिकारी ही जांच से संबंधित आदेश तक प्राप्त न होने की बात कह रहे हैं।

लचर सिस्टम की भेंट चढ़ जाएगी जांच!

इस खुलासे के बाद मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को लेकर चल रही जांच पर होने वाली कार्रवाई की संभावनाएं खत्म होती दिख रही है। न सिर्फ प्रबंधन के जिम्मेदार खुद को बचाने दूसरे जिम्मेदार पर ही पूरी गलती थोप रहे हैं बल्कि प्रशासन भी उन्हें बचाने की कोशिशों में लगे हैं। दूसरी ओर इस मामले में स्वास्थ्य विभाग ने भी मेडिकल से सवाल-जवाब किए हैं। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव भी लापरवाही के संबंध में प्रबंधन को दोषी बता चुके हैं। उन्होंने कहा था कि एक व्यक्ति की इस तरह की मौत के लिए सीधे तौर पर प्रबंधन और अस्पताल अधीक्षक जिम्मेदार हैं जिनके खिलाफ जांच के बाद कार्रवाई होगी और किसी भी दोषी का बख्शा नहीं जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री के इस आश्वासन के बावजूद कार्रवाई को लेकर कई आशंकाएं हैं और इसका जिम्मेदार शासन - प्रशासन ही नज़र आ रहा है। अधिकारी वर्ग अपने ही बिरादरी वालों को बचाते नज़र आ रहे हैं।

मौत के डर से अस्पताल जाने से बच रहे लोग

आम लोग टेस्ट कराने से हिचक रहे हैं क्यूंकि उन्हें डर है कि कहीं उन्हें कोविड अस्पताल न भेज दिया जाए। ऐसे में बेहद जरुरी है कि शासन इस मामले में आवश्यक कार्रवाई कर प्रबंधन को दुरुस्त करे। दूसरी ओर कोविड अस्पताल में हुई मौत को लेकर लोग मुखर हैं और वे भी सख्त कार्रवाई के पक्षधर हैं। 15 नवंबर को हुई खैरागढ़ निवासी व्यक्ति की मौत ने कोविड अस्पताल की सारी पोल खोल कर रख दी। यहां लचर प्रबंधन और मॉनिटरिंग में खामी ही वह बड़ी वजह बनी जिसके चलते एक व्यक्ति की अकालमृत्यु होने के बाद से संक्रमित व्यक्ति घर में ही आईसोलेट होने के पक्षधर हैं। अस्पताल से ठीक होकर लौट चुके लोग भी वहां के अनुभव साझा कर रहे हैं। ये लोग बताते हैं कि वहां घंटे चीखने-चिल्लाने पर भी किसी तरह की मदद नहीं मिलती। चार दिवारी के भीतर कैद मरीज कई बार दर्द से तो कई बार दूसरी समस्याओं को लेकर बड़ी परेशानियां सामना करता रहता है बावजूद उसे देखने वाला कोई नहीं होता। मेडिकल स्टॉफ अपने तय पर ही वार्ड में आते हैं और इसके बाद वे अपना लंबे समय गायब रहते हैं। चिकित्सक की जरुरत होने पर हमेशा यही जवाब आता है कि डॉक्टर राऊंड में हैं जबकि वार्ड में डॉक्टर आते ही नहीं। ऐसी अव्यवस्थाओं का हवाला देते हुए पूर्व में संक्रमित रहे लोग दूसरों को कोविड अस्पताल न ही जाने की सलाह देते हैं।

क्या कहते हैं कानूनी जानकार

बिलासपुर हाईकोर्ट के अधिवक्ता देवेंद्र खोब्रागढ़े ने इस मामले में कानूनी कार्रवाई की जानकारी सामने रखी है। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज में निर्मित कोविड अस्पताल में एक व्यक्ति की लापरवाही के चलते मौत होना गंभीर मसला है। इस प्रकरण में प्रबंधन पर विभिन्न धाराओं के तहत मामजा दर्ज किया जा सकता है जिसमें अलग-अलग दंड, जुर्माना का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में भादंवि की धारा 336, 337, 338, 304ए के तहत मामला कायम किया जा सकता है। धारा 336, 337 की धाराओं के तहत दूसरों के जीवन या व्यक्ति गत सुरक्षा को ख़तरा पहुँचाने वाला कार्य कारित करने पर तीन माह तक के कारावास व जुर्माने का प्रावधान है। वहीं धारा 337 के तहत 6 माह तक कारावास या जुर्माना का प्रावधान है। वहीं धारा 338 में अधिकतम दो वर्ष का कारवास और जुर्माना लगाया जा सकता है। 304 ए के तहत भी दो साल कारावास और जुर्माना प्रावधान है।

अमरनाथ जिला साहू संघ के महामंत्री मनोनीत

■ स्व.पूरन साहू की पत्नी अंजू साहू जिला उपाध्यक्ष

पायनियर संवाददाता
◄ राजनांदगांव/डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

जिला साहू संघ राजनांदगांव के महामंत्री के पद पर डोंगरगांव तहसील अध्यक्ष अमरनाथ साहू को नियुक्त किया गया है। अमरनाथ साहू को स्व.पूरन साहू के रिक्त स्थान पर मनोनित किया गया है। वहीं स्व. पूरन साहू की पत्नी अंजू साहू जिला उपाध्यक्ष बनाई गई। युवा ओमप्रकाश साहू जनपद सदस्य को कर्मा सेना का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है।

जिला साहू संघ के दीपावली मिलन समारोह में जिलाध्यक्ष कमल किशोर साहू ने इस नियुक्ति की विधिवत घोषणा की। अमरनाथ साहू समाज के युवा प्रकोष्ठ, ग्राम, परिक्षेत्र व तहसील के प्रमुख पदों पर रहते हुए सामाजिक कुरीतियों को दूर करने, रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण हेतु सकारात्मक सोच के साथ कार्य कर साहू समाज में अपनी एक नई पहचान बनाई है। उल्लेखनीय है कि अमरनाथ साहू डोंगरगांव तहसील साहू संघ में लगातार 2 बार अध्यक्ष बतौर समाज में सेवारत हैं। उक्त मनोनयन पर प्रदेश साहू संघ के कार्यकारी अध्यक्ष थानेश्वर साहू अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग, शांतनु साहू, विधायकद्वय दलेश्वर साहू डोंगरगांव व श्रीमती छन्नी साहू खुज्जी, पूर्व विधायकद्वय खेदूराम साहू व भोलाराम साहू, डॉ निरेन्द्र साहू, हूमन साहू, विष्णु साव, मोती लाल साहू, विवेक साहू, डीडी साहू, नीरा साहू, तारा साहू, अंजोर साहू, हेमंत साहू, भुवाल साहू, पूर्णिमा साहू, धरम साहू, सरिता साहू, घम्मन साहू, विप्लव साहू, भागवत साहू, हंसराज साहू, मधु साहू, चंद्रकुमार साहू, मदन साहू, शिवप्रसाद साहू सहित जिला, तहसील के पदाधिकारियों व सामाजिकजनो ने बधाई दी है।

कन्हारगांव में मितानिन दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत कन्हारपुर में मितानिन दिवस मनाया गया। इस दौरान पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच सरला गंगाधर साहू ने सभी मितानिनों का पुष्प गुच्छ देकर स्वगात किया और

साड़ी एवं श्रीफल देकर सम्मनित किया।उन्होंने कहा कि मितानिनों का कार्य ग्रामीण अंचल में स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता हैं। उनके द्वारा बच्चों को टीका लगने से लेकर,गर्भवती महिलाओं की देखरेख करना,अस्पताल ले जाना, जच्चा-बच्चा को स्वस्थ रखने के लिए पोषण आहार सम्बंधी जानकारी देने का काम जिम्मेदारी से किया जाता है। इस मौके पर उपस्थित सरपंच पति गंगाधर साहू, पंच मे नामदेव साहू, पितम साहू, कला बाई, मितानिन मे मीना मेश्राम, डेरहिन गोड, रामेश्वरी गोड कुंती साहू, चंद्र कुमार सचिव एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

वार्ड नं. 10 में मितानिनों का सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शांति नगर वार्ड नं. 10 में पार्षद एवं शहर महिला कांग्रेस की महासचिव पूर्णिमा नागदेवे के द्वारा मितानीन दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शहर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती रोशनी घनश्याम सिन्हा, कार्यक्रम की अध्यक्षता नीशा साहू और विशिष्ट अतिथि के रूप में एल्डरमैन नारायण यादव, शहर कांग्रेस कमेटी की सचिव पिंकू खान एवं एकता सिन्हा के द्वारा किया गया।

वार्ड नं. 10 की मितानीन उतरा सिन्हा, तृप्ति निषाद, श्रीमती शकुंतला सिन्हा और शशिप्रभा ठाकुर का साड़ी व श्रीफल देकर

सम्मान किया गया। इस बीच श्रीमती सिन्हा ने अपने उद्बोधन में वैश्विक महामारी कोरोना के बीच डर व भय को त्याग कर निरंतर सेवा दे रहे ऐसे स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मितानीनों का भी अहम योगदान है। ऐसे विरता को प्रणाम करते हुए इनकी बहादूरी अनुकरणीय है। इस बीच वार्डवासी सावित्री निषाद, मथुरा निषाद, सुकवारो बाई वर्मा, पायल वर्मा, यशोदा वर्मा, सरोज यादव, भारती यादव, भावना वर्मा, गोदावरी पटेल, बिंदा बाई पटेल, रजनी सिन्हा, योगेश्वरी यादव, सुशीला, संजना, सोनिया, तामेश्वरी, चन्द्रकुमारी, नेतराम पटेल, विजय ठाकुर एवं प्रेरक नीलम गढ़ेवाल उपस्थित थे।

जनपद पंचायत छुईखदान के कार्यकम अधिकारी के खिलाफ जांच, कार्यवाही में देरी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत छुईखदान के मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी सिदार्थ जससवाल के कार्यप्रणाली एवं मनरेगा में भ्रष्टाचार करने के संबंध में नवम्बर 2019 मे सरपंच संघ, सचिव संघ व रोजगार सहायक संघ एवं मनरेगा स्टॉफ द्वारा कलेक्टर, जिला पंचायत व आयुक्त में शिकायत किया गया था। इसकी जांच के लिऐ 8 माह वाद जांच टीम गठित किया गया। जिसमे अतिरिक्त मुख्य कार्यापालन अधिकारी दिलीप कुर्रे, सहायक परि.अधि.मनरेगा फैज मेमन , आडिटर पी.एल.चंद्रकार, प्रोग्रामर मनरेगा शतदल पात्रो द्वारा 17 जून को जनपद पंचायत छुईखदान के सभा कक्ष में शिकायतकर्ता को बुलाकर मनरेगा के सभी रिकार्ड का गहन जाँच किया किया गया था। जिसमे बिना सत्यापन मूल्यांकन के भगुतान करना, फाइल में हस्ताक्षर के बिना सामाग्री भुगतान प्रस्तुत मस्टर रोल की राशि से अधिक का भुगतान, फाइल में हेराफेरी कर वेंडरों को फायदा पहुंचाने के उदेश्यसे मनमर्जी तरीके से भुगतान करना जैसे प्रमाण जांच टीम को मिले थे। साक्ष्य के रूप मे सभी फाइल को जप्तीनामा बनाकर आगे की जांच हेतु जिला कार्यालय ले जाया गया था। प्रमाण मिलने के बावजूद अब तक दोषी कार्यक्रम अधिकारी को बचाया जा रहा है। न ही कोई कार्यवाही हो रही है और न ही स्थानांतरण। जिसके कारण कार्यक्रम अधिकारी का मनोबल और बढ़ गया है। उनके द्वारा पहले जैसी कार्यप्रणाली एवं अनियमितता करने की प्रबल संभावना है। जिससे सरपंच /सचिव /रोजगार सहायकों में शासन -प्रशासन के खिलाफ रोष व्याप्त होता जा रहा है। जाँच अधिकारी पर प्रश्न चिन्ह लगा हुआ है कि इतने सारे साक्ष्य (सबूत) एवं गवाही होने के बाद भी कोई कार्यवाही आखिर क्यूं नहीं की जा रही।

धार्मिक उन्माद फैलाने सहित मुद्दों के दिवालियापन पर भाजपा : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में जब से कांग्रेस की सरकार भूपेश बघेल के नेतृत्व में आई है तब से समग्र विकास की अवधारणा मूर्त रूप ले रही है। इससे भाजपा और उसके अनुसांगिक संगठन हताश व परेशान हैं इसलिए नित नए प्रपंच रचकर नौटंकी कर रहे हैं।

प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि बालोद जिले के पाटेश्वर धाम के गुरु सम्मानीय बालक दास जी महामहिम राज्यपाल से मिल चुके हैं। ऐसी स्थिति में अन्य जिले में उस मुद्दे पर धरना प्रदर्शन कर धार्मिक उन्माद फैलाने का कार्य भाजपा कर रही है जो भी सत्यता होगी वह कुछ दिनों में सबके सामने होगी। क्योंकि यह वही छत्तीसगढ़ है जिस पर 15 वर्ष तक भाजपा ने राज किया और माता कौशल्या के मायके छत्तीसगढ़ को पहचान दिलाने कि सोच भी भाजपा नहीं दिखा सकी थी। भूपेश बघेल की दृढ इच्छाशक्ति के चलते माता कौशल्या मंदिर चंदखुरी सहित राम वन पथगमन की समग्र कार्य योजना छत्तीसगढ़ में प्रारंभ हो

चुकी है। भाजपा को यह भी नहीं भूलना चाहिए कि उनके सरकार के रहते ही जिस प्रकार से गौमाताओ पर गौशालाओं में, बच्चों पर आश्रम छात्रावासों में अत्याचार के मामले उजागर हुए थे। उस पर भी भाजपा सरकार कार्यवाही करने में असफल थी।

उन्होंने कहा कि अब जब छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने गौ माता की सुरक्षा संवर्धन के लिए गोधन न्याय योजना लागू की है जो गौमाता के प्रति आस्था के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रहा है। कांग्रेस सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से भाजपाई बौखलाहट में है और मुद्दा विहीन राजनीति कर छत्तीसगढ़ में अशांति फैलाने का प्रयास कर रहे है। धार्मिक स्थलों पर सभी की अटूटआस्था है। ऐसे स्थानों के नाम पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। पाटेश्वर धाम के संचालक बालक दास जी राज्यपाल से मिल चुके हैं ऐसी स्थिति में भाजपा व उनके अनुषांगिक संगठन का धरना कर ज्ञापन दिया जाना पूर्णतः औचित्यहिन और अपने अस्तित्व को बचाने के लिए किया गया असफल प्रयास ही है।

घुमका क्षेत्र में थम नहीं रहा अवैध शराब का कारोबार

डीजीपी के सख्त चेतावनी के बाद भी छूट, आबकारी विभाग को भी नहीं मिल रहे बड़े तस्कर

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

अवैध शराब के कारोबार को रोकने के तमाम इंतजामों, दिशा निर्देश और आदेशों के उलट इन दिनों शराब के काले कारोबार को रोकना पुलिस और आबकारी विभाग के लिए मुश्किल ही नहीं सम्भवतः नामुमकिन प्रतीत हो रहा है। पूरे इलाके के गांव की हर गलियों में एमपी और महाराष्ट्र की अवैध शराब खुलेआम भारी मात्रा में बेखौफ बेची जा रही है। जबकि अवैध शराब बिक्री को रोकने के लिए छत्तीसगढ़ के डीजीपी को कई बार फरमान जारी करना पड़ा है। इसके बाद भी अंकुश नहीं हो पाना कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बना हुआ है।

बीते पखवाड़े पहले पुलिस महानिदेशक डीएम अवस्थी ने वक्तव्य जारी कर सूबे के तीन जिलों में फैले अवैध शराब के कारोबार को लेकर अपने महकमे के मातहत अधिकारियों के लिए काफी तल्ख टिप्पणी करते हुए सख्त हिदायत भी दिया है। दुर्भाग्यवश तीन जिलों में राजनांदगांव भी शुमार है। डीजीपी ने फरमान में अवैध शराब बिक्री के मामले पाये जाने वाले थाना क्षेत्र के प्रभारियों पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी भी दी है। इसके बावजूद भी अवैध शराब का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है।

घुमका सहित पूरे इलाके में इन दिनों अवैध शराब के बेखौफ कारोबार के बीच पुलिस की कार्यवाही में बड़ी मछलियों का पकड़ में नहीं आना काफी चर्चा में है। बीते अप्रैल महीने में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक के द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध शराब डंप को पकड़ने में बड़ी सफलता हाथ लगी थी। कुछ

नामी-गिरामी तस्कर भी पुलिस के हत्थे चढ़े थे। इन तस्करों के माध्यम से पूरे जिले में शराब के माफिया तक पहुंचने का प्रयास चलता रहा। शराब लाबी के बड़े माफिया तक पुलिस नहीं पहुंच पाई थी। तब पुलिस अधीक्षक ने पत्रकार वार्ता लेकर स्पष्ट रूप से संदेश दिया था कि शराब के अवैध कारोबार को जिले में बिल्कुल पनपने नहीं दिया जाएगा और अगस्त माह में पुलिस अधीक्षक का तबादला हो गया।

फिर आने लगी एमपी से खेप

इसके बाद फिर से एमपी से बड़ी मात्रा में पहुँच रही। अवैध शराब की खेप से इलाके के कई गांव के नामी तस्करों ने फिर से शराब के अवैध कारोबार का जाल बिछा लिया है। खबरों के अनुसार घुमका, मुरमुन्दा, गोपालपुर, सलोनी, कलेवा, हरदुआ, भालूकोंन्हा पटेवा बरबसपुर आदि गांव में बड़े पैमाने पर देशी विदेशी एमपी एवं दिगर प्रांत के अवैध शराब को खपाने का खेल जोरों से चलना बताया जा रहा है। विश्वस्त जानकारी के अनुसार शराब माफिया के आकाओं द्वारा गांव गांव में तस्करों तक आसानी से कई पेटी शराब पहुंचाई जा रही है। नाम मात्र की छोटी मोटी कार्यवाही कर औपचारिकताओं का खेल खेला जा रहा है। कुछ होटल नुमा अड्डों के संचालक भी अवैध शराब के कारोबार में लिप्त बताए जा रहे हैं।

नाकामी या गठजोड़

सुविज्ञ सूत्रों के अनुसार काफी लंबे समय से शराब की बड़ी खेप का पकड़ में नहीं आना और घुमका समेत अवैध शराब बिक्री के लिए चर्चित गांवों में आसानी से शराब उपलब्धतता को तंत्र की नाकामी या गठजोड़ के तौर पर देखा जा रहा है। इलाके में अवैध शराब जप्ती की कार्यवाही को लेकर पुलिस के अलावा आबकारी के हाथ भी इन दिनों पूरी तरह खाली बताया जाता है। जबकि अवैध शराब के कारोबार को लेकर जानकार सूत्रों का कहना है कि पूरे इलाके में चौबीसों घंटे तमाम गांवों में शराब आसानी से उपलब्ध हो रहा है।

अवैध शराब के इस बड़े पैमाने पर चल रहे कारोबार में अंकुश लगाने आबकारी विभाग की ठोस कार्यवाही पूरे क्षेत्र में अब तक उल्लेखनीय भी नही बताया जा रहा है। जबकि इस अवैध धंधे को रोकने की गरज से कुछ साल पहले स्थापित की जाने वाली आबकारी सर्किल भी राजनांदगांव शिफ्ट कर दिये जाने से स्थिति ज्यादा बिगड़ती चली गई जबकि हाल फिलहाल में अवैध शराब के चलते लगातार घुमका, पटेवा में चाकूबाजी और अन्य गम्भीर घटनाएं भी हो चुकी है।

प्रतिदिन कई पेटी शराब बिक रही

सबसे दुर्भाग्य जनक स्थिति यह कि स्थानीय घुमका में ही प्रतिदिन कई पेटी अवैध शराब खपने की खबर लगातार मिल रही है। मदिरा प्रेमी निर्धारित ठिकाने से आसानी से शराब खरीद लेते हैं। सूत्रों के अनुसार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से चंद कदम दूर व्यस्त आवाजाही वाले मुख्य मार्ग पर ही चिकन मटन बिरयानी सेंटर और होटल के आड़ में अवैध शराब बिक्री और पीने की सुविधाएं खुलेआम उपलब्ध होना बताया जा रहा है। इन सभी स्थितियों को देख कर आम नागरिक अंदाजा लगा रहे हैं कि इस कदर अवैध शराब के पूर्व से चिन्हित सौदागरों पर आखिर पूरा तंत्र एवं प्रशासन की मेहरबानी के पीछे कुछ पुलिसकर्मियों की संलिप्तता की आशंकाओं की चर्चा भी जोरों पर है।

क्विक न्यूज

कोविड अस्पताल के बेहतर प्रबंधन और निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

रायगढ़। कलेक्टर भीम सिंह द्वारा कोविड-19 के गंभीर प्रकरणों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए जिले में बेहतर कोविड प्रबंधन और निगरानी के लिये महत्वपूर्ण वर्टिकल जैसे सेपलिंग एवं टेस्टिंग, कान्टेक्ट ट्रेसिंग, कोविड केयर सेंटर तथा डेडिकेटेड कोविड अस्पताल के लिए समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने एवं मरीजों को सही समय पर सही उपचार मिल सके इसके लिये अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी जिसमें आंशिक संशोधन करते हुये जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सेम्पलिंग, टेस्टिंग एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के लिए संयुक्त कलेक्टर अभिषेक गुप्ता मोबा.नं.94077-20005, कोविड केयर सेंटर तथा डेडिकेटेड कोविड अस्पताल के लिए डिप्टी कलेक्टर अरूण कुमार सोम मोबा.नं.75874-50521 तथा 93993-69609 तथा होम आईसोलेशन में उपचारित व्यक्ति के समुचित उपचार के लिए डिप्टी कलेक्टर अभिलाषा पैंकरा मोबा.नं.96179-02041 को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

पुरूष नसबंदी पखवाड़ा के जन जागरूकता के लिए प्रचार-प्रसार

- कलेक्टर ने किया हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

पुरूष नसबंदी पखवाड़ा के उपलक्ष्य में जन जागरूकता हेतु प्रचार-प्रसार रथ आज 24 नवम्बर को जिला मुंगेली के कलेक्ट्रेट परिसर से कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पुरूष नसबंदी पखवाड़ा का 21 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2020 तक आयोजित किया जा रहा है।

जिसमें 21 नवम्बर से 27 नवम्बर 2020 को दंपत्ति संपर्क पखवाड़ा एवं 28 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2020 पुरूष नसबंदी पखवाडा आयोजित है। दंपत्ति संपर्क पखवाड़ा के दौरान क्षेत्र के समस्त आर.एच.ओ. (पुरूष), आर.एच.ओ. (महिला) महिला पर्यवेक्षक, पुरूष पर्यवेक्षक, शहरी क्षेत्र मितानिन एवं जिला समन्वयक मितानिन द्वारा पुरूष नसबंदी हेतु हितग्राहियों का चयन कर सुची तैयार की जाएगी तथा पुरूष नसबंदी पखवाड़ा के दौरान सूचीबद्व हितग्राहियो को पुरूष नसबंदी सेवा प्रदान की जावेगी। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पोस्टर बैनर, दीवार लेखन, स्लोगन लेखन एवं स्वास्थ्य संस्थाओ की ओपीडी पर्ची में पुरूष नसबंदी पखवाड़ा मुहर (सील) के माध्यम से जन जागरूकता लाये जाने हेतु प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। विकासखण्ड स्तर पर हितग्राहियों को प्रोत्साहित किये जाने हेतु ''मोर मितान मोर संगवारी'' कार्यक्रम किया जा रहा है। इस वर्ष के लिए दिये गये स्लोग्न एवं नारा ''परिवार नियोजन में पुरूषों की साझेदारी जीवन में लाये स्वास्थ्य और खुशहाली'' है। जिला चिकित्सालय रामगढ़ मुंगेली, मातृ एवं शिशु अस्पताल 50 बिस्तर लोरमी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-पथरिया में पुरूष नसबंदी की सेवा हितग्राहियों को प्रदान की जावेगी। इस अवसर पर नगर पालिका के अध्यक्ष संतूलाल सोनकर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम.डी. तेदवें सहित डॉ. कमलेश खैरवार, डॉ. शिव पाल सिंह सिदार, डॉ. ज्वाला प्रसाद कौशिक एवं डॉ. सोनाली मेश्राम उपस्थित थे।

मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को सम्मानित किया

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

मितानिन सम्मान दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत खुर्शी के सरपंच रेखचंद कोशले के द्वारा समस्त मितानिन, आंगन बाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को साड़ी, फ ल, गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया गया, जिसमें मितानिन प्रशिक्षिका श्रीमती राजकुमारी यादव ,मितानिन गंगोत्री साहू ,मंजू लता पात्रे , अंजुला देवी अनंत ,सत्या बाई वैष्णव ,सतरूपा साहू ,अमोलबाई बारमते, कजला टंडन, राजेश्वरी पात्रे उक्त सभी मितानिन तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जमुना साहू ,हेम कल्याणी कोसले, दीप्ति टंडन, पार्वती कुर्रे ,एवं सहायिका मंजूलता रात्रे एवं भूरी बाई माहिरे को भी साड़ी,फल, गुलदस्ता से सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से उपसरपंच उत्तरा अनंत, पंचगण अयोध्या टंडन, दुखहरण यादव दीनासाहू , ईश्वर साहू, संदीप केशर , राम कुमार गंधर्व , रश्मिता खांडे , शिवकुमार घृतलहरे , चंदन अनंत, रूप दास कोसले, हरप्रसाद केसर , सचिव राम कुमार सोनवानी, पूर्व उपसरपंच सनत बाई अनंत , सुमन प्रसाद ,उमाशंकर बघेल , कमलकिशोर अनंत, प्रधान पाठक लखन लाल साहू, चंद्र प्रकाश टंडन, सुरेंद्र बारमते , एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे।

दहेज प्रताड़ना के दो अलग-अलग मामले उजागर

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

दहेज प्रताड़ना के दो अलग-अलग मामलों में कापू और चक्रधर नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म पंजीबद्ध कर लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना कापू में रविवार को महिला द्वारा उसके पति द्वारा मारपीट, प्रताड़ित किए जाने के संबंध में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज करायी है। महिला ने बताया कि पति और सास इसे नहीं रखना चाहते इसलिए दहेज की मांग करके मारपीट कर प्रताड़ित किया जा रहा है। पीड़िता बताई कि जब यह पहली बार गर्भ से थी तो इसके खाने में दवाई मिलाकर दिए जाने से इसका गर्भपात हो गया। वर्तमान में पांच महिने की गर्भवती है। महिला बताई कि पति कहता है कि ये रहेगी तो मैं नहीं रहुंगा घर छोड़कर चला जाउंगा। सास भी इसी कारण से डरा धमका कर प्रताड़ित करती है। जब इस बात की खबर इसके मायके को लगी तो ससुरालवालों को समझाईस दिए और समाजिक तौर बैठक कराए, लेकिन इस बात का उन पर कोई असर नहीं हुआ । कल इसका पति ससुरालवालों के सामने गर्भवती महिला ईलाज करने पर मना कर दिया और नहीं रखूंगा कहकर झगड़ा किया। महिला के आवेदन पर धारा 498 भादंवि का अपराध इसके पति के विरूद्ध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। इसी तरह की एक अन्य घटना में थाना चक्रधरनगर में 22 नवंबर को महिला द्वारा उसके ससुरालवालों के विरुद्ध दहेज की मांग कर प्रताड़ित करने के संबंध में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। महिला ने बताया कि वर्ष 2018 को सामाजिक रीति रिवाज के अनुसार नंदकिशोर पटेल ग्राम भेड़वन के साथ अघरिया भवन रायगढ़ में हुआ था। शादी में माता पिता अपने सामर्थ्य अनुसार सोना, चांदी के जेवर एवं घर गृहस्थी का सामान दिए थे। इसके अतिरिक्त पिताजी भविष्य के लिए 5 लाख रुपए इसके बैंक खाता में जमा किए हैं। पिता द्वारा मुझे 5 लाख रुपए दिए जाने की जानकारी जब इसके पति और ससुरालवालों को हुई तो शादी में कर्जा हो गया कहकर 5 लाख रुपए की मांग करने लगे नहीं देने पर ससुर सभी मानसिक रूप से परेशान कर अपमानित करने लगे जिसके कारण महिला बीमार हो गई। पति के ध्यान नहीं देने से मायकेवाले लेने आए। 11 नवंबर को इसका पति अ%छे से दाम्पत्य जीवन व्यतीत करना है तो 5 लाख रुपए देना पड़ेगा कहकर उसकी पत्नी को अपमानित किया। आवेदन पर महिला के पति, सास, ससुर, जेठ, जेठानी के खिलाफ धारा 498, 34 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

मोहल्ला कक्षा में चांपा सेवा संस्थान के अध्यक्ष मनोज मित्तल की सहभागिता

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर
www.dailypioneer.com

सदर बाजार चांपा में स्व बनवारी लाल शर्मा के मकान में संचालित मोहल्ला कक्षा में चांपा सेवा संस्थान के अध्यक्ष, हसदेव पब्लिक स्कूल के संचालक सदस्य, सिविल कांट्रेक्टर मनोज कुमार मित्तल ने अपनी सहभागिता दिया। उन्होंने कोरोना संक्रमण काल में बच्चों की शिक्षा के लिए मोहल्ला कक्षा को उत्तम प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि इस कक्षा में आप सभी लोग पढ़ाई के साथ साथ कोविड 19 के दिशनिर्देशों का भी अच्छे से पालन कर रहे हैं। इससे मुझे अत्यंत प्रसन्नता हुई है। आप सभी बच्चों से निवेदन है कि आप सभी पढ़ाई के साथ साथ अपने मोहल्लों में कोरोना के सम्बन्ध में जन जागरण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। आज की कक्षा का संचालन शासकीय टाउन पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षक अमर दास महंत एवं शिक्षिका संजू महंत ने किया। कक्षा संचालन के पश्चात मनोज मित्तल के सौजन्य से स्वल्पाहार में समोसा का वितरण सभी बच्चों को किया गया।

सतनाम संदेश यात्रा का छत्तीसगढ़ सतनाम महासंघ ने किया स्वागत

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

सतनाम संदेश यात्रा के प्रमुख,सतनामी समाज के जगतगुरु व छत्तीसगढ़ सरकार के केबिनेट मंत्री गुरू रूद्र कुमार जी का भव्य स्वागत गुरू घासीदास चौक बलौदा में छत्तीसगढ़ सतनाम महासंघ जिला जॉजगीर-चाम्पा के पदाधिकारियों के द्वारा किया गया जिसमें छत्तीसगढ सतनाम महासंघ जॉजगीर-चाम्पा जिलाध्यक्ष इंजी. संतोष प्रसाद, बलौदा ब्लाक के अध्यक्ष संजय कुमार पाटले, विरेन्द्र पाटले,दिलीप कुर्रे,उदयराज, उमेश लहरे, जगजीवन पाटले, घिरेद ,अशोक दिवाकर, दिनेश दिवाकर ,उदय पाल,खिलेश्वर लहरे, मनोज मिरी,रामलाल पाटले, तरूण, अरविंद आदि लोगों द्वारा स्वागत की गई।

महिला से छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

सारंगढ़ थाना में पुलिस चौकी कनकबीरा से सोमवार को प्राप्त बिना नम्बरी डायरी पर से असल धारा 354,456 आरोपी दिलीप साहू उर्फ दीपक साहू पिता ठण्डाराम साहू उम्र 27 वर्ष निवासी अमलीपाली चौकी कनकबीरा के विरूद्ध दर्ज किया गया है। आरोपी को कनकबीरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला 20 नवंबर की शाम के समय घर के बर्तनों को धोने के लिए आंगन में निकाल रही थी कि तभी मोहगे का दीपक साहू आकर इसके पति को पूछा तो महिला खाना खाकर कहीं गये है, बताई। तब दीपक साहू महिला को अकेली समझकर बुरी नियत से पकड़ लिया। महिला के शोर मचाने पर उसका पति जो खाना खाकर छत में टहल रहा था, लेकिन नीचे आया जिसे देखकर दीपक साहू भाग गया। महिला 22 नवंबर को पुलिस चौकी कनकबीरा में छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट पर बिना नम्बरी अपराध दर्ज कर चौकी प्रभारी उप निरीक्षक एमडी जायसवाल हमराह स्टाफ के साथ गांव जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर चौकी लाए जिसे रिमांड पर भेजा गया है।

भाजपा की बैठक संपन्न, प्रशिक्षण वर्ग को लेकर बनी कार्ययोजना

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी जांजगीर-चांपा जिला कार्यकारिणी की बैठक 24 नवंबर को जिला भाजपा कार्यालय जांजगीर में संपन्न हुई, जिसमें कार्यक्रम में मुख्य रूप से मार्गदर्शन हेतु प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं जिला प्रशिक्षण प्रभारी लखन लाल देवांगन, जांजगीर-चांपा लोकसभा सांसद गुहाराम अजगले, जांजगीर-चांपा विधायक नारायण चंदेल, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष निर्मल सिन्हा, जांजगीर-चांपा भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, पूर्व विधायक मेधाराम साहू, पूर्व विधायक अंबेश जांगड़े, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य लीलाधर सुल्तानिया, राजकुमार शर्मा, प्रमुख रूप से मंचस्थ रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय,डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता तथा अटल बिहारी वाजपेई के तैल चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन कर हुआ कार्यक्रम का मंच संचालन जिला भाजपा महामंत्री पुरुषोत्तम शर्मा ने करते हुए विस्तारपूर्वक बैठक पर प्रकाश डाला कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने देते हुए कहा कि हम सभी को आने वाले दिनों में प्रदेश भाजपा द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों का मंडल स्तर पर सक्रियता से क्रियान्वयन करना है, बैठक के दौरान प्रशिक्षण वर्ग के जिला प्रभारी दिनेश सिंह, सह प्रभारी राजू महंत, संजय रामचंद्र एवं कृष्ण कुमार सिंघसर्वा ने भी विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण वर्ग को लेकर जानकारी दी, तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में मंडल स्तर पर प्रदेश द्वारा निर्धारित व्यवस्था के अनुरूप व्यवस्थाएं करने की बात कही बैठक के दौरान मंडल स्तर पर अपेक्षित प्रशिक्षणार्थियों की सूची एवं अन्य विषयों पर भी तथा प्रशिक्षण के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा निर्धारित विषयों पर वक्ताओं को जिम्मेदारी देते हुए मंडल स्तर पर जाने की बात कही गई।

ड्यूटी से गैरहाजिर एवं ग्रामीण को धमकी देने वाले आरक्षक के विरुद्ध मामला दर्ज

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

पुलिस थाना शक्ति में पदस्थ आरक्षक गिरधारी कंवर 417 को ड्यूटी पर गैरहाजिर रहने एवं ग्राम सोंठी के एक ग्रामीण को जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किए जाने की शिकायत पर आरक्षक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामला विवेचना में लिया गया है, तथा आरक्षक क्योंकि ड्यूटी दिनांक से फरार है अतः उसे शीघ्र ही गिरफ्तार किया जाएगा, पुलिस थाना शक्ति से मिली जानकारी के अनुसार शक्ति थाने में पदस्थ आरक्षक गिरधारी कंवर 417 जिसकी ड्यूटी 16 नवंबर को शक्ति थाने में लगाई गई थी किंतु उपरोक्त आरक्षक ड्यूटी पर गैरहाजिर रहा एवं इसी बीच 23 नवंबर को शक्ति थाना अंतर्गत ग्राम सोंठी के निवासी प्रदीप कुमार पिता सम्मेलन यादव ने शक्ति थाने में आकर एक रिपोर्ट दर्ज कराई कि पुलिस थाना शक्ति का आरक्षक गिरधारी कंवर द्वारा उसे तुम मेरा मोबाइल रख लिए हो कहकर जान से मारने की धमकी देते हुए अश्लील गाली गलौज किया है, जिस पर पुलिस थाना शक्ति में आरक्षक गिरधारी कंवर के खिलाफ अपराध क्रमांक 414, 2020 एवं भादवि की धारा 294, 506, 323 लगाकर मामला विवेचना में लिया गया है, तथा उक्त आरक्षक 16 नवंबर से ही चूंकि गैरहाजिर है, तथा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वैधानिक रूप से उसकी वैधानिक गिरफ्तारी कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पंचायत सचिव रीतु ठाकुर निलंबित

रायगढ़। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने जनपद पंचायत रायगढ़ ग्राम पंचायत टारपाली की पंचायत सचिव रीतु ठाकुर को कारण बताओ सूचना पत्र का जवाब समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने, बिना अवकाश स्वीकृति के अपने कर्तव्य से अनुपस्थित रहने एवं उच्चाधिकारियों के आदेश/निर्देशों की अवहेलना करने तथा अपने पदीय कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के लिये प्रथम दृष्टिया दोषी पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में रीतु ठाकुर को जनपद पंचायत रायगढ़ में अटैच किया गया है तथा इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन-निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को निराकरण के दिए निर्देश

वास्तविक हकदार को मिले आवास का लाभ : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर भीम सिंह ने जन-चौपाल में लोगों की समस्यायें सुनकर निराकरण के निर्देश दिए। सारंगढ़ विकासखण्ड के डडाईडीह से मनटोरी निषाद ने कलेक्टर के समक्ष अपनी समस्या बताते हुए कहा कि मेरे लिये स्वीकृत हुआ आवास का लाभ गांव के ही मनटोरी बरेठ को मिल गया। जबकि उसकी वास्तविक हकदार मैं हूं। कलेक्टर भीम सिंह ने तत्काल सीईओ जनपद सारंगढ़ को निर्देशित किया कि प्रकरण की जांच कर मूल हकदार को उसका लाभ दिया जाए। सीईओ जनपद ने बताया कि वर्तमान में लाभान्वित महिला से आवास की राशि लेकर आवेदिका को दिलवाया जाएगा। सारंगढ़ विकासखण्ड के ही ग्राम बड़े घोटला के कीर्तिपाल ने कलेक्टर भीम सिंह को बताया कि वहां के पंचायत सचिव द्वारा पात्र लोगों को पेंशन योजनाओं का लाभ नहीं दिया जा रहा है। कलेक्टर ने सीईओ जनपद सारंगढ़ को उक्त प्रकरण में जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। तमनार विकासखण्ड के बागबाड़ी से सरोज बेहरा ने जनचौपाल में पहुंचकर अपनी समस्या से अवगत कराया कि उसे निराश्रित पेंशन मिल रहा था, लेकिन एक वर्ष से पेंशन नहीं मिल पा रहा है। कलेक्टर भीम सिंह ने तत्काल समाज कल्याण अधिकारी को मौके पर बुलवाकर महिला के पेंशन भुगतान करवाने के निर्देश दिए। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर भीम सिंह से मिलकर अपनी राशन कार्ड निर्माण, भू-राजस्व संबंधी प्रकरण लोन, समाज कल्याण व अंत्यावसायी विकास से जुड़ी समस्यायें रखी। कलेक्टर भीम सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर उन्हें अवगत कराए।

विद्यार्थियों को सोशल डिस्टेंस का पालन करने की जानकारी दी जा रही

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली (लोरमी)
www.dailypioneer.com

पढ़ाई तुहर दुआर को सफल बनाने में जुटे ग्राम खैरवार कि शिक्षित युवा लोरमी एक और जहां कोविड-19 अपने संक्रमण के कारण सभी लोगों को परेशान कर रहा है वहीं दूसरी ओर शासन प्रशासन और जागरूक लोगों के द्वारा इससे बचाव के कार्य करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य किया जा रहा है।

इसी क्रम में जिला मुंगेली के ब्लॉक लोरमी ग्राम खैरवार प्राथमिक और माध्यमिक कक्षा के विद्यार्थियों को सोशल डिस्टेंस का पालन करने की जानकारी दी जा रही है साथ ही समय-समय पर हाथ पैर को धोने और घर से बाहर निकलने पर अनिवार्य रूप से मार्क्स लगाने के लिए बच्चों को जागरूक करते ग्राम की शिक्षित युवा छत्रपति बघेल एवं उनके साथी संजय जांगड़े नजर आ रहे हैं।

छत्तीसगढ़ तकनीकी विद्यापीठ

Established Under CG Registration Society Act-1973 Govt of Chhattisgarh

विभागीय प्रमोशन हेतु बी.एड.

राज्य एवं केन्द्र शासन के ऐसे शिक्षक जो बी.एड. (B.Ed.) करने के इच्छुक है, आवेदन पत्र आमंत्रित हैं, यह पाठ्यक्रम राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद NCTE, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग UGC, राज्य एवं केन्द्र सरकार से उच्च शिक्षा हेतु मान्यता प्राप्त बी.एड. (B.Ed.) पाठ्यक्रम है।

बी.एड. - पार्ट टाईम (अंशकालीन)

प्रवेश	योग्यता	अवधि
बी.एड. अंशकालीन बैचलर ऑफ एजुकेशन	(केवल राज्य एवं केन्द्र शासन में कार्यरत शिक्षकों हेतु) स्नातक 50% अंको के साथ एस.सी. / एस.टी. / ओबीसी - 45%	3 वर्ष

RECOGNIZED BY -

- Ministry of Human Resource Development, Govt. of India (MHRD)
- National Council for Teachers Education (NCTE)
- Union Public Service Commission (UPSC)
- Association of Indian Universities (AIU)

छ.ग. राज्य में सबसे कम फीस
DCA - 6100/-
PGDCA - 6700/-

छ.ग. राज्य शासन द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य पाठ्यक्रमें जिसमें प्रवेश प्रारंभ है -

COURSES OFFERED

ENGINEERING & TECHNOLOGY

B.E.
CS | EC | IT
MECHANICAL | CIVIL
ELECTRICAL & ELECTRONICS

M. TECH.
CS
VLSI
CIVIL
THERMAL ENGG.
PRODUCTION ENGG.
WIRELESS & MOBILE COMM.
POWER SYSTEM

DIPLOMA
CIVIL ENGG.
MECHANICAL ENGG.
ELECTRONICS & ELECTRICAL ENGG.

MANAGEMENT
MBA** | BBA**
PGDRD* | M.PHIL. (MANAGEMENT)

COMMERCE
B.COM.
B.COM. (COMPUTER APP.)**
M.COM. **
M.COM. (TAXATION)
M.COM. (MANAGEMENT)
M.PHIL. (COMMERCE)
B.COM. (HONS.)#

EDUCATION
B.Ed | B.Ed (Part time)
B.PEd* | M.Ed

COMPUTER SCIENCE & I.T.
DCA** | PGDCA**
BCA** | B.Sc. (IT)**
B.Sc. (CS) | M.Sc. (IT)**
M.Sc. (CS) | M.Phil. (IT)
M.Phill. (CS) | MCA#

Lowest fees in
DIPLOMA Engg.
Civil, Mechanical, Electrical, Electronics
B.Tech
Civil, Mechanical, Electrical, Electronics
M.Tech
M.Phil
Ph.D

LAW
B.A (L.L.B.) | L.L.B. | L.L.M.

ARTS
B.A. | M.A. (Hindi, English, History, Political Science, Sociology)**
MSW** | B.Lib.Sc.**
M.Lib.Sc.**
M.Phil. (Hindi, English, History, Political Science, Sociology)
B.A. (Hons.)#

PARAMEDICAL
Bachelor of Physiotherapy
Diploma in Medical Laboratory Technician
Certificate in
Naturopathy | X-Ray Technician
Operation Theatre Technician |
C.T.M.R.I.

YOGA
B.Sc. | M.Sc.
PG Diploma / Diploma
Certificate in Yoga

NURSING
B.Sc. | GNM

B.Voc#
RETAIL MANAGEMENT & IT

• DMLT • BMLT
• D.PHARMA
• B.PHARMA
• BP.Ed. • MP.Ed.

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें :- **CALL - 626 0091 626**

छत्तीसगढ़ तकनीकी विद्यापीठ
10 इन्स्टीट्यूशनल एरिया, मुखर्जी हॉस्टल के पास, शासकीय साईंस कॉलेज कैम्पस, रायपुर (छ.ग.)

श्वेता सोनी - 780 4045 227
अनुपमा पाण्डेय - 910 9268 306
प्रभात पाण्डेय - 930 0803 990

Email : ctv.raipur@gmail.com

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403